सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 246



12 अगले वर्ष नक्सलवाद जड़ से होगा समाप्त

रोजा का समय
सेहरी (23.03.2025): 04.28 बजे
इफ्तार (22.03.2025): 06.02 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# क्रिकेट का सबसे बड़ा पर्व आइपीएल आज से

## कोलकाता में केकेआर और आरसीबी में पहली भिड़ंत, उदघाटन समारोह में कई फिल्मी सितारे जलवा बिखेरेंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत के सबसे बड़े धर्म क्रिकेट का सबसे बड़ा त्योहार यानी आइपीएल 2025 का रोमांच 22 मार्च से शुरू हो जायेगा। आइपीएल के 18वें सत्र का शनिवार को इसका रंगारंग आगाज हो जायेगा। आइपीएल 2025 का आगाज गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मुकाबले से होगी।

यह मैच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस स्टेडियम पर शाम 7.30 बजे शुरू होगा और टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम 7.00 बजे होगा। मैच के दौरान बारिश की संभावना जतायी गयी है। मैच से पहले उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के कई सितारे अपना जलवा बिखेरेंगे। फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जायेगा।



**दस टीमें, 13 शहर और 74 मैच :** आईपीएल 2025 में टूनामेंट में पिछले सीजन की तरह 10 टीमें खिताब के लिए लड़ रही हैं। कुल 74 मैच खेले जायेंगे। लीग स्टेज में 70 मैच होंगे। सभी 10 टीमें लीग स्टेज में 14-14 मैच खेलेंगी। सभी मैच कुल 13 शहरों में होंगे। ये शहर हैं- लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, बेंगलुरु, न्यू चंडीगढ़, जयपुर, कोलकाता और धर्मशाला।

### उद्घाटन समारोह में ये सितारे रहेंगे

आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल, पंजाबी गायक करण अहूजा और बॉलीवुड की अभिनेत्री दिशा पाटनी शामिल होंगी और प्रस्तुति देंगी। उद्घाटन समारोह स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देखा जा सकेगा।

### मुंबई-चेन्नई के नाम सर्वाधिक खिताब

केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आइपीएल 2024 का खिताब जीता था, लेकिन उसके कप्तान श्रेयस अय्यर अब पंजाब को लीड करते दिखेंगे। सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के नाम है।

### मैच पर बारिश का साया

बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि उद्घाटन समारोह मैच शुरू होने से पहले होगा और 35 मिनट तक चलेगा। टॉस से पहले कार्यक्रम शुरू होगा। मैच के दौरान बारिश की संभावना है ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उद्घाटन समारोह या मैच में किसी तरह बाधा ना आये। गांगुली ने कहा, बीसीसीआइ ने हमें उद्घाटन समारोह के लिए 35 मिनट का वक्त दिया है। इस दौरान हमें पूरा कार्यक्रम आयोजित करना होगा, जैसा कि हर साल होता है।

## न्यूज डायरी

### पत्नी की हत्या कर पति ने भी कर ली खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** आपसी झगड़े के चलते पति ने पहले पत्नी की हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। घर से 1 किलोमीटर दूर पति का शव मिला। घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र के ईटको गांव की है। पुलिस के मुताबिक पति ने पहले पत्नी की हत्या की और बाद में खुद भी सुसाइड कर लिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि घटना की असल वजह क्या रही है।

### बेहतर इलाज के लिए वित्त मंत्री दिल्ली भेजे गये

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया है। एयरपोर्ट स्थित स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। दो दिन पहले अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली स्थित मेडिका में रेफर कर दिया है।

### भाजपा चंपई दा का कर रही अपमान : शिक्षा मंत्री

**रांची।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने भाजपा पर अपने दल में शामिल आदिवासी नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात में रामदास सोरेन ने कहा कि भाजपा ने चंपाई सोरेन को सीएम बनाने व बेटे को मंत्री बनाने का प्रलोभन देकर पार्टी में शामिल किया था। पर ऐसा हुआ नहीं, अब स्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने भाजपा पर आदिवासी नेताओं को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के अंदर जो भी आदिवासी नेता हैं उन्हें केकड़ा बनाकर रख दिया गया है।

### भाजपा के 18 विधायक छह माह तक निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी का अनादर करने और अभद्र व्यवहार करने के कारण शुक्रवार को छह महीने के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। सत्ता पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया है। विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने इन 18 विधायकों को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की।

# बारिश, ओला, तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

## फसलें बर्बाद, मंत्री ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट मांगी

### किसानों को मुआवजा देने का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पिछले 24 घंटों में राज्य के तमाम इलाकों में तेज आंधी, बारिश और आलावृष्टि से खेलों में लगीं फसलें बर्बाद हो गयी हैं। मौसम में बदलाव से आम लोगों को तो गर्मी से थोड़ी राहत है,पर किसनों की कमर टूट गयी है। उन्हें भारी क्षति उठानी पड़ी है। तेज हवा, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ साथ ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान को ले कर मंत्रियों ने किसानों को राहत देने की बात कही है।



शुक्रवार को भी आसमानी बिजली गिरने से अबतक एक व्यक्ति की मौत और कई के घायल होने की खबर है। 20 मार्च की शाम से ही रांची और आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश के साथ साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 13.8 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगे हैं : सीएम

# जीवन शैली बदलें, कई घातक बीमारियों से बचें

### बीमारियों की पहचान व इलाज को ले हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव और जेनेटिक कारणों से डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रही हैं। इन बीमारियों का सामना आज हर घर में किया जा रहा है। यदि हम अपनी स्वास्थ्य संबंधी आदतों में सुधार नहीं करेंगे, तो ये बीमारियां हमारे जीवन के लिये गंभीर खतरा बन सकती हैं।




सीएम शुक्रवार को विधानसभा में स्पीकर डॉ रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ द्वारा आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिजीज थ्रू हेल्दी डाइट्स कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**जीवन शैलीबदलना जरूरी :** सीएम श्री सोरेन ने कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना जरूरी है।

(शेष पेज 11 पर)

### खानपान में करें मिलेट्स का उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल की नई बीमारियों का एक मुख्य कारण हमारा खानपान है। जंक फूड्स का अधिक सेवन बच्चों को बीमार बना रहा है। हमें अपने खानपान में लोकल इंडिजिनस फूड्स (मिलेट्स) का उपयोग करना चाहिये। बच्चों को जंक फूड्स के बजाय हेल्दी डाइट्स देना चाहिए। कई बच्चों में जन्म के समय से ही विभिन्न बीमारियां होती हैं। यदि इन बीमारियों का समय पर इलाज नहीं किया जाता, तो बच्चे की स्थिति गंभीर हो सकती है। नवजातों में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच और इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस दिशा में सरकार ने कई ठोस कदम उठाये हैं।

## चिकित्सक नियुक्ति मामले में सीबीआइ को हाइकोर्ट का निर्देश

# सीलबंद आंसर शीट पेश करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2008 में हुई चिकित्सक नियुक्ति परीक्षा की आंसर शीट सीलबंद कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश सीबीआई को दिया है।

जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को प्रतिवादी बनाया और प्रार्थी की आंसर शीट कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। इस संबंध में डॉ नकुल यादव ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2008 में चिकित्सक नियुक्ति परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक लाने के बावजूद जेपीएससी ने उनका चयन नहीं किया। प्रार्थी ने कोर्ट से उत्तर पुस्तिका पेश करने का आग्रह किया।

### चार सप्ताह का समय

जेपीएससी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी की दिल्ली की टीम इस मामले की जांच कर रही है। सभी उत्तर पुस्तिकाएं सीबीआई ने जब्त की हैं। इस पर अदालत ने सीबीआई को प्रतिवादी बनाते हुए चार सप्ताह में उत्तरपुस्तिका सीलबंद कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

# बहुत जानकार हैं सोनू, हर बात पर फुदकते हैं : इरफान

## अंसारी, मर्यादा में रह कर जवाब दें : सुदिव्य

### सदन में दो मंत्रियों के बीच नोंकझोंक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कार्यकारी संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू के बीच हुई बहस से सदन का माहौल गर्म हो गया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की ओर से गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज के मुद्दे पर सवाल-जवाब के दौरान दोनों मंत्रियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सुदिव्य सोनू की एक टिप्पणी पर जवाब देते हुए कहा कि वे बहुत जानकार हो गये हैं। इस कारण वह हर बात पर फुदकने लगते हैं। इस पर सुदिव्य कुमार सोनू ने भी कहा, श्री अंसारी मर्यादा में रह कर ही कोई बात कहें। विधायक प्रदीप यादव ने भी सुदिव्य सोनू का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे संसदीय कार्य की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।





तारांकित प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने का मुद्दा उठाया। इस सवाल का जवाब इरफान अंसारी ने दिया। इरफान अंसारी जामताड़ा से विधायक हैं। उन्होंने प्रदीप यादव से कहा कि आप पांच बार के विधायक हैं। अभी तक आप नर्सिंग कॉलेज नहीं बनवा सके। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मंत्री इरफान अंसारी के जवाब पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सवाल को ठीक से पढ़ लीजिये। गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज बनकर तैयार है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि वहां पढ़ाई कब से शुरू होगी। साथ ही यह भी बतायें कि यह कॉलेज कब बना है। इसके बाद प्रदीप यादव का सवाल सुनकर मंत्री इरफान अंसारी ने थोड़ा अटपटा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आप ही बता दें, यह कब बना है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री का जिम्मा संभाल रहे सुदिव्य कुमार सोनू उठे। उन्होंने कहा कि ऑब्जेक्टिव जवाब देना चाहिए।

### आज रांची बंद , चक्का जाम प्रशासन ने दी चेतावनी

**रांची।** सिरम टोली फ्लाईओवर को लेकर सरना समिति ने शनिवार को रांची बंद का एलान किया है। बंद की पूर्व संध्या पर समर्थकों ने शुक्रवार को शहर में मशाल जुलूस निकाल कर बंद में सहयोग की अपील की। समर्थकों ने कहा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा। आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया है। वहीं रांची में बंद को लेकर रांची पुलिस प्रशासन सतर्क है। बंद समर्थकों को चेतावनी दी गयी है कि अगर उन्होंने बंद के दौरान कोई भी गैर कानूनी कार्य किया तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि अगर किसी भी प्रकार का कोई भी गैर कानूनी कार्य किया जाता है तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 104000 रु./प्रति किलो |




# भारत का कोयला उत्पादन 1 अरब टन, पीएम बोले गर्व की बात

### भारत ने रचा इतिहास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को देश की एक अरब टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने कहा, भारत ने इतिहास रच दिया। 1 अरब टन कोयला उत्पादन का मील का पत्थर पार कर लिया। यह देश के लिए गर्व का क्षण है। इससे पहले केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने की जानकारी दी है।

पीएम ने भारत की उपलब्धि की सराहना की और ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।




**आत्मनिर्भर भारत :** पीएम मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, इस उपलब्धि से भारत के ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूती मिलने और आयात पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लिए गर्व का क्षण! यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।

### बिजली की बढ़ती मांग पूरी होगी

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कोयला उत्पादन का देश ने बड़ा आंकड़ा पार कर लिया है! अत्याधुनिक तकनीकों और कुशल तरीकों से, हमने न केवल उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि टिकाऊ और जिम्मेदार खनन भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारी बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करेगी। आर्थिक विकास को गति देगी और पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हर भारतीय के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेगी। इस सप्ताह की शुरूआत में, केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली क्षेत्र को 906.1 मिलियन टन) कोयले की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा। कोयला मंत्रालय ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए कोयले की आवश्यकताओं के संबंध में बिजली मंत्रालय के अनुरोध के बाद संसद के साथ इस योजना को साझा किया। मंत्रालय एक प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बाजार बनाने तथा क्षेत्र को और आधुनिक बनाने के लिए कोयला व्यापार एक्सचेंज की स्थापना पर भी विचार कर रहा है।

# ओडीएफ का टारगेट राज्य में मात्र 25% ही पूरा

### स्थिति चिंताजनक लक्ष्य पाने की ठोस रणनीति बनानी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड में ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त अभियान) की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले राज्य में सिर्फ 25% कार्य ही पूरा हो सका है। यह आंकड़ा स्वच्छ भारत मिशन के तहत झारखंड में शौचालय निर्माण और स्वच्छता को लेकर किये गये प्रयासों पर सवाल खड़े करता है। इस मामले पर राज्य के स्वच्छता विभाग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर नितिन कुमार से हजारीबाग सर्किट हाउस में खबर मन्त्र संवाददाता ने बातचीत की। जिले में ओडीएफ की स्थिति का ज्यादा लेने वह हजारीबाग आये थे।

**ठोस नीति बनानी होगी :** बातचीत में उन्होंने कहा कि ओडीएफ के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रशासन को ठोस रणनीति अपनानी होगी। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने अभियान को सफल बनाने की कई योजनाएं चलायी, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर उम्मीद के मुताबिक नहीं दिखा।

(शेष पेज 11 पर)

## साक्ष्य के अभाव में सुदेश महतो बरी

रांची। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े सात साल पुराने मामले में आरोपी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। शुक्रवार को एमपी–एलएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने मामले में सुदेश महतो को बरी किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता भरत चंद्र महतो ने बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था लेकिन, घटना को साबित नहीं किया जा सका। मामले को लेकर 7 मई 2018 को कोतवाली थाने में सुदेश महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सिल्ली उपचुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप था।

**जदयू नेता संतोष कुमार सोनी का आरोप**

## खाद्य आपूर्ति विभाग व ठेकेदार की मिली भगत से करोड़ों का घोटाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के द्वारा मिली भगत करके राज्य सरकार का करोड़ों रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। उन्होंगे कहा है कि राज्य में 24 जिलों का टेंडर हुआ जिस जिले में ज्यादा रेट में टेंडर हुआ उसको तुरंत एग्रीमेंट करके वर्क आर्डर दे दिया गया, क्योंकि उस जिला में पहले कम रेट में काम चल रहा था और जीस जिला में कम रेट में टेंडर हुआ और पहले ज्यादा रेट में था और अभी आधा रेट में टेंडर हुआ जैसे चतरा, रामगढ़ है उस जिला का एग्रीमेंट नहीं करके पुराना रेट में ही एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन दिया जा रहा है। जबकि टेंडर की अवधि 120 दिन का ही था, जो महीनों पर हो गया है।

उन्होंने कहा है कि नियम के अनुसार उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर के या तो किसी बगल जिला को टैग किया जाता है या नहीं तो टेंडर में जो एल-2 होता है उसे टेंडर दिया जाता है। उन्होंने कहा है कि इसके साथ ही कई ऐसे जिला भी है जिसमें सिंगल बीड पर ही टेंडर दे दिया गया जैसे धनबाद, गोड्डा, गुमला या तो यहां पर सेकंड पार्टी को धन से या बाल से दबाया गया है तभी वह लोग टेंडर में बोली नहीं लगा पाए यह जांच का विषय है। उन्होनं कहा है कि यदि राज्य खाद आपूर्ति के प्रबंध निदेशक अभिलंब कार्रवाई नहीं करते हैं तो मुझे उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा।

**विधानसभा के बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच प्रश्नकाल**

# सीएनटी-एसपीटी को विधानसभा नहीं कर सकती संशोधन : दीपक बिरूआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक सवाल के जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सीएनटी और एसपीटी को विधानसभा संशोधित नहीं कर सकती है। न्यायालय प्रतिकूल निर्णय नहीं दे सकता है और ना ही कोई सक्षम विधानसभा की शक्ति के अधीन रहते हुए इसे संशोधित किया जा सकता है। वे सदन में राजेश कच्छप के सवाल का जवाब दे रहे थे।

इधर, स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा के राज सिन्हा के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। राज सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है। इसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गई। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल 99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किये गये, जिसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 842297 महिला लाभान्वित हुई।

**प्रश्नकाल के दौरान हेमलाल मुर्मू ने अपनी सरकार के मंत्री को घेरा**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिल्डिंग और गेट बनाने से नहीं होगा। रिनपास को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलायें। प्रभारी निदेशक के भरोसे ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची के कांके को मेंटल हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब तो टेली मेडिसिन भी नहीं हो रहा है, दवा भी उपलब्ध नहीं है। इसपर इरफान अंसारी ने कहा कि टेली मेडिसिन की सुविधा देंगे, तुरंत चमत्कार नहीं हो सकता है। सभी जिले में दवा उलब्ध है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 54 करोड़ 90 लाख रूपये से रिनपास के भवन का निर्माण होगा। इधर, कांग्रेस विधायक ममता देवी के सवाल पर सरकार ने सदन में आश्वासन दिया कि सिपाही की भर्ती



परीक्षा पर जल्द निर्णय लिया जायेगा। प्रभारी मंत्री ने सदन को बताया कि कतिपय विसंगतियों के कारण भर्ती परीक्षा स्थगित की गई थी। अब उन जटिलताओं को दूर कर लिया जा रहा है। सरकार जल्द निर्णय लेगी।

ममता देवी ने अपने ध्यानाकर्षण के माध्यम से यह पूछा था कि 4919 पदों के लिये 22 जनवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। हजारों युवकों ने आरक्षी पद के लिये आवेदन किया था। लेकिन, इसे बीच में स्थगित कर दिया गया। इसके लिये कई कारण बताये गये। संयुक्त भर्ती नियमावली बनाने की बात कही गई। अब संयुक्त भर्ती नियमावली भी बन गई है। सरकार को युवाओं के हित में जल्द निर्णय लेना चाहिये।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 करोड़ से अधिक की अनुदान मांग पारित

- भोजनावकाश के बाद चर्चा में पक्ष-विपक्ष के कई सदस्यों ने हिस्सा लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सदन में शुक्रवार को चर्चा पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री पर योगेंद्र प्रसाद ने विभाग की उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से खुदाई करके कोई भी पानी का व्यापारीकरण नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 25-26 वित्त वर्ष में पुरानी 436 योजनाओं को पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग वर्ष 2024.25 के अपने निर्धारित 2700 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 20 मार्च 2025 तक 2681 करोड रुपये की राजस्व वसूली कर ली है। बाद में सदन ने भाजपा के सीपी सिंह की ओर से लाए गए कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 अरब 10 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही स्पीकर रबीद्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शनिवार को 10 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

## जमीन की खरीद-बिक्री के लिए एलपीसी नहीं अनिवार्य : दीपक बिरूआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अब जमीन की खरीद बिक्री के लिए एलपीसी अनिवार्य नहीं होगा। सिर्फ खतियान, म्यूटेशन का करेक्शन स्लिप से ही जमीन की खरीद बिक्री की जा सकेगी। कहीं भी रोक नहीं है। वो सदन में प्रदीप प्रसाद के सवाल का जवाब दे रहे थे। इसके बाद एकेडेमिक के लिये प्रयास करेंगे। यूनिवर्सिटी के लिए भी प्रयासरत हैं। लुईस मरांडी ने दुमका के रामगढ़ प्रखंड में आइटीआइ की स्थापना का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में आइटीआई की स्थापना की जायेगी।


**Affidavit**

I Roshan Singh (Aadhar No. 4563 1722 7762), S/o Pramod Kumar Singh, Permanent Resident of Near Samudayik Bhawan, Tupudana, Post-Hatiya, Distt- Ranchi, Jharkhand-834003, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian Citizen and Residing at above mentioned address.
2. That my name 'Roshan Singh' is true and correct but unfortunately my name becomes 'Digvijay Singh' in my Aadhar Card.
3. That both 'Roshan Singh' and 'Digvijay Singh' are the name of same person who is me.
4. That I am making this Affidavit for the purpose of changing my name in my Aadhar Card.
5. That all the statements are above mentioned is and correct to the best of my knowledge and belief. If found wrong, I shall be responsible for it.

Ref. No. 355A (Dated-25-12-2024)

**शपथ पत्र**

Series No. 23-24/Sl 17946

समक्ष नोटरी पब्लिक, राँची।

मैं मो० शाहीद पिता-अरशद अयुब, ग्राम-कॉठीटॉड, रातु पोस्ट- रातु थाना- रातु जिला, पिन कोड 835222 (झारखण्ड) का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पुवर्क निम्न व्यान करता हूं, जो मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है :-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक एवं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तदिक नाम मो. शाहीद है। एवं सही जन्म तिथि-10/01/2005 ई. है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या-9319 6931 8042 निर्गत है। जिसमें मेरा घरेलु एवं पुकारू नाम मो. राज दर्ज है। एवं जन्म वर्ष-2004 दर्ज है। जो गलत है।
4. यह कि मो. शाहीद एवं मो. राज दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो में ही हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र में आधार कार्ड में मो. राज के स्थान पर सही नाम-मी. शाहीद एवं जन्म वर्ष 2004 के स्थान पर सही जन्म तिथि-10/01/2005 सुधार करवाने हेतू बना रहा हूँ।
6. यह कि उपरोक्त समस्त बाते सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर में जिम्मेवार होऊँगा।


## हवा में प्रश्न न करें, अखबार माध्यम से क्यों जांच करें : डॉ. इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को राज सिन्हा के सवाल का जवाब देते हुये इरफान अंसारी ने कहा कि जननी योजना में गड़बड़ी हुई है। जांच चल रही है। कार्रवाई का आदेश दिया गया है। 24 जिला में 31 करोड़ रुपये दिये गये हैं तो 50 करोड़ की अनियमितता कहां से हुई। उन्होंने कहा कि हवा में प्रश्न न करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। अखबार के माध्यम से क्यों जांच करें।

दरअसल, राज सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता हुई है। इसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर राशि खर्च कर दी गई। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल 99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किये गये। इसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 842297 महिला लाभान्वित हुई। कोडरमा एवं गोड्डा जिले में जननी सुरक्षा योजना के तहत बरती गयी अनियमितता से सबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**दुखी मन से कर रहा हूं आग्रह : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने स्पीकर से कहा कि दुखी मन से आग्रह कर रहा हूं। छठी बार मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं मिला। आसन को कठोर होना चाहिये। स्पीकर ने कहा कि जो-जो प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है, उसे लिखकर दें।

## पांच साल से भागे अपराधियों की लिखी जा चुकी है कुंडली : योगेंद्र

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को पेयजल, गृह, उत्पाद विभाग के अनुदान मांग पर बोले हुये मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमारी पुलिस ने पुरूषार्थ दिखाई है। पुरूषार्थ पर अंकुश विपक्ष लगाता है। 95 फीसदी जटिल केस का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है, जो अपराधी पांच साल से भागे हुये हैं उनकी भी कुंडली लिखी जा चुकी है। उनको भी अंदर जाना होगा। उन्होंने कहा कि अपराध की श्रेणी पर तय होगा कि इधर जाना है कि उधर। उत्पाद विभाग पर कहा कि वित्त वर्ष 2024.25 में 2700 करोड़ राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अब तक 2681 करोड़ रुपए की प्राप्ति हो चुकी है। इससे पहले जयराम महतो ने कहा कि हजारीबाग में होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया पूरी की जाये।

**गृह विभाग ने आवंटित किये 19.31 करोड़**

## चौकीदारों-दफादारों को मिलेगा वेतन, वर्दी भत्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चौकीदार और दफादारों के वेतन और वर्दी भत्ते के लिए 19.31 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दी गयी है। 19.31 करोड़ आवंटित राशि में से 19.14 करोड़ रुपये सात जिलों के चौकीदारों और दफादारों के वेतन के लिए हैं, जबकि तीन जिलों के लिए 16.62 लाख रुपये वर्दी भत्ते के लिए आवंटित किये गये हैं। जिला कोषागार से यह राशि निकाली जायेगी। गृह विभाग ने डीसी को निर्देश दिया है कि वे चौकीदारों और दफादारों को समय पर वेतन का भुगतान करायें।

**किस जिले को कितनी राशि मिली**

दुमका : 4 करोड़, लातेहार : 1.65 करोड़, बोकारो : 3.41 करोड़, गिरिडीह : 1.75 करोड़, जामताड़ा : 5.83 करोड़, रामगढ़ : 1.16 करोड़, कोडरमा : 1.33 करोड़।

**तीन जिलों के चौकीदार-दफादार के लिए वर्दी भत्ता आवंटित**

लातेहार : 4.52 लाख, जामताड़ा : 8.90 लाख, कोडरमा : 3.20 करोड़

**झारखंड में हैं 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार** : झारखंड में 10,000 चौकीदार और 200 दफादार हैं। हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है और उन्हें 20,000 रुपये वेतन मिलता है।


अल्पकालीन सूचना पटट निविदा हेतू अल्पकालीन सूचना

**महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**शुद्धि-पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–537/आपूर्ति, दिनांक–18.03.2025 के माध्यम से झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी अन्तर्गत 200(दो सौ) अदद बेड कॉट के क्रय हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में निविदा का प्रकाशन किया गया है, जिसका PR NO.-348642 Police(24-25)#D है। उक्त निविदा में संशोधन करते हुए 500(पाँच सौ) अदद बेड कॉट के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा समर्पित करने की तिथि दिनांक–22.03.2025 तक है। इच्छुक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता, न्यूनतम दर, कार्यालय अवधि के दौरान अद्योहस्ताक्षरी के नाम से उपलब्ध करा सकते हैं। निविदा संबंधी विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की गई है।

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा,
झारखण्ड, राँची

PR 348912 Police (24-25)_D


## ईडी ने आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव संजीव लाल के खिलाफ सरकार से अभियोजन स्वीकृति मांगी है। ईडी ने संजीव लाल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए लिखे पत्र के साथ उसकी गड़बड़ियों से संबंधित दस्तावेज भी भेजे हैं।

इससे पहले ईडी ने पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत जांच में मिली सूचनाओं को सरकार के साथ साझा करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी। हालांकि सरकार के स्तर से प्राथमिक दर्ज किये जाने की सूचना नहीं है। दरअसल ईडी ने संजीव लाल के घर और कार्यालय की तलाशी ली थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये नकद सहित चल और अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज जब्त किये थे।

इस मामले की जांच के दौरान ईडी ने ठेकेदार मुन्ना सिंह को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था। मुन्ना सिंह ने संजीव लाल को कमीशन के तौर पर 53 करोड़ रुपये वसूलकर देने की बात कही थी। पूछताछ के दौरान संजीव लाल ने कमीशन में अपने हिस्से के रूप में 2.05 करोड़ रुपये लेने की बात स्वीकार भी की थी, लेकिन उसने इस राशि के खर्च का कोई ब्योरा नहीं दिया था।

जांच में यह भी पाया गया कि संजीव लाल ने अपनी पत्नी रीता लाल के नाम पर खूंटी जिले में 3.56 एकड़ कृषि भूमि खरीदी है। ईडी ने इस जमीन के सिलसिले में रीता लाल से भी पूछताछ की, लेकिन वह पैसे के स्रोत के बारे में जानकारी नहीं दे सकी। जांच के दौरान संजीव लाल के खाते में भारी नकद राशि जमा होने की पुष्टि हुई थी। संजीव लाल की आमदनी और बैंक खाते में जमा राशि में बड़ा अंतर पाया गया था।

## गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं बाबूलाल : हेमलाल मुर्मू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी गलत पार्टी के चक्कर में पड़े हैं। इसलिए हम पहले ही भाग गये। धोखा देकर 12 बजे रात में बाबूलाल मरांडी का शपथ ग्रहण कराया। यहीं पर गड़बड़ हो गयी। उन्होंने कहा कि जब 1932 का मामला आया तो बाबूलाल को रास्ता दिखा दिया गया। हम तो झटक गये थे। इसलिये, इधर सटक गये। विपक्ष हर बात पर खोरचा लगाते रहेंगे। पीआईएल दाखिल करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पूरे देश के ऑइकॉन हैं। हम 1932 के पक्षधर हैं। इसे लागू करेंगे। हेमंत को रिपलेश करने की संभावना दूर दूर तक नहीं है। उन्होंने रघुवर दास पर निशाना साधते हुये कहा कि तत्कालीन सीएम ने लिट्टीपाड़ा में पेयजल आपूर्ति के लिये 217 करोड़ की योजना स्वीकृत की। इसका 70 फीसदी राशि खर्च हो गयी। पर एक बूंद पानी नहीं मिला। ये जांच का विषय है। ये लोग बाहर से फायर ब्रांड नेता को बुलाते हैं, जो अपने ढंग से चलाने का काम करते हैं। गायबथान भी फायर ब्रांड नेता गये थे। इन सब का मंसूबा खत्म हो गया।


**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**

(CIN : U40108JH2013SGC001702)

Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004, Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799

https://www.jbvnl.co.in

**E-Tender Notice No. 361_/PR/JBVNL/24-25**

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited, Engineering Building, HEC Admin, Dhurwa, Ranchi – 834004, Jharkhand invites E-tender for bid from eligible Bidders for Selection of agency for "Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL".

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted in the envelope containing all relevant documents as mentioned in the tender document.

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL. |
| 2 | Date of Publication of NIT on website | 24.03.2025 |
| 3 | Date of Pre-Bid Meeting / Time | 28.03.2025 / 03.00 PM |
| 4 | Last Date / Time for receipt of bids | 14.04.2025 / 04:00 PM |
| 5 | Date and Time for Opening of Technical bid | 15.04.2025 / 01:00 PM |
| 6 | Tender fee (Non – Refundable) | Rs. 5000/- + GST |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,30,000/- |
| 8 | Contact email | itcelljbvnl@gmail.com |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (IT) JBVNL

PR 348985 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)D


## बड़कागांव खदान से बानादाग कोल साइडिंग तक हवाई कोल कन्वेयर बेल्ट के जरिये पहुंचेगा कोयला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग जिला के बड़कागांव से बानादाग रेल साइडिंग तक काले हीरे के आसमानी सफर की शुरूआत होने जा रही है। इसे लेकर एनटीपीसी युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। जिससे खदान से सीधे कोयला बानादाग कोल साइडिंग तक पहुंचाया जाएगा। नए वित्त वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक महीने से ही हवाई कोयला कन्वेयर बेल्ट से भेजा जाएगा। एनटीपीसी बड़कागांव में कोयला का उत्पादन कर देश के कई राज्यों तक ऊर्जा उत्पादन के लिए कोयला पहुंच रहा है।



**एशिया का सबसे लंबा कन्वेयर बेल्ट** : एनटीपीसी के पकरी बरवाड़ी के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने बताया कि यह एशिया का सबसे लंबा कन्वेयर बेल्ट है। जिसकी लंबाई 22 किलोमीटर है। मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट एंड फॉरेस्ट की ओर से निर्देश प्राप्त है कि जो भी कोयला उत्पादन होगा वह कन्वेयर बेल्ट के जरिए ही कोयला साइडिंग तक भेजना है। एनटीपीसी का कहना है कि कन्वेयर बेल्ट के शुरू होने से प्रदूषण कम होगा, ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बचेगा। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर जो हमेशा सवाल खड़ा होता है उस समस्या का भी खुद-ब-खुद समाधान हो जाएगा। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि इसको लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। नए वित्त वर्ष के पहले ही माह में यह सुविधा शुरू हो जायेगी।

**कन्वेयर बेल्ट से होगी सुविधा**

1 अप्रैल से 3 एमएमटी कोयले को सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा। शेष प्रोडक्शन को कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ही ले जाएंगे। इससे आसपास के इलाकों में सड़क मार्ग से हो रहे प्रदूषण कम होंगे और निश्चित तौर पर आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी।

31 जनवरी, 2025 तक परियोजना ने कुल 14.48 मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल किया, जो वित्त वर्ष के लक्ष्य का 85.15 प्रतिशत है। अब तक कोयले का डिस्पैच कुल 3,854 रैक के साथ 85.02 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर चुका है। विशेष रूप से जनवरी 2025 में परियोजना के इतिहास में सबसे अधिक कोयला उत्पादन और ओवरबर्डन हटाया गया है जो क्रमशः 1.64 एमएमटी और 7.46 एमसीएम है। जनवरी में बानादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वें रैक डिस्पैच किया है जो गौरव की बात है। 2025-26 में 18 मिलियन मेट्रिक टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित की है।

यह यह एक महत्वपूर्ण सवाल है कि कन्वेयर बेल्ट चलने के बाद बड़कागांव से बानादाग कोल साइडिंग तक लगभग 520 हाइवा ट्रक प्रतिदिन तीन ट्रिप करते हैं। ऐसे में लगभग 1200 ट्रिप हाइवा प्रतिदिन करता है। जिससे लगभग 8 से 10 रैक कोयला विभिन्न ऊर्जा संयंत्र तक पहुंचाया जाता है। अगर कन्वेयर बेल्ट शुरू हो जाएगा तो हाइवा मालिक और जिन लोगों को रोजगार मिला है उन्हें परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है।

## चतरा में आंगनबाड़ी सेविका की नयी नियुक्ति पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चतरा के सिमरिया प्रखंड के सीडीपीओ के आंगनबाड़ी सेविका की नियुक्ति रद्द कर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। सोनी कुमारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने गुरुवार को इस मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि सिमरिया की पगार पंचायत के आंगनबाड़ी में सहायिका के पद पर 4 जनवरी 2025 को सोनी कुमारी का चयन आमसभा से किया गया, लेकिन, 5 जनवरी को ही सीडीपीओ सोनी कुमारी के चयन को रद्द कर नए सिरे से चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया जा रहा है, जो गलत है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का स्थापना दिवस हर साल 17 सितम्बर को मनाया जाता है। इस दिन समाज के संस्थापक सदस्यों द्वारा समाज की नींव रखी गई थी, और यह दिन समाज के गौरव और परंपराओं को याद करने का दिन होता है। विश्वकर्मा समाज भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विशेष रूप से शिल्पकला, निर्माण कार्य और हस्तकला में माहिर होते हैं। यह समाज विश्वकर्मा देवता के पूजक होते हैं, जिन्हें शिल्पकला, निर्माण और वास्तुकला के देवता माना जाता है। समाज का प्रमुख उद्देश्य अपने समाज के लोगों को एकजुट करना और उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना है।

# एग्रिको मैदान से कल दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर निकलेगी भव्य शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली जाने वाली यह यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा इस साल पुनः 23 मार्च रविवार को दसवें वर्ष में प्रवेश करते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ निकाली जा रही है। यह यात्रा दिन में 9.55 बजे एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकलेगी जो हर वर्ष की तरह एग्रीको गोलचककर, भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड से आर डी टाटा चौक होते हुए पुलिस लाइन में भी अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वापस एग्रीको मैदान में आकर समाप्त होगी। नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने आज शाम एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री काले ने बताया कि नमन शहीदों के सपनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को जीवंत बनाए रखने के लिए समर्पित संस्था है। इस मंच के माध्यम से हम समाज में प्रेम,भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह संस्था गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गई है जिसमें समाज के हर तबके और हर धर्म एवं समाज के गण्यमान व्यक्ति, चिकित्सक व्यवसायी, पत्रकार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, संपादक, मजदूर नेता तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं आदि की पूर्ण सहभागिता रहती है। यात्रा के दौरान मां भारती का एक रथ



कार्यक्रम की जानकारी देते मुख्य आयोजक अमरप्रीत सिंह काले।

आगे रहेगा। इसके अलावे चार झांकियां होंगी जिसमें बलिदानियों से संबंधित लाइव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। यात्रा सुचारु रुप से संचालित करने के लिए नमन की पूरी टीम जोशों खरोस से जुटी है। अगल अलग जिम्मेदारियां प्रदान करने के लिए अलग -अलग टीमें बनायी गयी हैं।

श्री काले ने बताया कि सन 2016 में देश में भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसी विध्वंसक नारेबाजी की गई थी। इस घटना के प्रतिकार में इस संस्था का गठन किया गया और सर्वप्रथम उसे वर्ष 2016 में हमने जमशेदपुर से अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा निकाली जो ऐतिहासिक रही। तब से हर वर्ष 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी के शहादत दिवस पर इस यात्रा को निकालने की परंपरा बन गई है।

श्री काले ने बताया कि 23 मार्च को लगातार10 वें वर्ष उक्त तिथि को हमारी संस्था ने यह यात्रा निकालने की तैयारी की है जिसमें आपका सदैव की तरह पूर्ण समर्थन, सहभागिता, सहयोग व आशीर्वाद की अपेक्षा है। यह यात्रा अत्यंत ही अनुशासित ही ढंग से निकाली जाती है जिसमें जमशेदपुर और आसपास के देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य सहित हजारों आम और खास लोग तथा विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा का नेतृत्व मां भारती का रथ करता है। यह यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से प्रातः 9:55 में प्रारंभ होती है। पूर्व में एक संक्षिप्त सभा में पूर्व सैनिक परिवारों सहित शहीद परिवारों का सम्मान किया जाता है। इस यात्रा का शहर में कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाता है। साथ ही यात्रा में शामिल देशभक्तों का भी स्वागत किया जाता है। इस दौरान पुलिस लाइन में ठहरकर शहीद स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी जाती है।

काले ने शहर की मातृशक्ति, नौजवानों, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, सभी वरिष्ठजनों व बुद्धजीवियों से जुड़ने की अपील की।

## स्पीड न्यूज



### गोविंदपुर के शंभू हत्याकांड का खुलासा, हत्यारोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर, गरुड़बासा में 17 मार्च को हुए शंभू हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के आरोपी तुषार कर्मकार को गिरफ्तार किया है। तुषार के पास से हत्या में प्रयुक्त खोखा बरामद हुआ, जिसे उसने मनपीटा साईं मंदिर के पास छिपा रखा था। इससे पहले पुलिस ने घटनास्थल के पास एक गली से पिस्टल, एक कारतूस और मैगजीन बरामद किया था।

### वरिष्ठ नागरिकों का विशाल धरना 30 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर 30 मार्च को शांतिपूर्ण ढंग से विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यह धरना रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को भाड़े में जो 40 प्रतिशत छूट मिलता था उसे सरकार ने कोरोना काल से बन्द कर दिया है,को फिर से बहाल कराने की मांग पर है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

### आज से लगेगा रेडक्रॉस का नेत्र शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 764वां नेत्र शिविर बर्जर पेन्ट समुह की कम्पनी एसटीपी लि. के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 से 24 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की कड़ी में नेत्र शिविरों के माध्यम से 200 लोगों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण होगा। 22 मार्च को दोपहर 2 बजे शिविर का उद्घाटन एसटीपी के हेड वर्क्स एस रवीन्द्र नाथ अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि 22 को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच होगी, वहीं 23 को नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण होगा तथा 24 को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोल अंतिम जांच कर दवा व चश्मा के साथ आंखों की देखभाल की जानकारी देकर उन्हें विदा किया जायेगा।

### कल रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर।** महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस 23 मार्च शहीद दिवस की स्मृति में भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शहीदों के सम्मान में रेड क्रॉस भवन में किया गया है। 23 मार्च को प्रातः 9 बजे रक्तदान शिविर का शुभारंभ रक्तदाताओं के रक्तदान के साथ होगा।

# टाटा स्टील कलिंगानगर में दुर्घटना नौ लोग घायल, मेडिका में हैं भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज सुबह लगभग 11:30 बजे टाटा स्टील कलिंगानगर के स्टील मेल्टिंग शॉप में एक दुर्घटना हुई। इसमें नौ लोग घायल हुए, जिन्हें तुरंत टाटा स्टील मेडिका अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। चिकित्सा टीम घायलों का पूरा ध्यान रख रही है और पुष्टि की गई है कि सभी अब खतरे से बाहर हैं।

इस घटना की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों और घायलों के परिवारजनों को दे दी गयी है। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी




इसी मेल्टिंग शॉप में हुई दुर्घटना।

गयी है और आंतरिक जांच जारी है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, हमारे कर्मचारियों और सभी हितधारकों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

टाटा स्टील ने यहां जारी एक बयान में कहा कि हम प्रभावित व्यक्तियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनकी सुरक्षा व भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

**टाटा स्टील की अपील**

**सोशल मीडिया के झूठे वीडियो पर विश्वास न करें, अफवाहों से बचें**

टाटा स्टील ने यहां जारी एक बयान में कहा कि हम प्रभावित व्यक्तियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनकी सुरक्षा व भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी झूठे वीडियो कंटेंट पर विश्वास न करें और अफवाहों से बचें।

## गोपाल मैदान में दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव कल से

- महोत्सव का उद्घाटन करेंगे मंत्री, उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार
- डीसी द्वारा कार्यक्रम स्थल गोपाल मैदान का किया गया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में 23-24 मार्च 2025 तक प्रमंडल स्तरीय 'पीएमएफएमई महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। गोपाल मैदान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय प्रसाद यादव, मंत्री, उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 23 मार्च को किया जायेगा। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर जीएम डीआईसी रवि शंकर प्रसाद, डीटीओ धनंजय व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने मंच निर्माण, पंडाल, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, सुगम यातायात व्यवस्था, स्टॉल निर्माण तथा विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा कर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

## एनआईटी की समिख्या को राष्ट्रीय स्तर के क्विज में मिला प्रथम स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने राष्ट्रीय मानकीकरण पारिस्थितिकी तंत्र और उपभोक्ता अधिकार विषय पर एक जानकारीपूर्ण ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया। इसका उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उत्पाद गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने में बीआईएस की भूमिका को समझाना था। इस प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी आईआईटी



एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार के साथ समिख्या व अन्य।

एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया इस क्विज के माध्यम से प्रतिभागियों को बीआईएस मानक ढांचे, प्रमुख उपभोक्ता अधिकार कानूनों और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के महत्व की बेहतर समझ प्रदान करने का प्रयास किया गया।

## रंगों और खुशियों के माहौल में जमशेदपुर सीए सोसाइटी का होली मिलन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) सोसाइटी द्वारा डोबो स्थित गुप्ता फॉर्म हाउस में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपने परिवारों के साथ इस खास मौके का आनंद लिया। आयोजन में रंगों और खुशियों के भरपूर माहौल में सबने विभिन्न खेलों और डीजे का आनंद लिया। साथ ही कार्यक्रम में सभी ने लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया। इसके



आयोजन में सीए रमाकांत गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास, उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सचिव सीए आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनीत मेहता, पूर्व अध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में बिशन अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, किशन चौधरी, सुशील खोवाला, सरोज कांत झा, शिशिर मिश्रा, राकेश रोशन झा, रवि गुप्ता, उमंग अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, धीरज प्रसाद आदि ने अपने परिवार के साथ शिरकत की।

## साकची बंगाल क्लब में महिलाओं को आत्म निर्भर करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता की प्रसिद्ध संस्था एनिग्मा के तत्वावधान में महिला दिवस सह प्री बैसाखी प्रदर्शनी की शुरूआत शुक्रवार, 21 मार्च से 23 मार्च तक साकची बंगाल क्लब में हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूरबी घोष ने फीता काटकर किया, उनके साथ बंगाल क्लब के महासचिव सौम्य सेन भी उपस्थित थे। पुरवी घोष ने एनिग्मा संस्था द्वारा महिलाओं को एक मंच प्रदान करने की सराहना की और जमशेदपुर की महिलाओं



प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं समाजसेवी पूरबी घोष।

से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में भाग लेने का आग्रह किया। संस्था की प्रमुख एलिट्रा सिन्हा मुखर्जी ने बताया कि जमशेदपुर में यह प्रदर्शनी 13वीं बार आयोजित की जा रही है। यह आयोजन बंगाल क्लब के पहले तल्ले में किया गया है।

# गरिमा और सनातन परंपराओं के अनुरूप धूमधाम के साथ रामनवमी महोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

- रामनवमी महोत्सव की तैयारी और सफलता को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक संपन्न
- 153 लाइसेंसी एवं 13 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों ने लिया हिस्सा, भव्यता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी महोत्सव की तैयारी और सफलता को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति,



जमशेदपुर की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को साकची स्थित उत्कल एसोसिएशन सभागार में सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में 153 लाइसेंसी और 13 गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी महोत्सव को पूरी भव्यता, गरिमा और सनातन परंपराओं के अनुरूप मनाया जाएगा। पूरे शहर में विभिन्न अखाड़ों द्वारा भव्य शोभायात्राएँ निकाली जाएँगी, जो सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगी। इसके लिए सभी अखाड़ा समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र में बैठक कर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित जुलूस निकालने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि अखाड़ों की शोभायात्रा सह विसर्जन 7 अप्रैल, 25 को सम्पन्न होगा। इस दौरान प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा, व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जय श्री राम के उद्घोष के साथ संकल्प लिया गया कि पूरे आयोजन को मयार्दा, भव्यता और ससमय के साथ सम्पन्न कराना है, जिससे रामनवमी महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण बने। बैठक में विभिन्न समितियों ने महोत्सव की तैयारियों के दौरान सामने आ रही समस्याओं को रखा।

## एक नजर में

### जनता दरबार : डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में डीसी अनन्य मित्तल ने आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 70 से ज्यादा फरियादियों ने सामाजिक व निजी समस्याओं को लेकर मुलाकात की तथा समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। फरियादियों ने स्थानांतरण, जमीन सम्बन्धी विवाद, ईलाज में सहयोग, सड़क संबंधी, रोजगार, मजदूरी भुगतान, सरना/ जाहेर स्थान के संबंध में समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया।

### बीएसीईटी : मैकेनिकल ब्रांच की छात्रा काजल सिंह का मनुपमा टेक्रोलोजीज में हुआ प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बी ए कालेज आफ इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के मैकेनिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष की मेधावी छात्रा काजल सिंह का आईएसओ ऑडिटिंग, टेस्टिंग, कैलिब्रेशन, इंस्पेक्शन आधारित अग्रणी कंपनी मनुपमा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में जीईटी पद पर चयन हुआ है। छात्रा का साक्षात्कार 20 दिसंबर, 2024 को कॉलेज में कंपनी द्वारा कैम्पस रिक्रूटमेंट ड्राइव के दौरान तथा पुनः 6 फरवरी, 2025 को कंपनी कार्यालय में हुआ। छात्रा 1 अप्रैल, 2025 से कंपनी में शामिल होगी तथा बहुत अच्छे पैकेज पर 1 वर्ष तक प्रशिक्षण लेगी। चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्राचार्य डॉ एसके रॉय, टीपीओ राहुल सिंह एवं समस्त फैकल्टीज ने सफलता पर बधाई दी।

### न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी ससमय उपलब्ध करायें : उपायुक्त



**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने क्रिमिनल केस, पोस्को, एससी-एसटी, सिविल केस एवं अवमानना वाद संबंधी उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय व अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जीपी, लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक, विधि शाखा के प्रभारी व अन्य संबंधित बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान क्रमवार उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभाग व पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली गई। विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति पर समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा उपायुक्त कार्यालय को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान जिला अंतर्गत कुल 159 वादों पर विमर्श किया गया।

### कल जमशेदपुर में होगा कराटे डो एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का गठन

**जमशेदपुर।** कराटे डो एशोसियेशन ऑफ झारखंड के नई कार्यकारिणी का गठन 23 मार्च को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सम्पन्न होने जा रहा है जिसमें राज्य सभी मान्यता प्राप्त जिले के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस चुनाव में ऑल इंडिया कराटे डो फेडरेशन के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कराटे डो एशोसियेशन ऑफ झारखंड का गठन झारखंड बनने के उपरांत हुआ और इसे ऑल इंडिया कराटे डो फेडरेशन के द्वारा 2001 में मान्यता दी गई तभी से यह राज्य कराटे संघ झारखंड में कराटे खिलाड़ियों को विकसित करने का कार्य कर रहा है। संघ के द्वारा प्रत्येक वर्ष नेशनल कराटे चैंपियनशिप, रीजनल कराटे चैंपियनशिप के साथ-साथ 2007 असम नेशनल गेम्स एवं 2011 झारखंड नेशनल गेम्स में अपने राज्य के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक पाकर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय खेल मे पदक प्राप्त कर राज्य के खिलाड़ियों ने राज्य सरकार द्वारा 28 लाख की नगद इनामी राशि के साथ-साथ खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी प्राप्त करवाने में कराटे डो एसोसिएशन आफ झारखंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिन के विजेताओं का हुआ सम्मान



**जमशेदपुर।** शहर से दूर प्रखंड के ग्रामीण अंचल में स्थित भारती ग्रुप शिक्षा संस्थान के द्वारा संचालित विद्यालय बाल भारती विधालय काशीडीह गोलकटा में आज विशेष कार्यक्रम के तहत हाल ही में आयोजित नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन वंगलूरु मैं संपन्न हुआ था। इस चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कोल्हान प्रमंडल के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धियां के साथ कई पदक जीत कर लौटे हैं। उन विजयी खिलाड़ियों के सम्मान में भारती ग्रुप शिक्षा संस्थान ने विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित की और इन खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका कुमारी गीता रानी हांसदा को भी सम्मानित किया गया। गीता रानी हांसदा ने इस नेशनल मास्टर एथलीट वंगलूरु से एक कांस्य पदक एवं एक सिल्वर मेडल जीतकर भारती ग्रुप सहित अपने माता-पिता समाज एवं राज्य का नाम रौशन किया है। मौके पर भारती ग्रुप के डायरेक्टर गनौरी प्रसाद सहित प्राचार्या पुष्पा, उर्मिला, सह डायरेक्टर विष्णु, शिक्षिका नीतू थीं।

## स्पीड न्यूज

### पंडवा थाना में बीएनएस संबंधी प्रशिक्षण



पंडवा (पलामू)। पूरे देश में एक जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो गये हैं। अब देश में आईपीसी, सीआरपीसी, एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है। उक्त बातें पुनि सह शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कही। वे शुक्रवार को पंडवा थाना में पंडवा पुलिस को नये कानून संबंधित प्रशिक्षण पर बोल रहे थे। कहा कि पलामू एसपी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान में सशक्त करने को ले भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी दी जा रही है। कहा कि बीएनएस में मौके पर पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, पुअनि विक्की कुमार, जितेंद्र यादव, नवल किशोर सिंह सअनि अनुज तिवारी, प्रद्युम्न पासवान, जितेन्द्र सिंह, शंकर राम आदि थे।

### मृत पूर्व पार्षद की पत्नी को सौंपा चेक




हुसैनाबाद पलामू। नपं के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने शुक्रवार को नपं क्षेत्र के पूर्व वार्ड पार्षद के आश्रितों को उनके कार्यकाल का 5 माह का बकाया मानदेय का भुगतान किया। विदित हो कि हुसैनाबाद नपं के वार्ड छह के पूर्व पार्षद अर्जुन गुप्ता का गत 16 मार्च को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व पार्षद के कार्यकाल का 5 माह का बकाया राशि 25 हजार रुपये का चेक पूर्व पार्षद के आश्रित उनकी पत्नी को सौंपा गया। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश सिंह, कनीय अभियंता ब्रजलाल, लेखापाल रविकांत पटेल, नपं कर्मी रवि यादव, अवधेश कुमार, विकास कुमार व अन्य मौजूद थे।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक



मेदिनीनगर। शाहपुर चलानी किला में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला पलामू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा व संचालन महासचिव धर्मेंद्र चन्द्रवंशी ने किया। बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष बाल किशुन उरांव ने कहा कि 24 मार्च को विधानसभा घेराव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। 23 को शहीद भगत सिंह शहादत दिवस पर मेदिनीनगर भगत सिंह चौक पर 11 बजे प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। बैठक में शंखनाथ सिंह, प्रदीप सिन्हा, नरेश यादव, बिलंगना किंडो, राम सिह, मुन्द्रीका सिंह, सलोनी टोप्पनो, शांति देवी आदि उपस्थित थे।

### फर्जी वाउचर जमाकर पैसे की निकासी



चैनपुर (पलामू)। राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमवां के प्रधानाध्यापक ने विकास मद की राशि से विद्यालय की जगह अपना विकास करने में लगे हैं। जिसका उदाहरण थमवां विद्यालय में बिना रंग रोगन, गुलाब का पौधा व गमला और अन्य सामान की खरीद किए बिना ही फर्जी बिल लगाकर विद्यालय विकास मद की राशि की निकासी कर लिया है। वेंडर विकास अनुदान से विद्यालय मरम्मत, रंग रोगन, स्टेशनरी सहित अन्य कार्यों में राशि खर्च करता है। लेकिन प्रधानाध्यापक व वेंडर के साटगांठ से बिना कार्य किये हुए ही फर्जी बिल लगाकर अनुदान राशि निकाल लिये।

### दुष्कर्म की कोशिश में एक गिरफ्तार



मनातू (पलामू)। थाना क्षेत्र के बंशीखुर्द गांव में गुरुवार की शाम एक 50 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म के असफल प्रयास का मामला सामने आया है। इसमें मनातू पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। महिला अपने दरवाजे पर बैठी थीं, तभी गांव का ही सुल्तान खान (23) पिता असगर खान पहुंचा और जबरन घसीटने लगा। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी मुंह दबाकर झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। चिल्लाने पर ग्रामीण पहुंचे, जिससे डरकर आरोपी भाग निकला। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### ज्ञानदीप स्कूल में वार्षिक परीक्षा शुरू



पाटन पलामू। प्रखंड के किशुनपुर में संचालित ज्ञानदीप ज्योति पब्लिक स्कूल में इस सत्र की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। छात्रों में काफी उत्साह दिखा। निदेशक राजू मेहता और प्राचार्य रंजीत सिंह ने सभी परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर शिक्षकों को निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन करायें। छात्रों को निर्धारित पूरा समय दें। निरीक्षण टीम में निदेशक, प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक शाहजहां अंसारी, समन्वयक सतेंद्र सिंह, साधना कुमारी, रुचि कुमारी भी थे।

### बिजली चोरी में 21 पर प्राथमिकी दर्ज

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों व मोहल्लों में बिजली चोरी को लेकर दो दिनों तक लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 21 लोगों को बिजली चोरी करते हुये पकड़े गये। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो ने शुक्रवार को रेहला थाने में विद्युत चोरी के आरोप में पकड़े गये सभी लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी करायी है। श्री महतो ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय अधिकारियों से मिले निर्देश पर एक टीम गठित कर क्षेत्र में दो दिनों तक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें 21 लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिनपर नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई है।

### जहाजी पइन की पुलिया का शिलान्यास



हुसैनाबाद पलामू। हैदरनगर उत्तर कोयल मुख्य नहर पर बने जहाजी पईन का सुपर पैसेज का पुल की नहर मरम्मति कार्य के दौरान ध्वस्त किये जाने के बाद पांच दिनों से धरना पर बैठे हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत के ग्रामीण, किसान व प्रतिनिधियों का धरना जल संसाधन विभाग की पहल पर शुक्रवार को समाप्त हो गई है। उन्होंने मुख्य नहर में जारी मरम्मत कार्य को रोक कहा कि धरनार्थी का आरोप था कि संवेदक की घोषणा के दो वर्ष बाद भी पुल व सुपर पैसेज का निर्माण नहीं किया गया है।

# दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं लंबित रहने से लोगों को आवागमन में हो रही है कठिनाई: सांसद बीडी राम

- पलामू सांसद ने केंद्रीय रेलमंत्री से की मुलाकात संसदीय क्षेत्र के रेलवे से जुड़ी मांगों को पूरा करने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग को पूर्ण कराने का अनुरोध किया है। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कि कई किमी तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया।



इन परियोजनाओं में गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह परियोजना स्वीकृत है लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है। बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नयी रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाये। यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के संबंध में रेल मंत्री ने बताया कि इसके लिए नया सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। तत्पश्चात कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। वंदे भारत ट्रेन टाटानगर-वाराणसी नई वंदे भारत एक्सप्रेस जो प्रारम्भ होने वाली है। इसे वाया डालटनगंज, गढ़वा रोड़ होकर चलायी जाय। पलामू संसदीय क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी बहुत सीमित है, केवल एक साप्ताहिक ट्रेन पटना तक जाती है। वंदे भारत एक्सप्रेस को इस मार्ग से संचालित करने से क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी एवं विकास को बल मिलेगा।

# स्कूल के सुचारू संचालन और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में मुखिया की अहम भूमिका : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्कूल लाने के लिए बच्चे एवं उनके अभिभावकों को करें प्रेरित
- शिक्षा के लिए स्कूल एवं गांव-गांव में माहौल तैयार करें मुखिया
- बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति का लें संकल्प
- 15वें वित्त की राशि से स्कूल में पानी, बिजली एवं रंग-रोगन कर स्कूलों में बेहतर पढ़ाई का माहौल बनायें संबंधित मुखिया



कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त।

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी पंचायत के मुखिया को स्कूल के सुचारू संचालन में अहम योगदान है। मुखिया अपने क्षेत्र के स्कूलों में भ्रमण करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में महती भूमिका निभाएं। अपने महत्व को समझें और स्कूल एवं गांव-गांव में शिक्षा का माहौल तैयार करें। बच्चों को स्कूल लाने के लिए बच्चे एवं उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। बच्चों की शत प्रतिशत नामांकन एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का संकल्प लें।

क्षेत्र में एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहें। इसके लिए सकारात्मक प्रयास के साथ आदर्श पंचायत बनाने का कार्य करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज झारखंड शिक्षा परियोजना, पलामू की ओर से स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुखिया 15वें वित्त की राशि से स्कूल में पानी, बिजली, रंग-रोगन, स्कूल में फूल-पौधे, किचन गार्डेन आदि मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुखिया सक्रियता से क्लास रूम की कमियों, स्कूल परिसर की अतिक्रमण, जर्जर भवन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने में आ रही कठिनाईयों एवं कमियों से अवगत कराएं, ताकि उसका निदान कर जिले में शैक्षणिक माहौल तैयार किया जा सके।

# हुसैनाबाद एसडीएम ने किया पंचायत सचिवालय झरगाड़ा का भौतिक निरीक्षण

- बीते दिनों प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक के आलोक में पंचायतों में विभिन्न योजनाओं समेत स्कूल की गतिविधियों की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पंचायत सचिवालय का निरीक्षण करते एसडीओ व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में बीते दिनों एसडीएम ने पंचायतों का योजनाओं का भूमिगत जांच करने करने का निर्णय लिया था, उस पर शत प्रतिशत खरा उतरते हुए एसडीएम गौरांग महतो ने शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रही सभी योजनाओं का बारी-बारी से अवलोकन किया एवं पंचायत सचिवालय में बैठक कर सभी तरह की संचायिका व योजना की अधतन जानकारी प्राप्त की एवं विलंब हो रही योजनाओं के कार्यो में गति लाने पर विस्तृत चर्चा किया। इस दौरान मौके पर हुसैनाबाद बीडीओ सुनील वर्मा भी साथ मे मौजूद थे। अधिकारियों ने मनरेगा 15वीं वित्त, अबुआ आवास, पीएम आवास सहित अन्य कई योजनाओं पर जानकारी लेकर चर्चा किया। उस दौरान ग्रामीणों से भी इसकी जानकारी ली तथा मास्टर रोल, मनरेगा मजदूर की भुगतान से लेकर कई कार्यो पर चर्चा किया। पंचायत अंतर्गत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय

**खास बातें :** ग्रामीणों ने विद्यालय में चहारदीवारी सहित अन्य कई बिंदुओं पर ध्यानकर्षन कराया। एसडीएम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सीताराम प्रजापति को जल्द व्यवस्था में सुधार लाने, सुलभ शौचालय को नियमित रूप से संचालित कराने व साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि जिस विभाग में लापरवाही व अनियमितता दिख रहा है, उसे मैं सूची बना लिया हूं, जांचोपरांत नियमानुसार कार्रवाई होगी, ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य व मुख्य सड़क से गांव तक सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया। जिसपर एसडीएम ने ग्रामीण विकास विभाग व पथ निर्माण को पत्र अग्रसारित करने की बात कही। मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, मनरेगा बीपीएम, एईई, जेईई, पंचायत समिति, रोजगार सेवक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर परिषद ने खुली डाक से की हाट और बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खुली डाक में शामिल पदाधिकारी।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 के लिये हाट - बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से गुरुवार को किया गया। खुली डाक का आयोजन नप कार्यालय के सभागार में किया गया था। जिसमें कई बंदोबस्तीधारियो ने बोली लगायी। सबसे अधिक राशि की बोली लगाने वाले को हाट बाजारों की बंदोबस्ती की गयी। विश्रामपुर बाजार व भारतीय स्टेट बैंक से गांधी चौक होते हुए पाण्डु रोड तक की बंदोबस्ती हेतु सरकारी दर दो लाख 25 हजार रुपये निर्धारित था जिसे शमीम अंसारी व शिवांशु रंजन दुबे ने दो लाख 31 हजार की बोली लगाकर हासिल किया। वहीं रेहला रेलवे स्टेशन रोड से थाना चौक,सनातन विद्या निकेतन स्कूल से महावीर चौक होते हुए बी मोड़ तक एवं रेहला शुक्र बाजार के लिए सरकारी दर तीन लाख रुपये निर्धारित था। जिसे नंद कुमार दीक्षित व इम्तियाज अहमद ने अधिकतम तीन लाख 60 हजार की बोली लगाकर हासिल किया। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत ने बताया कि रेहला व विश्रामपुर में हाट-बाजार, अस्थायी फुटपाथ विक्रेता दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी तथा अन्य छोटे दुकान का सैरातों की बंदोबस्ती की गयी है। जो एक अप्रैल से प्रभावी होकर 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। इस दौरान एसआई प्रदीप कुमार शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता आशीष पांडेय, संदीप मौर्या, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, गोपाल राम, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, दीपक कुमार, रमेश कुमार, छोटू कुमार, नरेंद्र राम गुड्डू थे।

### पाटन प्रखंड के सभी डीलरों की बैठक आज

**पाटन पलामू।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान ने प्रखंड के सभी डीलरों को 22 मार्च को प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया है। एमओ ने बताया कि 22 को प्रखंड कार्यालय सभागार में सभी डीलरों की बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें ई-केवाईसी, धोती साड़ी वितरण, ग्रीन कार्ड, राशन वितरण, पीएच अंत्योदय राशन वितरण तथा आपूर्ति विभाग से संबंधित सभी तरह के कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

# बेमौसम बारिश से किसान बेहाल

**गजेंद्र कुमार**

- पलामू जिला में 24 घंटे में सात मिलीमीटर हुई वर्षा



**मेदिनीनगर।** बंगाल की खाड़ी की नम हवाओं के साथ उत्तर भारत से आ रही हवा के कारण झारखंड के लगभग सभी जिलों में मौसम का मिजाज चैत माह में बदल चुका है। जबकि चैत माह में भीषण गर्मी, तेज धूप में लू के थपेड़े से लोग घर से निकलना मुनासीब नहीं समझते थे। आज वहीं बिन मौसम के बरसात ने ठंड भरी मौसम ला दिया है। जिस कारण मौसम में नमी आ गयी है। बिन मौसम बरसात के होने से विशेषकर किसान हताश पड़े हुए हैं। कारण कि इस मौसम में रबी फसल काटे जाते हैं। रबी फसल में गेहूं, चना, मटर, तीसी, अरहर समेत अन्य फसल शामिल है। वहीं इस मौसम का प्रभाव महुआ, आम पर भी विशेष रूप से पड़ा है। जिस कारण किसान काफी हताश हैं। कारण कि फसल पककर तैयार हो चुका है। कुछ फसल कटने के कगार पर हैं तो कुछ फसलों को किसान काटकर खलिहान में रखे हैं। इस वर्षा से खेतों में लगे फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ा है। पलामू जिला में गुरूवार से शुक्रवार तक जो वर्षा हुई है वह लगभग सात मिलीमीटर हुई है। आगे भी वर्षा होने की उम्मीद है।

# बिश्रामपुर : द गुरुकुलम साइंस कोचिंग क्लासेज का थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय में द गुरुकुलम साइंस कोचिंग क्लासेज नामक शैक्षणिक संस्थान आज से खुल गया है। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता संस्था के निदेशक तीर्थराज सिंह वहीं संचालन उप निदेशक धीरज कुमार ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि शिक्षा से ही विकास का सभी द्वार खुलता है। शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना बेमानी है। कहा कि बिश्रामपुर में उच्चस्तरीय शैक्षणिक संस्थान खुलना बच्चों के लिए किसी बरदान से कम नहीं है। संस्था के प्राचार्य विवेकानंद पटेल ने बताया कि यहां नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को संस्कार के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जायेगी। मौके पर एसआई प्रदीप शर्मा, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कु सिंह, जनता उवि के प्राचार्य भोला राय, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, मध्य विधालय के प्राचार्य रामू बाजपेई, पूर्व पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सुधीर दुबे, शिक्षक अरुण सिंह, चंदन कुमार, फहीम आलम, राजेश मार्शल आदि भी थे।

### मौसम की बेरूखी से किसानों में छायी मायूसी



**पाटन पलामू।** दो दिनों से अचानक मौसम खराब हो जाने से किसानों में मायूसी छा गयी है। बारिश से खलिहान में रखी फसल को भारी नुकसान है। वहीं महुआ में लगे मंजर झड़ जायेंगे। साग सब्जी की खेती पर भी इसका बुरा असर पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि कुछ फसल काटकर खलिहान में रखा है और कुछ खेत में ही लगे हुए हैं।

### जमीनी विवाद : मारपीट में दो घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के गौरा गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जिससे गौरा के ही शिक्षक महेश्वर राम व शत्रुधन विश्वकर्मा घायल हो गये। परिजनों ने दोनों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। इधर, मारपीट में घायल शिक्षक महेश्वर व शत्रुधन ने एक दूसरे के खिलाफ थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ए.के सिंह कॉलेज, जपला में नोडल स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- राष्ट्रीय युवा संसद युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए सुनहरा कार्यक्रम : एसडीओ



**हुसैनाबाद पलामू।** विकसित भारत युवा संसद 2025 के अन्र्तगत एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमह्यह्य पर आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद का दो दिवसीय जिला नोडल स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय ए.के सिंह कॉलेज, जपला में शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन गढ़वा तथा लातेहार के प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में स्पीच दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ गोरांग महतो, प्राचार्य प्रो सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डा प्रदीप कुमार, एनवाईके की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, डा दिलीप राम, नोडल पदाधिकारी प्रो कमलेश कुमार सिन्हा, प्रो नवल किशोर प्रसाद, प्रो राजेश कुमार सिंह आदि ने दीप जलाकर किया।

### छत से गिरकर युवक जख्मी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पथरा निवासी दीपक पासवान बीती रात्रि को अपने ही घर के छत से गिर कर वे गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। परिजन रात्रि को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया। जहां से मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने इसे खतरे से बाहर बताया है।

### पत्नी की हत्या कर पति ने लगा ली फांसी, मौत

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ईटकों पंचायत के बरारी में एक युवक पहले पत्नी की हत्या कर दी और बाद में खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बरारी के उपेंद्र पासवान अपनी पत्नी सुर्यमुखी देवी की हत्या तेजधार हथियार से कर दिी। घटना के बाद उपेंद्र घर से कुछ दूर स्थित खुंटीसोत नदी के किनारे एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी चिंटु कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

# श्रीरामचरितमानस महायज्ञ को ले निकाली गयी कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** श्री राम चरित्र मानस नवाहन परायण पाठ महायज्ञ नरसिंहपुर पथरा के 10 वें अधिवेशन पर कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ समिति नरसिंहपुर पथरा के अध्यक्ष कमल किशोर चौरसिया, संरक्षक बिकास कुमार चौरसिया के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा नरसिंहपुर पथरा से निकाली गयी। वहीं भक्तजन नरसिंहपुर पथरा से चलकर शिवघाट कोयल नदी से जल उठा कर अपने यज्ञ स्थल पहुंचे। इस कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं ललित पाण्डेय ने पुरे विधिवत पूजन कर कार्यक्रम को संपन्न कराया। इसमें उतरी जिप सदस्य रामदेव प्रसाद चौरसिया, नरसिंहपुर पथरा पंचायत मुखिया पति व्यास राम चौरसिया, प्रेम गुप्ता, उप मुखिया, येसु, धनंजय, अखलेश चौरसिया भी थे।

### छहमुहान के पास सघन जांच में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया, वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस एवं कुछ ट्रिपल लोड थे। 12 बाइकों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिसे जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान फाईन हेतु भेजा गया है। 21 मार्च को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 10 बाइक का चालान फाइन राशि 11,150 रुपये आया और 01 बाइक चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे। उसका चालान फाइन राशि 10, 185 रुपये आया तथा 01 ट्रक गाड़ी जो नो एंट्री में पकड़ा गया था उसका चालान फाइन राशि 6 150 रुपये आया एवं 01 कार का चलन फाइंड राशि 1000 आया है। टोटल चलान फाइन राशि 24,485 रुपये आया है।

# शिक्षक और अभिभावक आपस में समन्वय बनाकर कार्य करते हैं: चेयरमैन रो. अनुग्रहनारायण शर्मा

- उत्साह और हौसला लक्ष्य प्राप्ति में सेतु का कार्य करेगा : प्राचार्य अश्लेश पांडेय
- रोटरी स्कूल चैनपुर में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





वार्षिक परीक्षाफल के साथ विद्यालय के बच्चे व शिक्षक।

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर रोटरी स्कूल के सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षाफल 21 मार्च को प्रकाशित कर दिया गया। परीक्षाफल प्रकाशन में अतिथि के रूप में चैनपुर थाना के पुलिस ऑफिसर श्रीराम शर्मा शामिल थे। श्री शर्मा ने कहा कि परीक्षाफल का दिन अत्यंत ही उत्साहवर्धक होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फल मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चे किसी एक विषय पर फोकस न कर सभी विषयों पर फोकस करें तभी समाज में जीवन यापन संबंधित सभी विचारों से अवगत हो पाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमारे विद्यालय के छात्र/ छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक आपस में समन्वय बनाकर कार्य करते हैं जिसका परिणाम दिन-प्रतिदिन विद्यालय के विकास के रूप में देखने को मिल रहा है। विद्यालय के कार्यपालक निदेशक रो. अवधेश तिवारी ने वार्षिक परीक्षाफल को जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक कड़ी बताया जिससे विद्यार्थी आगे चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने कहा विद्यार्थियों के हौसले बढ़ाने में उत्साह और हौसला लक्ष्य प्राप्ति में एक सेतु का कार्य करेगा। प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष का परीक्षाफल भी शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षाफल में लड़कों की तुलना में लड़कियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने तथा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वालों को अभिभावक के समक्ष मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

# राशन कार्ड से जुड़े परिवार के सभी सदस्यों का ई केवाईसी कराना अनिवार्य : एमओ ललन पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- राशन कार्ड में केवाईसी नहीं करानेवाले लोगों का कटेगा नाम



जानकारी देते पाटन एमओ ललन पासवान।

**पाटन पलामू।** राशन कार्ड में शामिल परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी करना अनिवार्य है अगर 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराया गया, तो संबंधित सदस्यों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जायेगा। इसकी जानकारी पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान ने दी। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी देश के किसी भी कोने में रहकर कराया जा सकता है इसलिए राशनकार्ड के किसी भी सदस्य का यह बहानाबाजी कि वे बाहर हैं नहीं चलेगा।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराने के लिए 21 से लेकर 27 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसमें संबंधित जनवितरण दुकानदार एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से ई-केवाईसी के कार्य को गति दिया जा रहा है। सभी डीलरों को फौरमेंट दिया गया है ताकि बिना किसी कारण के किसी भी सदस्य का नाम नहीं कटे। उन्होंने बताया कि एक तरफ से राशनकार्ड में नामित सदस्यों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। पाटन एमओ ने बताया कि पाटन में अभी तक 64% ई-केवाईसी कर लिया गया है। शेष बचे राशनकार्ड के सदस्यों का ई-केवाईसी 31 मार्च तक हर हाल में करा लेना है।

# किराना दुकानों में छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय डंडई बाजार में जिले के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने शुक्रवार को विभिन्न किराना दुकानों में औचक छापेमारी की। अधिकारी को एक दुकान में प्रवेश करते ही अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई लोग अपने किराना दुकान की शटर बंद कर रफू चक्कर हो गए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मुख्यालय के तीन चार किराना दुकानों में खाद्य सामग्रियों की जांच की। जिसमें कई दुकानों में एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाए गए। तो कई खाद्य सामग्रियों पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थे। पदाधिकारी ने जांच किए दुकानों से एक्सपायरी खाद्य सामग्रियों की सैंपल ली है। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि तीन चार किराना दुकानों की जांच की गई है। दुकानों में बिक रहे कई खाद्य सामग्रियों की सैंपल ली गई है। जिसमें से कुछ खाद्य सामग्री एक्सपायरी और कुछ पर डेट अंकित नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार किराना दुकानों में बिक रहें खाद्य सामग्रियों की जांच के लिए छापेमारी की जा रही है। यदि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता नहीं होने की पुष्टि होती है तो संबंधित दुकानदारों पर उचित कानूनी कारर्वाई की जाएगी।



छापामारी करती पदाधिकारी

# रामनवमी को लेकर धन संग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर श्री राम भक्तों में गजब का उत्साह का संचार हो रहा है। इस त्योहार को और भव्य तरीके से मनाने के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, सचिव रवि कुमार उर्फ चप्पू, उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने रंका अनुमंडल मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्र पूरेगड़ा, बोड़ी, गौरगडा, बाहाहारा सहित अन्य क्षेत्रों में धन संग्रहण किया। इसके अलावे कोषाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी, सोनू कुमार मधेशिया सहित अंकित दुबे, अनिल मधेशिया, अविनाश कुमार पटेल, शुभम झा, ओम प्रकाश गुप्ता, राजन कुमार सहित अन्य रामभक्त विभिन्न टोलों और मोहल्लों में जाकर सहयोग राशि प्राप्त करने का कार्य कर रहे हैं।



धन संग्रहण करते लोग


## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन निविदा**

लोहरदगा जिलान्तर्गत जाहेरस्थान, सरना स्थल आदि के लिए पूजन सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक – 28.03.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा उसी दिन अपराहन 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

सामग्रियों की सूची तथा निविदा की शर्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.lohardaga.nic.in कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के सूचना पट्टा पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 348893 (Lohardaga)24-25*D


# किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



उपस्थित पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के मड़वनिया पंचायत भवन के सभागार में संकल्प किसान विकास केंद्र मड़वनिया द्वारा किसानों की दोगुनी आय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा गढ़वा एवं संकल्प किसान विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

जिसका उद्घाटन आत्मा के उप निदेशक योगेन्द्र प्रसाद सिंह, केवीके के वरीय वैज्ञानिक डॉ राहुल कुमार एवं संकल्प किसान के अध्यक्ष चितरंजन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डॉ राहुल कुमार ने कहा कि किसानों को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र प्रयासरत है। उन्होंने संरक्षण कृषि तकनीक जैसे धान की सीधी बुआई, शून्य जुताई तथा मसूर तीसी चना सरसों की फसलों में अवशेष प्रबंधन के साथ साथ जल संरक्षण की तकनीक पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसान तकनीक द्वारा खेतों की न्यूनतम जुताई कर कृषि की लागत में बचत, बची हुई नमी का उपयोग कर दलहनी एवं तलहनी फसलों को आवश्यकतानुसार एक दो हल्की सिचाई से फसलों की खेती कर अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते हैं। बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को संरक्षण खेती का महत्व, कृषि क्रियाओं तथा धान परती भूमि के प्रबंधन पर विस्तृत एवं प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को नीलगाय से फसलों की सुरक्षा का भी उपाय बताया गया। मौके पर सचिव नवीन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, किसान अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, लव कुमार सिंह, कन्हाई यादव, राजेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, राजेश चौधरी सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# प्राप्त आवंटन एवं व्यय से संबंधित बैठक



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्राप्त आवंटन एवं व्यय से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं के साथ किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष की भांति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी सरकार से विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं के संचालन के लिए आवंटन प्राप्त हुआ है। इस आवंटन के विरुद्ध राशि का आहरन कर व्यय भी किया जाना है। वित्तीय वर्ष की अवधि समाप्ति पर है। उक्त के आलोक में प्राप्त आवंटन की निकासी कर नियमानुकूल व्यय सुनिश्चित किया जाना है। फलस्वरूप बैठक के दौरान सभी विभागों से बारी-बारी कर योजना एवं गैर-योजना मदों समेत अन्य प्रयोजनों हेतु विभिन्न मदों/शीर्षों में प्राप्त आवंटन की स्थिति एवं उनका खर्च करने संबंधी अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व प्राप्त आवंटन की निकासी कर नियमानुकूल व्यय करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के उपस्थित संबंधित पदाधिकारी के बीच अलॉटमेंट की अद्यतन स्थिति से स्पष्ट कराने के लिए एक विशेष फॉर्मेट का वितरण किया गया। जिसमें इस पूरे वित्तीय वर्ष में अब तक विभिन्न मदों एवं शीर्षों में प्राप्त आवंटन की विवरणी मद/शीर्ष वार मांगी गई। सरकार से विभिन्न मदों में प्राप्त आवंटन का अचूक रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व आवंटित राशि का आहरण कर नियमानुकूल व्यय करने हेतु सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।


सं0 संख्या–5/प्रशि0(क्षेत्रीय क्रय)-07–2023–

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

पत्रांक–381 **निविदा सूचना** दिनांक–21.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीनस्थ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में New Age Courses हेतु मशीन/टूल्स एवं उपकरण के क्रय से संबंधित विभाग द्वारा e-Tenders (Online Open Tenders) संख्या–Bid No.-DET/New Age Courses/11/2024-25, दिनांक–19.03.2025 को प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–24.03.2025 को संध्या–06.00 तक विस्तारित की जाती है एवं उक्त निविदा दिनांक–26.03.2025 के अपराह्न 12:30 बजे कमरा नंबर–307, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची के कक्ष में खोला जायेगा। निविदा हेतु विस्तृत निविदा अभिलेख https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड राँची

PR 348933 Labour Employment and Traning(24-25)#D



## ऊर्जा विभाग
## झारखण्ड सरकार
## विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
## विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, राँची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/135/2024-25 दिनांक– 21/03/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉंची में अधिष्ठापित 22 अदद लिफ्ट (with 24/4CS Device) के तीन वर्षो हेतु वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 72,09,794-00 | 10,000-00 | 1,45,000-00 | तीन वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.03.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 01.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 07.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 08.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,राँची

PR 348963 (Energy)24-25*D


# चार नामजद एवं लगभग 40 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज



जप्त ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर चार नामजद और 35 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बताते चले कि 6 दिन पूर्व रविवार को मझिआंव-कांडी मुख्य मार्ग पर बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत लंगोटिया बाबा के समीप इट लोड ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई थी। वहीं दुर्घटना के बाद बरडीहा पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से गढ़वा भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी प्रदीप राम के 30 वर्षीय पत्नी रीमा देवी को मृत घोषित कर दिया और दो गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं दुर्घटना स्थल से बरडीहा पुलिस ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए थाना ला रही थी। इस दौरान आसपास के आक्रोशित ग्रामीणों ने वहां को रोक दिया और कुछ घंटे के लिए मुख्य सड़क को जाम कर दिया था। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक एवं घायल के कोई भी परिजन वहां उपस्थित नहीं थे। फिर भी क्षेत्र के लोगों के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाला गया और सड़क जाम कर दिया गया। जिसको लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना कांड संख्या 15/25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में चार नामजद, और 35 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में बेवजह बाधा उत्पन्न किया गया, यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर के खिलाफ थाना कांड संख्या 16/25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## मंईयां सम्मान राशि से वंचित महिलाओं में रोष

**धुरकी।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की राशि खाते में नहीं पहुंचने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में काफी रोष देखा जा रहा है। इन दिनों महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर भी लगा रही हैं। वह परेशान लग रही है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि मंईयां सम्मान की राशि बहुत दिनों से खाते में नहीं आ रही है। सभी ने यह भी बताया कि किस कारण से पैसा नहीं आ रहा है इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं मिल पा रही है। प्रखंड कार्यालय की ओर से किसी भी महिलाओं को कोई परेशानी नहीं होगी।

## आपसी विवाद मारपीट, तीन घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव में शुक्रवार की शाम आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे घायलावस्था में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक एस कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में अमित राम, विकास राम, बीरबल तीनों पिता महजर राम के नाम शामिल है। घटना के बारे में घायल अमित ने बताया कि वह अपने घर के पास खड़ा था इसी बीच उसका चाचा बनवारी राम शराब पीकर गाली गलौज करने लगा।

# आठवीं के बच्चों के बीच साईकिल का वितरण



वितरण करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मे उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत सत्र 2024-25 के वर्ग आठवीं में अध्ययनरत्त बच्चों के बीच साईकिल का वितरण किया गया।

बीडीओ सह सीओ विकास पांडेय ने मध्य विद्यालय सिरियाटोंगर के 76 एवं मध्य विद्यालय बुलका के 29 बच्चों के बीच साईकिल का वितरण किया। इस अवसर पर विकास पांडेय ने कहा कि बच्चों को विद्यालय जाने में होने वाले परेशानी देखते हुए सरकार द्वारा इस योजना को चलाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में हाई स्कूल नहीं है और आठवीं के बाद दूरदराज के बच्चों को पैदल विद्यालय जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राहुल प्रकाश एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## चाकू मारकर महिला को किया घायल

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई निवासी चंदन प्रसाद की पत्नी रेणु देवी (30 वर्ष) पर अज्ञात अपराधियों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि रेणु देवी घर में अकेली थीं, तभी एक युवक मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचा और अचानक उनकी गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। शोर मचाने के बाद आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक महिला जमीन पर गिर चुकी थीं और आरोपी फरार हो गया।


रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–13032025–261597
CG-DL-E-13032025-261597
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1144] नई दिल्ली, बुद्धवार, मार्च 12, 2025/फाल्गुन 21, 1946
No. 1144] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 12, 2025/PHALGUNA 21, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 12 मार्च, 2025**

का. आ. 1157(अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के रांची जिले के गाँव– सिठियो, सोदाग, तालुक – नामकुम, गाँव– चेटे, तालुक – नगड़ी मे NH143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप– धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रांची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के रांची जिले के गाँव– सिठियो, सोदाग, तालुक – नामकुम, गाँव– चेटे, तालुक – नगड़ी मे NH143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रांची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिला: रांची
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 12 मार्च, 2025
https://egazette.gov.in
https:/bhoomirashi.gov.in

[फा.स. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a]/3A]
शेख अमीन खान, निदेशक

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्यायें

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर शुक्रवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

डंडई प्रखंड के सोनेहारा निवासी कुलदीप पासवान ने आवेदन पत्र समर्पित करते हुए बताया कि अबुआ आवास की पहली किस्त मिलने के पश्चात अगली किस्त नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास योजना के तहत पहली किस्त प्राप्त होने के बाद गृह निर्माण में प्लिंथ लेवल तक कार्य कर चुके हैं। परंतु दूसरी किस्त के भुगतान करने को लेकर मांग करने पर संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अबुआ आवास योजना की सूची में आपका नाम दर्ज नहीं है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत गड़बड़ी होने का मामला बताया और इस मामले की जांच कराते हुए भुगतान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। स्वास्थ्य केंद्र पीएससी चिनियां के एएनएम ने डोल क्लस्टर की सहियाओं के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की गई। चिनियां प्रखंड के डोल क्लस्टर के सहियाओं ने सामूहिक हस्ताक्षरित आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पीएससी चिनियां के एएनएम द्वारा प्रसव पश्चात 1000 से 2000 रुपये तक की मांग की जाती है एवं पैसा नहीं देने पर अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज किया जाता है। लाभार्थी एवं सहिया की पर्ची भी नहीं दी जाती है। अतः क्लस्टर की सहियाओं ने स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी चिनियां के एएनएम पर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बाजार समिति गढ़वा के झाड़ूकस चंदन राम ने आवेदन समर्पित करते हुए वेतन में बढ़ोतरी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि झाड़ूकस के पद पर वर्ष 2006 से काम कर रहे हैं, परंतु अभी तक वेतन में 1 रूपए की बढ़ोतरी भी नहीं की गई है। राजकीय माध्यमिक विद्यालय रपुरा, कांडी में शिक्षक की मांग को लेकर रपुरा निवासी बच्चों के अभिभावकों ने आवेदन समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं है जिसके कारण बच्चों के पठन-पाठन कार्य बाधित है। इस प्रकार अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के



समस्या सुनते पदाधिकारी

## मौसम का उतार- चढ़ाव

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। मौसम का बदलता पैटर्न और बढ़ती गर्मी से होने वाले परिवर्तनो को पहचनाना आवश्यक है और उसकी तैयारी भी।

## आज का राशिफल

मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अब भी दुर्गम है महिलाओं के लिए वित्त की राह



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इस बार कारोबारी अखबारों में कई चौंकाने वाली रिपोर्ट दिखीं। जैसे 2024 में पुरुष उद्यमियों ने तकनीकी स्टार्टअप के लिए 10.8 अरब डॉलर जुटा लिए मगर महिलाओं द्वारा स्थापित कंपनियों को केवल 1 अरब डॉलर मिल सके। लेकिन उसी साल महिलाओं ने 14 फीसदी ज्यादा मकान खरीदे, जबकि पुरुषों द्वारा आवासीय खरीद केवल 11 फीसदी बढ़ी। वित्तीय क्षेत्र में बेशक 20 फीसदी कर्मचारी महिला हैं किंतु इक्विटी के सौदे कराने वालों में 20 पुरुष डीलरों के मुकाबले केवल 1 महिला डीलर है।

इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ह्यलखपति दीदीह्ण झांकी पर सबका ध्यान गया। इसमें लखपति दीदी योजना को केंद्र में रखकर दिखाया गया था कि उद्यमशीलता के जरिये महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण किस तरह हो रहा है। इस योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को कम से कम एक लाख रुपये की सहायता सुनिश्चित की जाती है। मंत्रालय का दावा है कि स्वयं सहायता समूहों की कम से कम 1.15 करोड़ महिला सदस्य ह्यलखपति दीदीह्ण बन चुकी हैं। अब तक 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाएं 9.9 करोड़ स्वयं सहायता समूहों में शामिल हो चुकी हैं। उनमें से लगभग 300 ह्यलखपति दीदीह्ण बतौर विशेष अतिथि परेड में शामिल हुई थीं।

भारत में उद्यमशीलता में महिलाओं की भूमिका देखते हुए यह बड़ी बात है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि उद्यमियों में केवल 13.76 फीसदी महिलाएं हैं, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 17 फीसदी योगदान करती हैं। यह 37 फीसदी वैश्विक औसत से बहुत कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में केवल 19.2 फीसदी भारतीय महिलाएं श्रमबल का हिस्सा थीं। इससे पता चलता है कि महिलाओं और पुरुषों के रोजगार में कितना फर्क है।

आंकड़े बताते हैं कि महिला उद्यमशीलता की प्रगति और सफलता के मामले में भारत 65 देशों में 57वें स्थान पर है। लेकिन हम इतने नीचे क्यों हैं? भारत के 6.1 करोड़ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में से केवल 20 फीसदी की कमान महिलाओं के हाथ में है और उनमें आधे ग्रामीण क्षेत्र में काम कर रहे हैं। 5.26 फीसदी लघु उद्यम और 2.67 मझोले उद्यमों की अगुआई महिलाएं कर रही हैं। स्थिति बदलने की कोशिश चल रही हैं। महिलाएं हमेशा से स्वयं सहायता समूहों के जरिये कर्ज लेती आई हैं मगर अब खास तौर पर उनके लिए नए विकल्प तैयार करने का प्रयास चल रहा है।

2023-24 की आर्थिक समीक्षा



\- डॉ सत्यभान

**महिलाओं के लिए वित्त के कितने औपचारिक स्रोत उपलब्ध हैं? सूक्ष्म और लघु उद्यमों को वित्तीय मदद देने के मकसद से शुरू की गई मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रीफाइनैंस एजेंसी) योजना पर गौर करते हैं। मुद्रा की शुरूआत 2015 में की गई थी और तब से 2023-24 तक 47.8 करोड़ मुद्रा खाते खोले गए हैं। इनमें 32.4 करोड़ यानी लगभग 67.92 फीसदी खाते महिलाओं के हैं।**

बताती है कि शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तीकरण के अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धता बढ़ने के साथ ही भारत की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। ग्रामीण भारत इस नए चलन को रफ्तार दे रहा है और श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी की दर 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है, जो 2017-18 में 23.3 फीसदी ही थी। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 54.58 करोड़ बैंक खाते खुले हैं, जिनमें 30.37 करोड़ खाते (15 जनवरी 2025 तक) महिलाओं के हैं।

समीक्षा के मुताबिक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 68 फीसदी ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं और ह्यस्टैंड अप इंडियाह्ण के अंतर्गत 77.7 फीसदी लाभार्थी (मई 2024 तक) महिलाएं ही हैं। स्टैंड अप इंडिया महिलाओं और अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के उद्यमियों को नए कारोबार शुरू करने के लिए बैंक ऋण दिलाती है। ह्यस्टार्ट अप इंडियाह्ण नवाचार और प्रौद्योगिकी से चलने वाले नए कारोबारों को बढ़ावा तथा मदद देने के लिए शुरू की गई सरकारी योजना है।

महिलाओं के लिए वित्त के कितने औपचारिक स्रोत उपलब्ध हैं? सूक्ष्म और लघु उद्यमों को वित्तीय मदद देने के मकसद से शुरू की गई मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रीफाइनैंस एजेंसी) योजना पर गौर करते हैं। मुद्रा की शुरूआत 2015 में की गई थी और तब से 2023-24 तक 47.8 करोड़ मुद्रा खाते खोले गए हैं। इनमें 32.4 करोड़ यानी लगभग 67.92 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। किंतु इसके तहत मंजूर कुल रकम में 44.46 फीसदी हिस्सेदारी ही महिलाओं की है और वितरित धनराशि में केवल 44.07 फीसदी उनके हिस्से आई है।मुद्रा ऋण महिलाओं को ज्यादा मिल रहा है मगर मंजूर किए गए प्रति व्यक्ति ऋण को देखें तो उन्हें पुरुषों से कम रकम मिल रही है। जाहिर है कि महिलाओं की अगुआई वाले उद्यमों को उतना कर्ज नहीं मिल रहा, जितना उनके विस्तार के लिए जरूरी है। अगर हम मान लें कि माइक्रोफाइनैंस संस्थान (एमएफआई) केवल महिलाओं को कर्ज देते हैं तो वित्त वर्ष 2024 में 23.96 फीसदी खाते महिलाओं के थे। मगर 2022-23 के 25.01 फीसदी और 2021-22 के 25.98 फीसदी से ये कम हैं।

अब 2020-21 को आधार मानकर साल-दर-साल खुले महिलाओं के खातों और उन्हें दिए गए कर्ज पर नजर डालते हैं। वित्त वर्ष 22 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में महिला खाताधारकों की संख्या 19 लाख घट गई मगर अगले वित्त वर्ष में 17 लाख तथा 2023-24 में 14 लाख महिलाओं ने खाते खुलवाए। निजी बैंकों ने 2021-22 में में 45 लाख महिलाओं के नए खाते खोले मगर 2022-23 में 16 लाख और 2023-24 में 11 लाख खाते बंद हो गए।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर नजर डालें तो 2021-22 में 1 लाख खाते घटे मगर उधार लेने वाली महिलाओं की संख्या 2022-23 में 16 लाख और 2023-24 में 4 लाख बढ़ गई। मगर मुद्रा योजना के तहत नई महिला कर्जदारों की संख्या लघु वित्त बैंकों में लगातार घट रही है। 2021-22 में आंकड़ा 18 लाख था, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 8 लाख और 2023-24 में 7 लाख रह गया।

महिलाओं को मिला कर्ज देखें तो 2021-22 में सरकारी बैंकों ने 4,000 करोड़ रुपये कम ऋण दिया मगर अगले वित्त वर्ष में 41,000 करोड़ रुपये ज्यादा दिए गए। 2023-24 में एक बार फिर ऋण वितरण में 21,000 करोड़ रुपये कमी आ गई। उनके उलट निजी बैंकों से नया कर्ज लगातार बढ़ रहा है। 2021-22 और 2022-23 में 24,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज दिए गए और 2023-24 में 34,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज मिले। लघु वित्त बैंकों ने 2021-22 में 10,000 करोड़ रुपये के नए कर्ज दिए थे किंतु आंकड़ा घटते हुए 2023-34 में 7,000 करोड़ रुपये ही रह गया। एमएफआई से नए कर्ज 2021-22 में 2,000 करोड़ रुपये थे, जो बढ़कर 2022-23 में 18,000 करोड़ रुपये हो गए मगर अगले वित्त वर्ष में घटकर 10,000 करोड़ रुपये रह गए।

भारत को 2047 तक विकसित देश बनना है तो महिलाओं को काम मिलना भी उतना ही जरूरी है जितना कर्ज मिलना। उम्मीद है कि दोनों में ही तेजी आएगी।

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**- जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

**झारखंड** विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है. सदन में माननीय सदस्यों के हर एक सवाल को लेकर सरकार गंभीर है. खासकर कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री होने के नाते विभाग से संबंधित माननीय सदस्यों के सवाल का सटीक और तर्कपूर्ण जवाब से संतुष्ट करना मेरी प्राथमिकता है(

**- शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 2025 के 14वें दिन की कार्यवाही में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला। जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे प्रदेश के विकास और जनता की अपेक्षाओं को प्रभावी रूप से सदन में रखने का मौका मिला।

**- चमरा लिंडा**

# 1 करोड़ युवाओं को नौकरी का मौका !

**जॉब्स**

**जानिए क्यों खाली रह गए लाखों इंटर्नशिप के ऑफर**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड, मारुति सुजुकी, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आयशर मोटर्स उन पांच कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने सबसे ज्यादा इंटर्नशिप के मौके दिए हैं। यह जानकारी संसद में पेश की गई कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (टउअ) की रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि योजना को चलाने में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। जैसे, जितनी इंटर्नशिप के मौके कंपनियां दे रही हैं, उतने लोग उसे जॉइन नहीं कर रहे। इसके अलावा, इंटर्नशिप करने वाले लड़के ज्यादा हैं और लड़कियां कम। लड़कों की संख्या 72% है और लड़कियों की 28%। साथ ही, सरकार ने इस योजना के लिए जितना पैसा रखा था, उसका पूरा इस्तेमाल भी नहीं हो पाया है। संसद की समिति ने मंत्रालय से कहा है कि इन दिक्कतों को जल्दी सुलझाए और ज्यादा लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाए।

### कितने लोगों ने लिया फायदा?

योजना के पहले चरण में 1.27 लाख इंटर्नशिप के मौके दिए गए थे और दूसरे चरण में 1.15 लाख मौके। दिसंबर 2024 से अब तक 28,000 से ज्यादा युवाओं ने इंटर्नशिप का ऑफर स्वीकार किया है, लेकिन इनमें से सिर्फ 8,700 युवाओं ने इंटर्नशिप शुरू की है।

उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा 1,234 युवाओं ने योजना के तहत इंटर्नशिप शुरू की है। इसके बाद असम के 994, बिहार के 715 और मध्य प्रदेश के 693 युवाओं ने जॉइन किया है।

**लड़कियों और लड़कों का अनुपात**

पुरुष 72%
महिला 28%

उम्र के हिसाब से संख्या

| | |
|---|---|
| 21 | 32% |
| 22 | 35% |
| 23 | 33% |

क्यों कम हो रही है इंटर्नशिप में रुचि?

मंत्रालय ने बताया कि कई वजहों से युवाओं की भागीदारी कम हो रही है। सबसे बड़ी वजह यह है कि इंटर्नशिप की जगह घर से बहुत दूर होती है। युवाओं ने कहा है कि अगर इंटर्नशिप उनके घर से 5 से 10 किलोमीटर के अंदर हो तो वे आसानी से जॉइन कर सकते हैं। इसके अलावा, इंटर्नशिप की अवधि लंबी होने और उनकी पढ़ाई या रुचि के हिसाब से सही काम न मिलने की वजह से भी लोग पीछे हट रहे हैं। साथ ही, आईटीआई और पॉलिटेक्निक के छात्रों के लिए उम्र सीमा कम करने की भी मांग उठ रही है।

योजना को सुधारने के लिए कदम

मंत्रालय ने बताया है कि वे इस योजना को बेहतर बनाने के लिए लगातार छात्रों से फीडबैक ले रहे हैं। इसके लिए आईआईएम-बेंगलुरु, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, सिम्बायोसिस और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स जैसे बड़े संस्थान छात्रों से राय ले रहे हैं।

समिति ने यह सुझाव दिया है कि सभी राज्यों में एक खास एजेंसी बनाई जाए, जो इस योजना को ठीक से लागू करे और देखरेख करे। इससे देशभर में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी के लिए जरूरी स्किल्स मिल पाएंगे।

### बजट और कंपनियों की भागीदारी

योजना के पहले चरण में 280 कंपनियां शामिल हुई थीं। दूसरे चरण में इनकी संख्या बढ़कर 318 हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए पहले 2000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, जिसे घटाकर 380 करोड़ रुपये कर दिया गया। लेकिन फरवरी 2025 तक केवल 21.10 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाए। हालांकि, अगले साल 2025-26 में सरकार ने इस योजना के लिए बजट बढ़ाकर 10,831.07 करोड़ रुपये कर दिया है।

### एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच सालों में देश की 500 बड़ी कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाए। इस योजना की शुरूआत 3 अक्टूबर 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर हुई थी। पहले साल यानी 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप का मौका देने का लक्ष्य रखा गया। समिति ने मंत्रालय से कहा है कि वह तेजी से काम करे और इन दिक्कतों को दूर करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इसका फायदा पहुंचाए।

# दुरुस्त हो सूर्य घर बिजली योजना

**एनर्जी**

भारत में सौर ऊर्जा के अपेक्षाकृत कम उत्पादन और ताप बिजली पर अधिक निर्भरता देखकर पिछले वर्ष फरवरी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का ऐलान किया गया। इसे बड़ी क्रांतिकारी योजना माना गया था। मार्च 2027 तक 1 करोड़ घरों में सौर ऊर्जा आपूर्ति शुरू करने के मकसद वाली इस योजना के तहत रिहायशी घरों को 1 किलोवाट सौर ऊर्जा प्रणाली पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये और 3 तथा उससे अधिक किलोवाट वाली प्रणाली पर 78,000 रुपये सब्सिडी दी जाती है। इससे घरों में बिजली का बिल तो घटेगा ही, वे बची हुई बिजली ग्रिड को बेच भी सकते हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए सब कुछ था। इसे जमकर रकम भी मिलीः 2024-25 के बजट में 6,250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो बढ़ाकर 11,100 करोड़ रुपये कर दिए गए और 2025-26 के बजट में इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये तय किए गए। सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल बनाकर आवेदन प्रक्रिया को सरल भी बनाया है और बैंक से कर्ज की प्रक्रिया सुगम की है। योजना के तहत मांग भी खूब रही और 47.3 लाख आवेदन आए। मगर साल भर गुजरने के बाद भी योजना का प्रदर्शन कमजोर ही रहा है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 10 मार्च तक 10 फीसदी लक्ष्य ही हासिल हो पाया है। कुछ रिपोर्ट के अनुसार हर महीने औसतन 70,000 घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली लग रही हैं। इस रफ्तार से तो 2026 तक 30 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो पाएगा। देश के विभिन्न इलाकों में रफ्तार भी अलग है, मसलन दो-तिहाई प्रणालियां तो गुजरात और महाराष्ट्र में ही लगी हैं। हालांकि इन दोनों राज्यों में सबसे ज्यादा बिजली खपत होती है मगर योजना सभी राज्यों में समान गति से क्रियान्वित होती तो देश की बड़ी आबादी को इसके फायदे मिल पाते।

उपकरणों में गुणवत्ता और मानकीकरण की कमी इस सुस्ती की बड़ी वजह है मगर उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। छत पर सौर ऊर्जा उपकरण (रूफटॉप सोलर सिस्टम) लगाने के बाजार में कम अनुभव वाली नई कंपनियां आ जाएं तो काम खराब होने ही लगता है। मरकॉम इंडिया के एक अनुसंधान में पता लगा कि सौर ऊर्जा का अपना कार्यक्रम छोड़कर सूर्य घर बिजली योजना अपनाने वाले राज्य केरल में नेट मीटरिंग मॉड्यूल जैसी अनिवार्य गुणवत्ता जांच को क्रियान्वयन एजेंसी ने नजरअंदाज कर दिया। मॉड्यूल के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

मॉड्यूल के आकार और उपकरणों की गुणवत्ता में फर्क होने के कारण उपकरण को लगाने यानी इंस्टॉलेशन में समस्या आने लगी और उपभोक्ता उसे लगवाने से इनकार करने लगे।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय रूफटॉप सोलर सिस्टम में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न पुर्जों के लिए मानक तय कर इस समस्या को दूर कर सकता है। कुछ सरकारी बिजली वितरण कंपनियों में पुरानी दिक्कतों ने भी योजना में बाधा डाली है। गुजरात की कंपनियों जैसी कुछ वितरण कंपनियां योजना के क्रियान्वयन में बहुत आगे रही हैं मगर दूसरी कंपनियों को डर है कि सौर ऊर्जा को ग्रिड में लेने पर उनकी माली हालत पहले से भी ज्यादा खस्ता हो जाएगी। साथ ही वे सौर ऊर्जा लेने को इसलिए भी तैयार नहीं हैं क्योंकि यह केवल दिन में ही मिल सकती है।

सरकार वैसी ही सक्रियता दिखाए, जैसी उसने स्वच्छ भारत और हर घर नल से जल जैसी योजनाओं के लिए दिखाई थी तो प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रदर्शन और भी चमक सकता है। गर्मियों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, इसलिए भारत को ताप बिजली पर अपनी निर्भरता फौरन कम करनी चाहिए।



**ग्वालियर प्रवास के दौरान यहां के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बंदी छोड़ साहिब के पुण्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पवित्र स्थल गुरु हरगोबिंद साहिब जी के द्वारा 52 राजाओं को मुक्त कराया गया। साभारः अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### करमा परियोजना का डीजीएमएस व सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने किया निरीक्षण



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना में सीसीएल कर्मी सह टैंकर चालक विश्वनाथ महतो तोयरा निवासी को छिड़काव करने को लेकर हॉल रोड से खदान में पानी लेने के लिए उतरने के दौरान हुए टैंकर पलटने की घटना के बाद गुरूवार को सीसीएल मुख्यालय के खान सुरक्षा निरीक्षक (डीजीएमएस) आरके राव ने परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों से घटना की जानकारी लिया। साथ ही कहा कि कोयला कामगारों की सुरक्षा में कोई चुक न हो इसके लिए सजग रहने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजू रविदास, खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, परियोजना अभियंता उत्खनन एके दास, सेफ्टी अधिकारी राजकुमार, एमके भदाई आदि शामिल थे। मौके पर क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साव, नंदकिशोर प्रसाद धनेश्वर महतो, राजकुमार महतो, शशि कुमार, शेख समीउल्लाह, गुलाब महतो, सुरेंद्र नायक, हेमंत कुमार आदि शामिल थे।

### 62 बच्चों की हुयी फ्लोरोसिस जांच



**रामगढ़।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण के अंतर्गत शुक्रवार को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में पब्लिक स्कूल घुटवा, पतरातू में जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल मिलाकर 62 बच्चों की जांच डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट एवं सीएचओ स्नेहा कुमारी, एएएम घुटूवा द्वारा की गई। कुल 20 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच उपरान्त 14 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट ने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं । साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खट्टे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी।

### डकरा में मजदूर यूनियन का सम्मलेन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इनके एरिया के वीआईपी रेस्ट हाउस डकरा में शुक्रवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय 36वां सम्मलेन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 22 मार्च को संपन्न होगा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि एचएमएस के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू, पूर्व मंत्री सह कोल फील्ड मजदूर यूनियन के अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह और कोलफील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन उपस्थित थे। इस सम्मेलन में बरका-सयाल क्षेत्र से उदय कुमार सिंह, रमाकांत दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, संजय यादव, पप्पू सिंह, विनोद साव, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार, गौरी शंकर, आशीष कुमार साहू, बैजनाथ केवट, सनोज हरिजन, योगी मांझी आदि शामिल हुए।

### बाइक चोरी का ओपी में आवेदन

कुजू। बाइक चोरी होने को लेकर होन्हेमोढ़ा निवासी मनोज महतो ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुरुवार को सब्जी खरीदने को लेकर आरा कांटा बाजार गया हुआ था। इस दौरान अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस संख्या जेएच01ईए-7277 को खड़ा कर सब्जी लेने के लिए चला गया। वापस लौटा तो देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर बाइक बरामदगी करने की गुहार लगाई है।

### ओलिंपियाड में अग्रसेन स्कूल के 16 बच्चों को नेशनल और 46 को मिला स्टेट रैंक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के 16 विद्यार्थियों को ब्लूम ओलिंपियाड परीक्षा में नेशनल रैंक मिला है। इसके अलावा 46 विद्यार्थियों ने स्टेट रैंक प्राप्त किया है। अलग-अलग कक्षा के कई विद्यार्थियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल भी मिला है। शुक्रवार को स्कूल में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थी अंग्रेजी, गणित, साइंस, हिंदी, रीजनिंग के ओलिंपियाड में शामिल हुए थे। नेशनल रैंक पाने वालों में नेहाल अंसारी, अंकिता कुमारी, परी कुमारी, मरियम खातून, माही कुमारी, प्रीति कुमारी, मेहर परवीन, राबिलाह फातिमा, नवीन कुमार, साक्षी मुंडा, आदित्य सिन्हा, अंशु कुमार, मनीष कुमार, अंजली कुमारी, आर्यन कुमार बेदिया, साक्षी मुंडा शामिल हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्रों ने नेशनल और स्टेट रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। हमारी कोशिश होती है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहें। इसी उद्देश्य से ओलिंपियाड को विधिवत स्कूल के सिलेबस में शामिल कर उसकी पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों को भविष्य में सीख भी मिलती है। बच्चों की सफलता पर ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर अंकित विश्वकर्मा, सूरज सिंह, विजय शर्मा सहित शिक्षकों ने बधाई दी।

# वसंत यादव बने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

- पहली बार ग्रामीण युवक को महासमिति का नेतृत्व सौंपा गया
- सांसद मनीष जायसवाल विधायक प्रदीप प्रसाद समेत कई लोगों ने दी बधाई



**हजारीबाग।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हो गया, जिसमें पहली बार ग्रामीण क्षेत्र के एक युवा को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। सदर प्रखंड के बांका गांव के वसंत यादव ने रिकॉर्ड 116 मतों के साथ जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। यह पहली बार है जब शहर के बाहर से किसी ग्रामीण युवक को महासमिति का नेतृत्व सौंपा गया है। रामनवमी महासमिति के इस चुनाव में चार युवा प्रत्याशी मैदान में थे।

वसंत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विशाल बाल्मीकि (61 मत) को बड़े अंतर से हराया। अन्य प्रत्याशियों में दिलीप गोप को 30 और मीत यादव को 15 मत प्राप्त हुए। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हजारीबाग में उत्साह की लहर दौड़ गई, और जय श्रीराम व वीर हनुमान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान और बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने वसंत यादव के नाम की घोषणा की। विजयनंद दास ने इस चुनाव को सनातन धर्म और लोकशक्ति की जीत बताया।

वहीं, संरक्षण समिति ने वसंत यादव को बधाई देते हुए कहा कि रामनवमी की ऐतिहासिक परंपरा को बनाए रखने में वे पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करें। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वसंत यादव ने सभी अखाड़ों, पूर्व पदाधिकारियों और महासमिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प लिया कि इस वर्ष रामनवमी को भक्तिभाव, शांतिपूर्ण वातावरण और भाईचारे के साथ नशामुक्त आयोजन के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी जताई। विजय के बाद वसंत यादव ने पंच मंदिर, हनुमान मंदिर और बुढ़वा महादेव मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर हजारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे। साथ ही, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह और समाजसेवी किशोरी राणा समेत कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। हजारीबाग की विश्वविख्यात रामनवमी अब और भव्य स्वरूप में आयोजित होने की उम्मीद है, जहां ग्रामीण नेतृत्व एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।

# रिश्वत लेकर दिया गया अबुआ आवास

## तीन लाभुकों से वापस ली जायेगी राशि : डीसी

**रामगढ़।** अबुआ आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना गरीबों को छत देने के लिए बनाई गई है। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव की ओर से रिश्वत लेकर गरीबों का हक छीनने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मांडू प्रखंड के बड़का चुंबा पंचायत से जब यह शिकायत सामने आई तो डीसी चंदन कुमार ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने इस पूरे मामले की तहकीकात कराई और रिश्वत देकर अबुआ आवास का लाभ लेने वाले तीन लाभुकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। तीनों लाभुकों आवंटित की गई राशि की रिकवरी की जाएगी। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि बड़काचुंबा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके लोगों को पुनः अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिया गया था। इस मामले में बीडीओ मांडू को पत्र लिखकर मामले की स्थल जांच कराई गई। इसमें पंचायत सचिव, लाभुक और मुखिया तीनों की मिलीभगत स्पष्ट हो गई। जांच में यह भी स्पष्ट हो गया की मोटी रकम लेकर योजना का लाभ दिया गया है। डीडीसी ने बताया कि पूर्व में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त व्यक्तियों दुखन प्रजापति पिता बैजनाथ प्रजापति जिसका आईडी.- जेएच 2465077 है। दुखन प्रजापति की पत्नी फुलकी देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है। जिसका आईडी 1972092 है। फुलकी देवी को तीन किस्त में 180000 का भुगतान विभाग ने किया है। उन्होंने बताया कि जगरनाथ प्रजापति आईडी जेएच 2504833 है। जगरनाथ प्रजापति की पत्नी संगीता देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है जिसका आईडी 2120977 है।

### बरकट्ठा में चार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** पुलिस ने कोयला लदे ट्रकों जब्त किए गए चार ट्रकों को थाने के सामने सड़क पर खड़ा किया गया था। इसी बीच मौका पाकर इन ट्रकों के चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए चालकों को पकड़ लिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।पुलिस ने इन चालकों के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया और कांड संख्या 33/25 के तहत उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार किए गए चालकों में अजय कुमार (पिता महादेव यादव) और श्यामसुंदर यादव (पिता लालधारी यादव), दोनों निवासी आल्हो, थाना जयनगर शामिल हैं। इसके अलावा, मनोज तुरी (पिता देबु तुरी), निवासी फरकी पत्थर, थाना कौआकोल, जिला नालंदा और सुधीर प्रसाद , निवासी जेहालडीह, थाना सिरदला, जिला नवादा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# हजारीबाग के सिंदूर में बन रहा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

खबर मन्त्र संवाददाता

### झारखंड में 60 इकाइयां स्थापित

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले के सिंदूर इलाके में एक नया प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित किया जा रहा है। यह इकाई राज्य में पर्यावरणीय समस्याओं को कम करने और प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान में मदद करेगी। झारखंड में ऐसे कुल 60 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट बनाए जा रहे हैं, जिससे राज्य को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

इस मामले पर राज्य के स्वच्छता विभाग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर नितिन कुमार से हजारीबाग के सर्किट हाउस में खबर मन्त्र संवाददाता ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि ये यूनिट प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल करके प्रदूषण को कम करेंगी और जल, मिट्टी व वायु को स्वच्छ बनाए रखेंगी। इस पहल से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आजीविका में सुधार होगा। इन यूनिट्स से स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती मिलेगी और सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक कचरा कम होगा।साथ ही प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर इको-फ्रेंडली उत्पादों में बदला जाएगा, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की खपत भी कम होगी। ये यूनिट नगर निगम और ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन में सहयोग देंगी। प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल कर नई ऊर्जा स्त्रोतों के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जिससे ऊर्जा संकट से निपटने में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि हजारीबाग के सिंदूर समेत झारखंड के विभिन्न हिस्सों में स्थापित होने वाली ये यूनिट्स पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और स्वच्छता के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगी। यह पहल प्लास्टिक कचरे को सही तरीके से निपटाने और पुनःउपयोग की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे झारखंड को एक स्वच्छ और हरित राज्य बनाने में मदद मिलेगी।

### जेएसपी में धूमधाम से मना सावित्री जिंदल का जन्मदिन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में गुरुवार को कंपनी की संरक्षिका सावित्री जिंदल का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक, सामाजिक और सेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सुबह हनुमान मंदिर में सत्यनारायण कथा और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों के लिए सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बिरहोर कॉलोनी, लेप्रसी कॉलोनी के निवासियों और प्रयास विद्यालय रामगढ़ के बच्चों के बीच फूड पैकेट्स वितरित किए गए। इसके अलावा गर्ल्स फुटबॉल टीम की खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की गई। साथ ही हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें 800 से अधिक लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिंदल क्लब में मेगा हेल्थ कैंप उद्घाटन प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने किया। कैंप में ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची के डॉक्टरों ने मूत्र रोग, हड्डी रोग, किडनी रोग, शिशु रोग एवं सामान्य बीमारियों की जांच की। डॉ. अनुभव जैन, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शालिनी प्रिया और डॉ. रंजीत कुमार ने 200 से अधिक मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया।

# सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा

- श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा में चार दिवसीय समागम संपन्न लंगर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा मेनरोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में चल रहे चार दिवसीय समागम कार्यक्रम शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हो गया। गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित श्रीगुरु ग्रंथ साहेब के 48 घंटे के अखंड-पाठ के समापन के बाद श्री गुरुसिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में बने नए भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित गुरुग्रंथ साहेब के 48 घंटे के पाठ के समापन के बाद उन्हें विधिविधान से भुरकुंडा थाना मैदान स्थित समारोह स्थल ले जाया जाएगा। जहां पूरे दिन शबद कीर्तन सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहे गुरू की खालसा, वाहे गुरू की फतेह, जो बोले सोनी हाल सत श्री अकाल के उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस धार्मिक समागम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कारसेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह और श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह जैसे प्रमुख संत एवं धार्मिक गुरु शामिल हुए। कार्यक्रम के आकर्षण में जमशेदपुर के अखाड़े का बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका, अकालदाढ़ी जत्था और महिपाल सिंह का रागी जत्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। इनके अलावा रांची-रामगढ़ से आने वाले सेवादारों का योगदान इस कार्यक्रम को सबों के लिए यादगार बना दिया। जमशेदपुर से आए भाई धीरज सिंह, भाई रंजीत सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई तरसेन सिंह और भाई दिलदार सिंह ने अखंड-पाठ में शामिल थे। इस आयोजन को लेकर रांची-रामगढ़, सहित पंजाब और पटना साहेब गुरुद्वारा से 101 सेवादार भुरकुंडा गुरूद्वारा में गुरू के अटूट लंगर, पाठ सहित समस्त धार्मिक कार्यक्रमो में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर गुरू के अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सिख समाज के अलावा सैंकड़ों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, रिभर साईड गुरूद्वारा के प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, प्रवीण शर्मा, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, जगतार सिंह, बलजीत सिंह, अशोक चौहान, डब्लू सिंह सहित दर्जनों लोगों ने गुरूद्वारा में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

चार दिवसीय समागम कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रंथि बाबा धीरज सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु, राजेंद्र त्रेहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, परमजीत सिंह धामी, जसपाल सिंह, रिंकू सिंह धामी, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रीत सिंह, जसवीर कौर, अनीता कौर, संगीता कौर, जया कौर, राजरानी कौर, करम कौर, जसमीत कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### पलाश के फूलों से महक उठा हजारीबाग



**बरही।** प्रकृति की अपनी भाषा होती है, और जब वह खिलखिलाती है, तो पलाश के फूलों के रूप में साकार होती है! इन दिनों हजारीबाग का हर जंगल, हर गांव और हर कोना सिंदूरी आभा से दमक रहा है। जहां तक नजर जाए, वहां बस लाल, नारंगी और सुनहरे रंगों की बिछी चादर। यह नजारा किसी चित्रकार की कूची से निकले स्वप्न जैसा प्रतीत होता है, जिसे कुदरत ने खुद अपने हाथों से रचा है।बरही प्रखंड सहित पूरे हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों और जंगलों में इन दिनों पलाश के पेड़ फूलों से लदे हुए हैं। यह फूल न केवल पर्यावरण को संवारता है बल्कि आदिवासी संस्कृति और धार्मिक अनुष्ठानों में भी अहम स्थान रखता है। बसंत ऋतु की दस्तक के साथ ही ह्यजंगल की ज्वालाह्न कहे जाने वाले इस वृक्ष के फूल खिल उठते हैं, और धरती का श्रृंगार कर देते हैं। केवल सुंदरता ही नहीं, पलाश ग्रामीण जीवन में रोजगार का भी अहम जरिया है। इसकी पत्तियों से बने दोने-पत्तल जहां रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं, वहीं इसके फूलों से प्राकृतिक गुलाल बनाया जाता है, जो होली में विशेष रूप से उपयोग होता है। जड़, तना और बीज—हर भाग का किसी न किसी रूप में उपयोग किया जाता है, जिससे कई ग्रामीणों की आजीविका चलती है।

### चरही : 42 स्कूलों के एचएम को मिले टैब

**चरही।** चरही बीआरसी में 42 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा टैब का वितरण किया गया। बीईओ नागेश्वर सिंह ने बताया कि 30 से अधिक छात्रों वाले स्कूलों को ऑनलाइन कार्य के लिए यह टैब दिए गए हैं। इन टैब के माध्यम से शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाएंगे और स्कूल से संबंधित रिपोर्ट तैयार करेंगे। कार्यक्रम में बीपीएम गौतम कुमार शर्मा, सीआरपी संतोष रणवीर कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार भी कई स्कूलों को टैब दिए जा चुके हैं।

### चरही में झामुमो का स्थापना दिवस चार को

**चरही।** चार अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस ऐतिहासिक बनाने को लेकर कुज्जु में बैठक आयोजित की गई। चुरचू प्रखंड सचिव आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पंचायत, प्रखंड, जिला और केंद्रीय कमिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आनंद कुमार ने कहा कि झामुमो जल, जंगल, जमीन की पार्टी है और इसका संघर्ष झारखंड के विकास के लिए है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से स्थापना दिवस में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

### बिजली वितरण में एक ही कंपनी को ठेके देने का आरोप

**बड़कागांव।** विधायक रौशनलाल चौधरी ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पर अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से ठेकेदार मेसर्स वेस्टर्न इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और राहुल इंटरप्राइजेज को ही करोड़ों रुपये के ठेके दिए जा रहे हैं। निविदा में हेरफेर कर ठेके हासिल किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। विधायक ने सरकार से निविदा निस्तारण की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### तिलैया जलाशय विस्थापितों का मुद्दा सदन में उठा

**बरही।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में तिलैया जलाशय से विस्थापितों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि 1951-52 में विस्थापित किए गए परिवारों को अब तक जमाबंदी पर्चा क्यों नहीं दिया गया? राजस्व मंत्री ने स्वीकार किया कि 38 रैयतों को शुद्धि पत्र जारी किए गए हैं, लेकिन अधिकांश भूमि वन विभाग के अधीन होने से जमाबंदी में दिक्कत आ रही है। सरकार ने वन विभाग से 400 एकड़ भूमि डी-नोटिफाई करने का प्रस्ताव भेजा है।

### केवाईसी नहीं कराने पर कार्ड से नाम कटेगा

**बड़कागांव।** प्रखंड कार्यालय में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। एमओ भास्कर राज ने बताया कि 21 से 28 मार्च तक केवाईसी सप्ताह मनाने का निर्देश दिया गया है। जिन लाभुकों का ई-केवाईसी 31 मार्च तक नहीं होगा, उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे लाभुकों को समय पर राशन दें और केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराएं।

### रामनवमी को लेकर मंगुरा में कमिटी गठित

इचाक। महावीर स्थान मंगुरा में रामनवमी को लेकर बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष कैलाश प्रसाद मेहता और सचिव महेश कुमार मेहता चुने गए। कमिटी के अन्य पदाधिकारी यथावत रखे गए। बैठक में सार्वजनिक दुर्गा मंडप निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई और गांवों को दिए गए लक्ष्य के अनुसार राशि जमा करने की अपील की गई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरहुल महोत्सव में शामिल होंगे शिक्षा मंत्री

**चरही।** 6 अप्रैल को चुरचू प्रखंड के बोदरा टोला बागजोबरा में दिशोम बाहा (सरहुल) महोत्सव में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में झामुमो के वरिष्ठ नेता फागू बेसरा, सोनाराम मांझी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन जाहेर संस्था, झरना झारखंड ट्रस्ट और दिशोम बाहा महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है।

### पुनाई टांड़ में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ शुरू

**दारु।** पुनाई टांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 21 मार्च को 551 कलशों के साथ गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। यज्ञ का संचालन पूज्य स्वामी हेतिराजाचार्य जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। इस दौरान संध्या प्रवचन, रात्रि जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

### पानी के बिना बेकार पड़ा प्रखंड का शौचालय



बरही। बरही प्रखंड मुख्यालय का शौचालय में पानी की एक बूंद तक नहीं। शौचालय में गंदगी और बदबू का अंबार है।महिलाओं को भी खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ता है, जिससे स्वच्छता अभियान की असलियत पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा हो जाता है। इस गंभीर मुद्दे पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, शौचालय तो बना दिया गया, लेकिन उसमें पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह शोपीस बनकर रह गया है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए।ङ्कजब इस मुद्दे पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से बात की गई, तो उन्होंने जवाब दिया कि ङ्कएक-दो दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।ङ्क लेकिन सवाल उठता है—क्या यह सिर्फ एक और सरकारी वादा है या वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई होगी?

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, कहा

# सूची में नाम जोड़ने व सुधार का काम किया जा रहा है ताकि योग्य मतदाता निबंधित होने से वंचित न रहें

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखण्ड रांची के प्राप्त मार्गदर्शन पर निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष, प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि 30 अप्रैल 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर किसी भी अनसुलझें मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किया जा रहा है। इस हेतु अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर पर स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर आपके साथ नियमित बैठक कर विचार-विमर्श किया जायेगा एवं आपसे सुझाव लिए जायेंगे। प्राप्त सुझाव को मौजूदा कानूनी ढांचों के अनुसार हल किया जायेगा। उन्हें अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुएल और हैंडबुक (जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है) ने स्वतंत्र और



निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढाचा स्थापित किया है। लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने में सभी राजनीतिक दलों का सहयोग जिला प्रशासन को प्राप्त हुआ है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें धन्यवाद व्यक्त किया गया। विगत आम चुनावों (लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव 2024) के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार सभी प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों को समान रूप से सभी कार्यों में अपेक्षित सुलभता मुहैया करायी गई है, इसके बावजूद यदि किन्ही को किसी प्रक्रिया में कोई असुविधा का सामना करना पड़ा हो तो, जिला प्रशासन को संसूचित कराने हेतु अनुरोध किया गया ताकि भविष्य में इस विषय पर विशेष सावधानी बरती जा सके।

वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम एवं अन्य विवरणी में अपेक्षित सुधार करने एवं मृत, अनुपस्थित आदि मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की कार्रवाई सतत् अद्यतनीकरण के तहत् की जा रही है। इस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में निबंधित होने से वंचित नहीं रहे। सतत् अद्यतनीकरण में प्राप्त प्रपत्र 6, 7, एवं 8 की विवरणी सभी उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार डाकघर के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र का वितरण किये जाने के संबंध में बताया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं होने पर 1950 टॉल फ्री दूरभाष नं. पर संपर्क किया जा सकता है। उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है सभी मतदान केन्दों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के द्वारा फैमिली यूनिट के लिए घर-घर सत्यापन करवाना सुनिश्चित करेंगे। सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेन्ट की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने का अपील की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## अपराधियों के हमले में घायल युवक की मौत, गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम



- अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रशासन के आश्वासन के बाद हटा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शहर के मेन रोड, जामा मस्जिद के पास हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल अंकित गुप्ता की रांची में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई। इस घटना के बाद दीभा मोहल्ले में मातम छा गया है। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे अंकित गुप्ता स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने जामा मस्जिद के पास उसे रोककर लोहे की रॉड, फाइटर, चाकू समेत अन्य हथियारों से हमला कर अधमरा कर दिया और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सांप्रदायिक तनाव की अफवाह तेजी से फैल गई। ईद की खरीदारी करने आए लोग डर के मारे दुकानों को बंद कर भागने लगे।

**इलाज के दौरान तोड़ा दम :** घायल अंकित को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हजारीबाग और फिर रांची रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने एनएच-22 (चतरा-रांची) और चतरा-गया रोड को जाम कर दिया, जिससे यातायात ठप हो गया। कई घंटों तक चले प्रदर्शन के बाद, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी और झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के प्रयासों से आक्रोशित लोग शांत हुए और जाम हटा। मौके पर पहुंचे एएसपी अभियान ऋत्विक श्रीवास्तव, एसडीओ जहुर आलम और एसडीपीओ संदीप सुमन ने हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और मृतक के आश्रित को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। घटना स्थल पर प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा, बीडीओ हरिनाथ महतो और थाना प्रभारी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का दावा है कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एसपी ने किया पुलिस गेस्ट हाउस का उदघाटन



**कोडरमा।** थाना परिसर में नवनिर्मित पुलिस गेस्ट हाउस का उदघाटन शुक्रवार को एसपी अनुदीप सिंह ने किया। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए एसपी श्री सिंह ने कहा कि गेस्ट हाउस निर्माण होने से पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को काफी सुविधा होगी, उन्होंने कहा कि न्यायालय में गवाही देने आने वाले पदाधिकारियों को रात्रि में ठहरने में काफी असुविधा होती थी, उनकी समस्याओं को देखते हुए गेस्ट हाउस का निर्माण करवाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अब बाहर से आने वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को विश्राम करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस गेस्ट का इस्तेमाल दूसरे विभाग के पदाधिकारी भी कर सकतें हैं। मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश, महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी, एसटीएससी थाना प्रभारी ब्लेन्द्र रविदास, पुलिस एसोसिएशन अध्यक्ष उमानाथ सिंह, सार्जेंट मेजर विधानचंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

### कोलकाता के व्यवसायी की पत्नी ने पति की खोजबीन को लेकर थाना में दिया आवेदन



**कोडरमा।** कोलकाता से अपनी जमीन संबंधित मामलों को लेकर कोडरमा पहुंचे 40 वर्षीय व्यवसायी सुमीत अवस्थी की खोज में कोडरमा पुलिस जुट गई है। बता दें कि 16 मार्च को वह अपने जमीन संबंधित मामलों को लेकर कोलकाता से कोडरमा के लिए चले थे। 17 मार्च को वह अपनी पत्नी से कोडरमा न्यायालय में होने की बात बताई थी। मगर बाद में उनका फोन बंद आने लगा। इसको लेकर परिवारजनों में चिंता बढ़ गई है। इस मामले में उनकी पत्नी ने कोलकाता थाना में भी शिकायत दर्ज कराई है। बाद में पता चला कि मोबाईल का लोकेशन कोडरमा बताया जा रहा है। इस संबंध में कोडरमा थाना में भी आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की है।

### होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने के आरोप में संगम फर्नीचर सील

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा के निर्देश के आलोक में बाईपास रोड कोडरमा में स्थित संगम फर्नीचर दुकान को सील कर दिया गया। इस सम्बंध में नगर प्रशासक ने बताया कि उक्त दुकानदार को होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर कई बार नोटिस दिया गया परन्तु न तो उनके द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा किया जा रहा था और न ही ट्रेड लाइसेंस लिया जा रहा था, विभागीय निर्देश के अवहेलना के आरोप में उक्त कार्रवाई की गई। मौके पर नगर पंचायत के कर्मी आदि मौजूद थे।

### वन रक्षाबंधन पर्यावरण अभिनव प्रयास है : मनोज दांगी



कोडरमा। हंसदोन प्रखंड पालकोट गुमला में वन रक्षाबंधन का 15वां वर्षगांठ आयोजित किया गया। जहां ग्रामीणों ने बड़े धूम-धाम से कलश यात्रा लेकर रक्षाबंधन स्थल पर झारखंडी परंपरा के अनुसार बाजे-गाजे के साथ पहुंचे और विधिवत रूप से पूजा अर्चना किये। वहीं प्रमुख प्रकाश मुंडा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर वन रक्षाबंधन कार्यक्रम प्रारंभ किया। ज्ञात हो की इस कार्यक्रम के तहत प्रातः बेदी पर दीप जलाना, महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों के द्वारा पूजन-अर्चन और साधना के बाद वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधने के उपरांत सभा का आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण बच्चों पर्यावरण प्रेमी जनप्रतिनिधि भाग लेते हैं। बच्चों और ग्रामीणों के द्वारा पर्यावरण संबंधी नुक्कड़ नाटक, गीत, संगीत, भाषण, झांकी इत्यादि का प्रस्तुति किया जाता है। मौके पर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। 15वां वर्षगांठ पर मुख्य अतिथि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी अवनीत कुमार चौधरी ने कहा कि वन है तो ऑक्सीजन है और ऑक्सीजन है तो जीवन है, हांसदोन के ग्रामीणों ने इस तरह से वन रक्षाबंधन के माध्यम से वन बचाने का जो प्रयास किया है वह अति सराहनीय है। वहीं विशिष्ट तिथि मनोज दांगी सचिव राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान सह पर्यावरण प्रेमी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वन रक्षाबंधन एक ऐसा अभिनव कार्यक्रम है जो पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। खुशी है कि 15 वर्ष पहले इस कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग के सहयोग से मेरे देख-रेख में हसदोन में प्रारंभ हुआ था और आज भी विधि विधान और उत्साह के साथ यह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में अजीत सिंह सीएफ, रेशमी मिंज, अशोक कुमार, गोपाल कुमार, प्रेम मुंडा आदि मौजूद थे।

### बिना चालान के गिट्टी लदा 18 चक्का हाइवा वाहन जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में डीटीओ विजय कुमार सोनी व खनन इंस्पेक्टर आदर्श गुप्ता ने संयुक्त रूप से कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पचगावां मोड़ के समीप से बिना चालान के गिट्टी लदा एक 18 चक्का वाहन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त वाहन सिंहपुर क्रेशर मंडी से गिट्टी लादकर कोडरमा होते हुए बिहार की ओर जा रहा था। वाहन को रोककर जांच करने के दौरान चालक द्वारा परिवहन से संबंधित किसी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन को जब्त कर अग्रेषित कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं दूसरी ओर उत्तरप्रदेश का चालान काटकर फर्जीवाड़ा करने के मामले में देर शाम सिंहपुर क्रेशर मंडी में संचालित मां संतोषी क्रशर यूनिट को सील कर कर्रवाई की है। फर्जीवाड़े में कई वाहन चालक उत्तरप्रदेश के नाम पर चालान कटवाते हैं और उसी चालान से पटना समेत अन्य जिलों में तीन से चार बार स्टोन चिप्स की आपूर्ति कर देते हैं। विभाग की ओर से 600 सीएफटी स्टोन चिप्स की दुलाई के लिए 8,400 रुपए का चालान निर्गत किया जाता है।

## नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की आदालत ने सुनाई सजा

**कोडरमा।** स्पेशल पोक्सो 22/23 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो अदालत के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने 58 वर्षीय नवल किशोर मोदी उर्फ नवल किशोर बर्णवाल पिता स्व. जगदीश प्रसाद वार्ड नंबर-25 तिलैया को नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं अश्लील वीडियो दिखाने के मामले में दोषी पाया और सजा सुनाई। न्यायालय ने अंडर 12 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 363 भाद्वि के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 354 भाद्वि के तहत दो वर्ष की सजा सुनाई और दो हजार रुपये



जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुतनी होगी। 509 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। बताते चलें कि नाबालिग लड़की के पिता के लिखित आवेदन पर तिलैया थाना में थाना कांड संख्या 153/23 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिव शंकर राम एवं अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## बम धमाके के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत बाजार रोड में बम धमाके के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि डोमचांच बाजार रोड में बीते नौ फरवरी को डोमचांच बाजार में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा बम फेंका गया था, जिसमें एक गौवंशीय पशु गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इस मामले को लेकर ममता देवी पति स्व. सुरेन्द्र राम डोमचांच बाजार निवासी ने डोमचांच थाना में लिखित आवेदन दिया था। लिखित आवेदन के आधार पर कुल आठ अपराधकर्मियों के विरुद्ध कांड संख्या 11/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी अनुदीप सिंह द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के



द्वारा फरार चल रहे अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिए मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर लगातार विभिन्न जगहों पर छापामारी की गई। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कांड के मुख्य अपराधकर्मी रोहित मेहता उर्फ बलवा पिता हुलास मेहता लेंगरापीपर डोमचांच व आशीष मेहता उर्फ भेसवा पिता खुबलाल मेहता मसनोडीह निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में विधिवत्त अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं बताया गया कि रोहित मेहता उर्फ बलवा पर कोडरमा थाना कांड संख्या 195/17 व डोमचांच थाना कांड संख्या 140/15 व 195/16 व 55/17 व 09/25 कांड संख्या 12/25 और आशीष मेहता उर्फ भेसवा पर कोडरमा थाना कांड संख्या 207/17 व गिरीडीह जिला के घोडथम्बा ओपी कांड संख्या 110/22 के तहत मामला दर्ज है।

### अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अनुश्रवण समिति की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के आलोक में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान अधिनियम 1989 के तहत प्राप्त 11 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया, साथ ही कुछ अन्य प्राप्त आवेदनों पर जांचोपरांत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता समिति की बैठक आयोजित कर योजना से लाभ लेने को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा दिये गए आवेदनों की समीक्षा कर योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीएफओ सौमित्र शुक्ला, एससीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीपीओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## गौ सेवा के लिए दो रोटी गाय की योजना से जुड़ें लोग : केटीपीएस

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के यदुटांड़ स्थित श्री कोडरमा गौशाला परिसर में ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी और केटीपीएस के परियोजना प्रमुख मनोज ठाकुर गौ दर्शन एवं गौशाला के भ्रमण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं है। गौशाला में दुधारू गाय के साथ साथ बूढ़ी गाय की सेवा प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कोडरमा गौशाला गौ काष्ट, गो धन के साथ-साथ दूध, गौ काष्ट, जैविक खाद की बिक्री कर आर्थिक घाटे को कम करने का प्रयास किया जा रहा



है। समाज के लोगों को गौशाला से जुड़कर गौ सेवा, गौशाला को सहयोग एवं समर्पण का लाभ उठाना चाहिए। वहीं नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा कि गौशाला में गायों को खुला छोड़ने की नई व्यवस्था काफी सराहनीय है। यहां का गोपाष्टमी मेला अद्वितीय रहा है और बचपन से ही गौशाला का समय-समय पर भ्रमण किया हूं। गौशाला की उपलब्धि देखकर मन काफी प्रसन्न है। वहीं विश्व हिंदू परिषद के अरविंद सिंह ने कहा कि गौशाला के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। गौ सेवा कर हम समृद्धि की ओर बढ़ सकते हैं। गौशाला की दो रोटी योजना काफी प्रफुल्लित करती है। जो लोग घर में गौ पालन नहीं कर पाते हैं उन्हें इस योजना से जरूर जुड़ना चाहिए। वहीं आरएसएस के दिलीप सिंह ने कहा कि वर्तमान गौशाला समिति की टीम उत्साहवर्धन से काम कर रही है। स्वस्थ समाज के लिए टीम भावना सर्वोपरि होती है संघ भी इनके कार्यों में सहयोग करेगी। मौके पर गौशाला समिति के सह सचिव अरुण मोदी, कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, कार्यकारिणी सदस्य संजय अग्रवाल, सज्जन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

## जविप्र विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- उपायुक्त, डीएसओ व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में जिला आपूर्ति विभाग के सौजन्य से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुक्रवार को सतगावां और मरकच्चो प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के सभी महत्वाकांक्षी योजना के साथ साथ खाद्य वितरण की योजना महत्वपूर्ण योजना होती है और आप सभी लाभुकों के बीच अहम भूमिका



निभाते हैं। जन वितरण प्रणाली विक्रेता लाभुक के बीच कड़ी का कार्य करती है। आप सभी अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अच्छे तरीके से राशन का वितरण करें। अपनी जिम्मेदारी और ताकत को समझें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आप लोगों को जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उस प्रशिक्षण की गंभीरता को समझें। खाद्य वितरण से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बारिकी से समझें। नियम एवं दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करें। वहीं उपायुक्त ने कहा कि खाद्य का वितरण करने में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं करेंगे। वहीं डीएसओ अविनाश पुर्णेदु ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में संचालित योजनाएं यथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, नमक वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, आदिम जनजाति समूह डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, चना दाल वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी दिया। मौके पर प्रभारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### भद्रकाली महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत शुक्रवार को फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर, ओडिशा के आईक्यूएसी गाइड दिलीप मंगराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महाविद्यालय पहुंचने पर उनका शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। दिलीप मंगराज ने अपने संबोधन में एनएएसी के सेकंड साइकिल में बेहतर सीजीपीए प्राप्त करने के लिए जरूरी बातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाइनरी सिस्टम में अच्छा सीजीपीए प्राप्त करना आसान है, लेकिन इसके लिए महाविद्यालय को तकनीकी रूप से मजबूत बनाना होगा। साथ ही, शिक्षकों को भी बदलते शैक्षिक परिदृश्य के अनुसार खुद को ढालने की जरूरत है। प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से ही एनएएसी में अच्छा सीजीपीए हासिल किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में एनएएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. सकेंदर मिस्त्री, प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. महेंद्र ठाकुर, प्रो. ललित मोहन सिन्हा, प्रो. मधुबाला, प्रो. धीरेंद्र यादव, प्रो. अखिलेश पांडे, प्रो. संदीप कुमार, दशरथ राणा, शुभम सौरभ, पुनीत राहुल सहित कई शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता प्रकाश दास ने दशगात्र कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि



**इटखोरी।** भाजपा के भावी प्रत्याशी एवं समाजसेवी प्रकाश दास ने इटखोरी प्रखंड के शहरजाम गांव में स्व. लौकेश कुमार दांगी के दादा जी के दशगात्र कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रकाश दास ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वे हमेशा उनके साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाजसेवा उनका प्रमुख उद्देश्य है, और वे वर्षों से समाज के सभी वर्गों के सुख-दुख में शामिल होते आ रहे हैं। साथ ही, गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में गांव के गणमान्य लोग एवं स्थानीय निवासियों ने भी भाग लिया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डीएमएफटी योजना के तहत 300 किसानों को मिलेगा सोलर पंपसेट, चयन समिति की बैठक आयोजित




**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के तहत 2एचपी और 1एचपी ट्रॉली माउंटेड सोलर पंपसेट के वितरण के लिए लाभुक चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में हुई, जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, चतरा अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने की। नई मार्गदर्शिका के अनुसार, डीएमएफटी योजना के तहत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के पात्र लाभुकों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया में एससी व एसटी और महिला किसानों को प्राथमिकता दी गई। ग्राम सभा के माध्यम से चयनित किसानों के आवेदनों की स्क्रूटनी कर कुल 300 लाभुकों का चयन किया गया। किसानों के पास ग्राम सभा से पारित भूमि के दस्तावेज अनिवार्य हैं। आधार कार्ड और राशन कार्ड की जांच। सिंचाई सुविधा का स्रोत उपलब्ध होना जरूरी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पहले से लाभान्वित किसानों को ध्यान में रखकर चयन किया गया। चयन समिति की इस बैठक में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, चतरा, टंडवा एवं सिमरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण, रांची के लिए हुए रवाना



**गिद्धौर।** प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय से शुक्रवार सुबह 7:00 बजे शैक्षणिक भ्रमण के लिए कुल 76 बच्चों को रांची रवाना किया गया। भ्रमण दल को प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय की देखरेख में भेजा गया। शैक्षणिक यात्रा के दौरान बच्चों को बिरसा जैविक उद्यान, चिड़ियाघर और मछली घर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान 28 लड़के और 48 लड़कियां शामिल रहीं। उनके साथ 6 शिक्षक-शिक्षिकाएं भी भ्रमण पर गए, जिनमें शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय, शंभू सर, त्रिलोकी सर, गुड़िया मैडम, जयमाला मैडम और शीला मैडम के नाम शामिल हैं। प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य बच्चों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से बच्चों की जिज्ञासा और सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे वे और अधिक आत्मनिर्भर व चंचल बनते हैं। विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### रामनवमी झंडा महासमिति के अध्यक्ष बने संतोष



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रामनवमी झंडा महा समिति 2025 कि बैठक दुर्गा मंडप बेलाटांड़ झुमरीतिलैया के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें पुनः सर्वसम्मति से संतोष यादव को महासमिति का अध्यक्ष एवं चंदन चक्रवर्ती को महासचिव चुना गया। वहीं अध्यक्ष ने कहा कि 1984 में गठित महासमिति झंडा चौक पर शहर के विभिन्न अखाड़ों के स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन करते आ रहा है। इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से झंडा चौक पर सभी अखाड़ों के द्वारा निकाली गई झांकी तथा पारंपरिक खेलों के प्रदर्शन के लिए उन्हें महासमिति के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं उन्होंने कोडरमा वासियों एवं जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग का भी अपील किया है। वहीं वर्तमान में कमिटी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष ईश्वर मोदी, रवि यादव, राहुल यादव, सचिव बसंत सिंह, अविनाश चंद्रवंशी एवं जयकांत कोणतेय, सह सचिव रुपेश सिंह व जिम्मी सिंह, हरेंद्र यादव, खेल मंत्री सोनू यादव, प्रकाश यादव, गुड्डू जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुषमा सुमन, मीडिया प्रभारी विकास निरंजन, विक्की केसरी, ओमप्रकाश, लखन सिंह आदि शामिल हैं। मौके पर महावीर मोदी, रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, प्रकाश राम, देव कुमार, गंगा यादव, मनोज यदुवंशी, मनोज सहाय, मनोज चंद्रवंशी, राजेंद्र जायसवाल, सौरभ यादव, राहुल यादव, प्रेम कुमार, जय यादव, रोशन कुमार, प्रदीप सुमन, अप्पू कुमार आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### नेत्र जांच शिविर सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर 23 को

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला द्वारा 23 मार्च को निशुल्क नेत्र जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन लायंस भवन में किया गया है। रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन के द्वारा शिविर में लोगों की जांच की जाएगी। जांच के बाद मोतियाबिंद पाये जाने पर उनके आंखों का ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। यह बिल्कुल ही निशुल्क ह। रोगी अपने साथ आधारकार्ड का फोटो कॉपी साथ में अवश्य लेकर आयें। यह जानकारी लायंस क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने दी है।

### मिशन बदलाव के प्रयास से दंपति की लड़ाई को सुलझाया गया

**गुमला।** भरनो प्रखंड के बोंडो गांव में पिछले कई सालों से एक दंपति के बीच लड़ाई चल रही थी और इस लड़ाई से पूरा परिवार और गांव प्रभावित था। लड़ाई की वजह से आपसी रिश्ते में कड़वाहट आ गई थी। इस बसत की जानकारी होने पर मिशन बदलाव सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने ग्रामीणों की बैठक बुलाई। ग्रामीणों के समक्ष पति पत्नी की लड़ाई की लड़ाई को रखा गया। बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि आज अगर ये लड़ाई ग्रामीणों के समन्वय से नहीं सुलझाया जाते तो लड़ाई थाने से लेकर कचहरी पहुंच जाता और दोनों पक्षों को नुकसान उठाना पड़ता। लड़ाई को ध्यान देते हुए बुद्धेश्वर उरांव के नेतृत्व में सभी ग्रामीण सहमत हुए और आपसी मध्यस्थता से लड़ाई सुलझाया गया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आज

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा 22 मार्च को पौधा किस्म और अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों, प्रजनको एवं शोधकताओं को पौधा किस्म एवं किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के बारे में जागरूक करना है ताकि वह अपने-अपने क्षेत्र विशेष में परंपरागत फसल प्रभेदो औषधीय पौधों एवं उद्यान फसलों को संरक्षित कर सके।

### प्रखंड में विकास कार्यों को सभी मिलकर गति प्रदान करें: बीडीओ

**जारी।** जारी प्रखंड सभागार मे बीडीओ यादव बैठा की अध्यक्षता मे प्रखंड कर्मियों एवं अंचल कर्मियो की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक के क्रम में बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि प्रखंड के विकास कार्य को सभी मिलकर गति दें। प्रखंड मे चल रहे बिरसा आवास, अबुआ आवास जल्द परा करने के लिए पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक लाभुको प्रेरित करें। साथ ही कि प्रखंड के समीक्षा बैठक जो कर्मी अनुपस्थित पाये जाएँगे तो स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। वहीं मौके पर उपस्थित सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा कि 27 मार्च तक हर हाल मे राशन कार्ड का केवाईसी हो जाना चाहिए। इसके लिए पंचायत सचिव एवं पंचायत के मुखिया ग्रामीणों को जागरूक कर केवाईसी कराएं और बीपीआरओ को प्रत्येक दिन का रिपोर्ट भेंजे।

### घाघरा प्रखंड में बारिश के साथ हुए ओलावृष्टि से किसानों के फसल बर्बाद

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कई गांव में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों के कई एकड़ में लगे फसल बर्बाद हो गये। इस क्रम में गेहूं,टमाटर,तरबूज, बोदी,प्याज करेला, मूंग,मिर्च फसल का नुकसान हुआ है। वहीं देवाकी निवासी किसान अंजू साहू ने बताया कि लगभग 40 एकड़ में टमाटर की खेती किया था। जो पूरी तरह नष्ट हो गया। जिसमें लगभग 10 लाख का नुकसान हुआ है। जबकि अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों में हापामुनि ग्राम से प्रधान उरांव, सुंदर नाथ उरांव,मनी उरांव अजीत मनी पाठक, नीलेश मनी पाठक, ग्राम हहरी से संतोष सिंह, ग्राम बुरजू से लालजी उरांव, बहुरा उरांव, रामकिशन उरांव, देवठान उरांव,बिरजू उरांव रोपना उरांव, धनीराम उरांव, विनय उरांव, ग्राम चुंदरी से प्रकाश भगत,तेंबा पहान, बालका उरांव,महूगांव मोड से सुशीला उरांव के नाम शामिल है।

# ओलावृष्टि व तेजी आंधी के साथ हुए आफत भरी बारिश से जनजीवन प्रभावित

## ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान, तेज आंधी से गिरे पेड़ की टहनियां व घर के उड़े छत्त

### बारिश के साथ ही गुल हुई बिजली, कई स्थानों पर टूटे तार

खबर मन्त्र संवाददाता



भारी बारिश से मुहल्ला में हुआ जल जमाव, टूटा बिजली तार।



बारिश से फसल हुआ बर्बाद

**गुमला।** शुक्रवार को अचानक ओलावृष्टि व तेजी आंधी के साथ हुए आफत भरी बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। बारिश के साथ ही शहर के नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता रहा। शहरी की स्थिति पूरी रह नारकीय हो गई। जगह-जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं कई मुहल्लों में तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गई। इस दौरान लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ के बड़े-बड़े टहनी टूटकर सड़कों पर गिर गया। वहीं कई स्थानों पर बिजली के तार भी टूटकर गिर गये। जिसे बिजली घंटों बाधित रहा। इधर दो दिनों से हो रही बारिश का सबसे अधिक प्रभाव खेतों में लगे फसलों को हुआ। ओलावृष्टि से भारी संख्या में फसल बर्बाद हुए हैं। फसल बर्बाद होने से किसानों के चेहरे मुरझा गये। क्योंकि कड़ी मेहनत कर किसान फसल तैयार किये थे। फसल से फल आने के समय ओलावृष्टि ने उनके फसलों को बर्बाद कर दिया। अचानक हुए मुसलाधार बारिश से शहरों के सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। दिन के उलाजे में ही शाम जैसा माहौल उत्पन्न हो गया। फुटपथ में दुकान लगाने वाले लोग अपने दुकान समेट कर घर वापस जाते दिखे। वहीं तेज आंधी के कारण कई लोगों के आशियाने भी बिखर गये। घरों के छत्त पर लगा एलवेस्टर उड़कर दूर जा गिरे।

बारिश कुल मिलाकर अपने साथ आफत लेकर आयी। जिसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर बिजली गुरूवार को ही आये बारिश से आ जा रही थी। शुक्रवार को हुए तेज बारिश से बिजली रानी में कई स्थानों पर फॉल्ट उत्पन्न हो गई। जिसे दूर करने के लिए विभाग के कर्मी काफी मशक्त में जुटे रहें।

# बैंक केसीसी आवेदनों का शीघ्र निपटारा कर, किसानों को ऋण मुहैया करायें: डीसी

## बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम और सहज बनाने के लिए फीमेल बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट की नियुक्ति पर दिया जोर

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित बैंक के पदाधिकारी

गुमला। जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक गुमला, जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि, जिला उद्यमी समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं बैंक कर्मी शामिल थे। बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की तथा योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए सिसई के लोको बैंक के प्रदर्शन को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाएं लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करें ताकि किसान समय पर ऋण सुविधा का लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम और सहज बनाने के लिए फीमेल बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट की नियुक्ति को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को पत्र लिखकर बीसी सखी बनाने की प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक में बीसी पॉइंट्स की संख्या बढ़ाने, मौजूदा इउ पॉइंट्स को सक्रिय करने और नए इउ सखी की नियुक्ति पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं के माध्यम से संचालित इन बीसी पॉइंट्स से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं में सहुलियत मिलेगी और उन्हें बैंक शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

साथ ही महिलाओं द्वारा किए गए बैंकिंग कार्यों से लोगों में अधिक विश्वास पैदा होगा। उपायुक्त ने बैठक में इस बात पर भी जोर दिया कि एसएचजी समूहों की महिलाएं केवल आजीविका तक सीमित न रहें, बल्कि वे अपने व्यवसाय का विस्तार करें और इसे एक बड़े बिजनेस मॉडल के रूप में विकसित करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त करने के लिए उन्हें किसान उत्पादक संगठन के रूप में संगठित करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि अंधाधुंध एफपीओ का गठन करने के बजाय चुने हुए लोगों को इस प्रक्रिया में शामिल कर उन्हें बड़े व्यवसाय का स्वरूप दिया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए ताकि अधिकतम लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

## एक नजर में

### जिला कार्यालय में 22 मार्च को समिति करेगी भगवा ध्वज पूजन की शुरूआत

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा कुडू प्रखंड,भंडरा प्रखंड, सेन्हा प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई ।जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर खास चर्चा हुई । जिसमें धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर खास रणनीति बनाई गई । जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा नववर्ष विक्रम संवत को लेकर वर्षों से जय श्रीराम समिति के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है तथा भव्य भंडारे एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है। आयोजन को लेकर इस बार और भी भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा हैं । ज्ञात हो की इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष है ।नव वर्ष की भव्य शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से 11:00 बजे प्रारंभ होगी ' नववर्ष विक्रम संवत को भव्य बनाने हेतु भगवा झंडा लगाने की परंपरा को लेकर आगामी 22 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे जिला कार्यालय हटिया गार्डन में भगवा झंडा पूजा कर शुरूआत की जाएगी तथा अपने-अपने घरों के ऊपर भगवा झंडा लगाई जाएगी।

### जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) अंतर्गत शुक्रवार को जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में बालिका स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को नाट्य मंचन के जरिये प्रस्तुत किया गया और अपील की गई कि किशोरियां व बालिकाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों। अपने अधिकारों को जानें। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि लड़कियों की शादी कच्ची उम्र में कभी भी नहीं करना चाहिए।

### सेन्हा थाना पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधी को किया गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना पुलिस ने हथियार के साथ 5 अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ये पांचों अपराधी डकैती की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे। इस सम्बन्ध में डीएसपी समीर तिर्की ने बताया की गुरुवार की सध्या 07:00 बजे के आसपास वादी जगत उरॉव अपनी पत्नी के साथ मोटरसाईकिल से कोराम्बे होते हुए सरहुल मनाने घर लौट रहा था. इसी क्रम में कण्डरा चौक से लभभग 500 मीटर आगे स्थित जंगल में पहुंचे तो तीन मोटरसाईकिल में सवार पाँच अज्ञात अपराधकमी पीछे से आकर इन्हें रोक लिए और कनपटी में पिस्टल सटाकर इनके पास से दो मोबाईल फोन, एवं पर्स छीन लिये। पर्स के अंदर ए०टी०एम० कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड. चाँदी का एक जोडा पायल, चाँदी का एक चैन तथा 200 रूपया रखा हुआ था। इन सामानों को छीनने के बाद वे सभी वापस कण्डरा की और भाग गये। पीड़ित की शिकायत पर सेन्हा थाना काण्ड संख्या-35/25 वि0- 20.03.25 धारा- 310(2) इठर अंकित किया गया है। काण्ड के अनुसंधान के क्रम में बुटी अखरा रोड में तीन मोटरसाईकिल में सवार कुल पाँच लोगों को संदिग्ध अवस्था में मोटरसाईकिल से कण्डरा चौक की और आते हुए पकड़ा गया।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से वज्रपात से मृत चार व्यक्तियों, एक पशु, सड़क दुर्घटना में मृत नौ मामलों पर समिति के सदस्यों के संग चर्चा की गई और मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया। जिला में भारी बारिश और ओला वृष्टि के कारण नुकसान हुए फसलों के मामले में सभी अंचल अधिकारियों को प्रतिवेदन देने व जिला कृषि पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिये गये। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी प्रमोद दास, नगर पर्षद कार्यपालक पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

# लोग ठान लें तो जंगल व जानवर सुरक्षित रहेगा : अवनीश चौधरी

### वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला के 15 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हंसदोन बधिमा में कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करती जिप सदस्य

**गुमला।** वन रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला के 15 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हंसदोन बधिमा के जंगल में वन रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं के द्वारा गंजाई नदी से जल लेकर पूजा स्थल पर लाया गया। तत्पश्चात जल से शुद्धिकरण कर पूजा अर्चना किया गया और साल के वृक्षों पर सभी ने रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही जंगल बचाने की शपथ लिया। रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला में मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश चौधरी, एसीएफ अमित कुमार सिंह, रेंजर अशोक कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने पूजा स्थल पर पूजा अर्चना कर साल वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधा। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। हंसदोन के जंगल में ही मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इको समिति व ग्रामीणो के द्वारा वन सुरक्षा से संबंधित नाच गान, और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अवनीश चौधरी ने कहा कि यहां की वादियां मनमोहक है और यहां के लोग मन से अच्छे हैं। जंगल को बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

जंगल सरकार का नहीं है। वन सम्पदा आपका है सभी लोगों की सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी ठान लें तो जंगल व जानवर सुरक्षित रहेगा। वन जंगल को शिव भगवान की तरह पूजा करना चाहिए। बड़े शहरों में आक्सीजन की कमी, पानी की कमी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जलवायु परिवर्तन हो रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित रखने के लिए जंगल बचाओ और वृक्षारोपण करना है।

जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने कहा कि वन जंगल नदी हमारी पहचान है। पर्यावरण की रक्षा करना सभी का दायित्व है। पेड़ पौधे को अपने बच्चों की तरह संजोकर रखे और निगरानी में रखें। झारखंड जल जंगल से आच्छादित है किंतु यहां की स्थिति दयनीय होता जा रहा है वन जंगल का दोहन के कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है यहां पानी का स्तर नीचे होते जा रहा है।

# 23 मार्च को गुमला के विभिन्न केंद्रों में होगा साक्षरता की परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्राथमिक शिक्षा निदेशक झारखंड के निदेशानुसार पूरे राज्य में साक्षरता की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला साक्षरता समिति गुमला द्वारा 23 मार्च दिन रविवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत व्यस्क नव साक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जाँच परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सभी प्रखंड में चिन्हित परीक्षा केंद्रों में आकलन परीक्षा हेतु केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है जो विद्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा परीक्षार्थियों के ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करते हुए उन्हें आकलन परीक्षा में सम्मिलित कराया जाएगा। उक्त आकलन परीक्षा के सफल आयोजन हेतु अनुश्रवण के निमित परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित सभी विद्यालय सहित सभी संकुल एवं प्रखंड संसाधन केन्द्र को रविवार को खुले रखने के निर्देश सहित सभी सीआरपी, बीआरपी, बीपीओ, बीईओ आदि को परीक्षा केन्द्रों में आकलन परीक्षा के सफल आयोजन एवं अनुश्रवण के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि जिले में सभी प्रखंड द्वारा 4378 असाक्षरों को चिन्हित कर इन्हें बुनियादी साक्षरता हेतु जन चेतना केंद्र का संचालन स्वयंसेवकों के माध्यम से कराया गया है । जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां द्वारा बताया गया कि एनआईओएस द्वारा पूरे देश में साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों सहित ऐसे सभी वयस्क लोगों के लिए इस आकलन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिनके जिनके पास साक्षर होने का कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। उनके द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंड को प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका भेज दी गई है तथा सभी प्रखंड व संकुल क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय ही परीक्षा केन्द्र होगा तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक केन्द्राधीक्षक का कार्य करेंगे एवं शिक्षकों के द्वारा वीक्षण कार्य किया जाएगा। इस परीक्षा हेतु सभी संकुल साधन सेवी को अपने संकुल अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के लिए पर्यवेक्षक के रूप में नामित करते हुए जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को अनुश्रवण की जवाबदेही दी गई है।

# मेहनत व आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती में सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं जंबुआ लकड़ा

## विभिन्न सब्जियों की खेती कर कमाया अधिक मुनाफा, भूमि संरक्षण विभाग से मिला डीप बोरिंग से खेती के प्रति बढ़ा रूझान

### वर्तमान में वे 2.5 एकड़ भूमि में मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई विधि से तरबूज की खेती की

खबर मन्त्र संवाददाता



जंबुआ लकड़ा के द्वारा किया गया खेती।



तकनीक का प्रयोग कर डीप बोरिंग से बनायी सिंचाई की सुविधा

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के नवाडीह पंचायत के फट्टी गांव के निवासी जंबुआ लकड़ा ने अपने मेहनत और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती में सफलता की नई इबारत लिखी है। उनका यह सफर सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि उनके जैसे कई अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक है। जंबुआ लकड़ा का परिवार पहले आजीविका की तलाश में बाहर जाने के लिए मजबूर था। लेकिन अब वे अपनी भूमि पर आधुनिक खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। खेती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है जल प्रबंधन और सिंचाई की उचित व्यवस्था। जंबुआ लकड़ा की भूमि पर पहले सिंचाई की कोई विशेष सुविधा नहीं थी। जिससे खेती करना मुश्किल हो जाता था। भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी श्री आशीष प्रताप द्वारा उनके खेत में डीप बोरिंग उपलब्ध कराई गई। जिससे उनकी खेती को एक नया जीवन मिला। पानी की समस्या हल होते ही उन्होंने अपनी सोच बदली और परंपरागत खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन की ओर कदम बढ़ाया। आधुनिक खेती अपनाकर जंबुआ लकड़ा ने कई तरह की फसलें उगाईं। जिससे उन्हें काफी मुनाफा हुआ। उनके द्वारा उगाई गई प्रमुख फसलों जैसे फूलगोभी की खेती से 25,000, बैगन की खेती से 10,000 से 12,000, टमाटर की खेती से 12,000 से 15,000 तक की आमदनी हुई। वर्तमान में वे 2.5 एकड़ भूमि में मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई विधि से तरबूज की खेती कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस नई तकनीक से उन्हें अधिक उपज और अच्छा मुनाफा मिलेगा। खेती में इस सफलता के बाद जंबुआ लकड़ा और उनकी पत्नी ने निर्णय लिया कि वे अब अपने गांव में ही रहकर खेती करेंगे। पहले उन्हें अपने परिवार से दूर रहकर मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ता था। लेकिन अब खेती से ही उनकी अच्छी कमाई हो रही है। उनकी इस खेती से ही उनका बेटा रांची में पढ़ाई कर रहा है। यह सब आधुनिक खेती और नई तकनीकों को अपनाने का परिणाम है। जंबुआ लकड़ा की सफलता की कहानी यह साबित करती है कि मेहनत, सही तकनीक और नए प्रयोगों के जरिए किसान अपनी तकदीर बदल सकते हैं।

### गांव के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा

जंबुआ लकड़ा की सफलता को देखकर गांव के अन्य किसान भी आधुनिक खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं। अब वे भी पारंपरिक खेती से हटकर सब्जी उत्पादन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के बारे में सोच रहे हैं। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी बल्कि गांव में ही रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### आधुनिक खेती से बढ़ सकते हैं आत्मनिर्भरता की ओर

जंबुआ लकड़ा की यह सफलता दिखाती है कि यदि किसान सही तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करें तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने मल्चिंग, ड्रिप सिंचाई और उन्नत बीजों का उपयोग कर अपनी खेती को लाभदायक बनाया। उनका यह कदम न केवल उनके परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी एक मिसाल कायम कर रहा है।

# प्रखंड आपूर्ति विभाग द्वारा कार्यशाला का हुआ आयोजन

## 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी के लिए चलेगा डोर टू डोर अभियान

### 31 मार्च तक शतप्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करें: बीडीओ



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा प्रखंड में आपूर्ति विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शुक्रवार को एकदिनी कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ चंदन प्रसाद व संचालन एमओ चंदन कुमार ने किया। इस दौरान बीडीओ चंदन कुमार ने डीलरों को ससमय ई केवाईसी कार्य को डोर टू डोर जाकर पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान सभी डीलरों के बीच बचे हुए लाभुकों का वाइस ई-केवाईसी फॉर्मेट वितरित किए गए। जिनका ई-केवाईसी लंबित था, उन्हें जल्द प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया। आगे बताया कि 21 से 27 मार्च तक डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाना है ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों का ई केवाईसी कार्य किया जा सके। उन्होने कहा कि अगर किसी राशन कार्ड धारक का मोबाइल नंबर वेरिफाइड नहीं है, तो इसकी जानकारी प्रशासन को देनी होगी। इसके अलावे मृत लाभुक, डबल नाम वाले लाभुक तथा शादीशुदा लाभुकों की सूची प्रतिदिन प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में जमा करने को लेकर भी निर्देशित किया। ई-केवाईसी के दौरान आधार को राशन कार्ड से जोड़ा जाएगा, जिससे राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाना संभव होगा। मंईयां सम्मान योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए राशन कार्ड आवश्यक है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलते हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि 31 मार्च से पहले अपना ई-केवाईसी अवश्य कराएं, ताकि किसी को भी राशन और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। मौके पर एजीएम पवन कुमार सिंह ऑपरेटर संजय यादव, रामकृष्ण मिश्रा, श्री प्रसाद साहू, अजय चौधरी, शाहिद खान, रमेश प्रसाद, कलावती देवी, आशीष सिंह, रामपाल उरांव, बालदेव गंझू, संतोष प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, राजकुमार पासवान, गणेश चौरसिया, विजय प्रसाद के अलावे प्रखंड के सभी डीलर मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंचल अधिकारी जुड़े थे।

## चंदवा: बदला मौसम का मिजाज, गरज के साथ हुई लगातार बारिश, जन जीवन अस्त व्यस्त



बारिश से बदला मौसम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार दोपहर बाद से ही मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया। शुक्रवार की अहले सुबह से ही तेज गरज के साथ भारी बारिश देखी गई, जो रुक-रुक कर दिन भर जारी रही, जिस कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक बारिश व बज्रपात से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सुचना प्राप्त नहीं हुई थी। इधर बेमौसम बरसात का सबसे ज्यादा मार चंदवा में लगने वाले साप्ताहिक शुक्रवारिय हाट पर पड़ा, जहां बाजार बुरी तरह प्रभावित रहा। बाजार में दुकानदार के साथ दैनिक सामग्री की खरीदारी करने वाले काफी कम लोग पहुंचे, दोपहर बाद कुछ दुकानदार पहुंचे व थोड़ी बहुत बाजार लगी, लेकिन लगातार हो रही बारिश के वजह से काफी कम संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे, बता दें कि गत सप्ताह भी होली होने के कारण बाजार प्रभावित रहा था, अब लगातार दूसरे सप्ताह भी बाजार सही से नहीं लग पाने के कारण दुकानदारों में मायूसी देखी गई।

### दिन में घंटों गुल रही बिजली, जरूरी कार्य भी प्रभावित

इधर दिन भर हो रही बारिश के बीच फाल्ट होने के कारण चंदवा की बिजली घंटे गुल रही। बिजली गुल रहने के कारण लोगों को घरों में पानी की समस्या का सामना करना पड़ा वहीं बिजली से संचालित व्यवसाई ठप रहे, जिसका प्रभाव बाजार में देखने को मिला। शुक्रवार के साथ शनिवार को भी लगातार बारिश गर्जन और तेज हवा चलने की अलर्ट जारी की गई है।

## डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



समस्या सुनते उपायुक्त।

खबर मन्त्र संवददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, मुआवजा, बिजली बिल माफी से संबंधी जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए। समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## जिप सदस्यों ने केवी लातेहार के प्रिंसिपल से की मुलाकात



प्रिंसिपल से वार्ता करते जिप सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के प्रस्तावित केंद्रीय विधालय को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इस सत्र में एटीपी स्कूल में पठन पाठन शुरू हो इसको लेकर प्रखंड की जिला परिषद संतोषी शेखर और लातेहार जीप सदस्य विनोद उरांव ने लातेहार केवी के प्रिंसिपल सह बरवाडीह के नोडल ऑफिसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संतोषी शेखर ने प्रिंसिपल से बरवाडीह में केवी के संचालन की प्रकिया की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कई बिंदुओं पर चर्चा की ओर जल्द से जल्द विधालय को शुरू कर नामांकन प्रकिया प्रारंभ करने की अपील की। संतोषी शेखर ने यह भी कहा कि बरवाडीह में केवी खुले इसको लेकर सभी के सहयोग से एक दशक से प्रयास किया जा रहा था। जिसके बाद इस वर्ष प्रधानमंत्री के द्वारा बरवाडीह को एक बड़ी सौगात शिक्षा के लिए दी गई जो मिल का पत्थर साबित होगा। केवी के संचालन को लेकर प्रिंसिपल सह नोडल ऑफिसर ने बताया कि अस्थाई संचालन को लेकर एटीपी स्कूल परिसर को खाली करवाया गया हैं, और उसे दुरुस्त कर के इस महीने के आखिर तक केवी को सौंप दिए जाने के बाद अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक विधालय शुरू करने की प्रकिया के साथ क्लास 1 से 5 तक फिलहाल ऑफलाइन नामांकन की प्रकिया की जाएंगी। नामांकन की सभी प्रकिया पूरी होते ही मई माह से इस सत्र की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। नोडल ऑफिसर ने यह भी बताया कि अस्थाई संचालन के साथ स्टेशन रोड के 10 एकड़ से अधिक भूमि पर विधालय भवन का निर्माण सभी सुविधा के साथ कराया जायेगा जो लगभग 2 से 3 साल में पूरी होगी।

## श्री राम नवमी पूजा व चैत्र नवरात्रि को लेकर देवी मंडप पूजा बैठक, पुरानी कमिटी यथावत



खबर मन्त्र संवाददाता

■ चैत्र नवरात्रि के दौरान नव दिवसीय दुर्गा पाठ आयोजन पर हुई चर्चा

**चंदवा।** आगामी श्री रामनवमी पूजा महोत्सव एवं चैत्र नवरात्र को धूमधाम के मनाने को लेकर शुक्रवार की शाम महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक स्थानीय मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिनंदन दुबे व संचालन दीपू सिन्हा कर रहे थे। बैठक के दौरान पूजा समिति के पुनर्गठन, श्रीरामनवमी के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, मंदिर का रख रखाव व मरम्मत समेत कई बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय भी लिए गए साथ ही श्रीरामनवमी पूजा कार्यक्रम के सफल संचालक को लेकर पुरानी कमिटी को हीं यथावत रखा गया। बैठक में रामनवमी पूजा के दौरान मंदिर को भव्यता प्रदान करने, चैत्र नवरात्रि के दौरान 9 दिवसीय दुर्गा पाठ का आयोजन करने, शहर में निकलने वाले महावीर अखाड़े की उपस्थिति देवी मंडल तक करने को लेकर आमंत्रण करने, मंदिर से लेकर एनएच तक प्रकाश की व्यवस्था साफ सफाई व्यवस्था करने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्णय भी लिए गये। साथ ही आहूत होने वाले कार्यक्रमो की सफलता को लेकर अगली बैठक 24 मार्च को संध्या 4 बजे देवी मंडप प्रांगण में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रमोद दुबे, बबलू गिरी, सूरज यादव, विनय यादव, रमेश राम, नीरज सर, नरेश यादव, उदय तिवारी, पंडित श्यामनन्दन मिश्र के अलावे बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजुद थे।

## दो दिनों तक बारिश से कहीं राहत, कहीं नुकसान

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे लगातार दो दिनों से हो रहे बारिश से गरमी से राहत मिली है। इधर गिर रहे महुआ का क्षति हो रहा है। प्रखंड मुख्यालय बारियातू, टोटी हेसला, सिबला, डाढ़ा, गोनिया, अमरवाडीह, साल्वे व बालूभांग पंचायत मे लगातार हो रहे बारिश से आम जन मानस को गरमी से पूरा राहत मिली है और धूल से भी कुछ दिनों के लिए निजात मिलेगा। इधर बिना पूंजी लगाए बेहतर आमदनी देने वाला महुआ को बारिश से काफी नुकसान हुआ है। क्षेत्र मे महुआ से लोगों को आय का श्रोत होता है। फाल्गुन माह से गिर रहे महुआ को मौसम के मिजाज ने ठंड कर दिया है।

## टोरी में ईसीआरईयू का 17वां स्थापना दिवस मना



स्थापना दिवस मनाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** ईसीआरईयू के 17 वॉ स्थापना दिवस पीडब्ल्यूआई ऑफिस टोरी में मनाया गया। जिसमें ईसीआरईयू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने सभा की अध्यक्षता करते हुए कर्मचारियों को संबोधित किया व कर्मचारियों के हक और अधिकार के लिए लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, चार श्रम कानून ट्रैक मैन के 4200 ग्रेड पे, एलडीसीईं ओपन टू आल, बढ़े हुए रिस्क एलाउंस भता, आई ओ ब्लयू विभाग के कर्मचारियों के विभागीय प्रमोशन, रिस्ट्रेचिंग, एवं टीआरडी, सिगंनल विभाग, टेलिकॉम विभाग, प्वाइंट्समैन, इलेक्ट्रिक विभाग को रिक्स भता लागू करने की मांग रखी। इस कार्यक्रम में डिविजनल पदाधिकारी महेन्द्र पासवान, टोरी ब्रांच सेक्रेटरी रवि रंजन कुमार, ज्वाइन सेक्रेटरी प्रसुन कुमार टोरी ब्रांच के पदाधिकारी रौशन कुमार, मुन्ना कुमार रामजी प्रसाद, अमर बरैक उमेश विश्वकर्मा, के साथ ही टोरी के करीब 300 कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में पी डब्ल्यू ई टोरी के साथ सेक्सनल पी डब्ल्यू ई राकेश, अमर ने केक काट कर ईसीआरईयू का 17 वां स्थापना दिवस संपन्न हुआ।

## त्रिवेणी कर्नल एकेडमी में विद्यार्थियों के बीच वितरण की गई वार्षिक रिपोर्ट कार्ड



**चंदवा।** चंदवा के त्रिवेणी कर्नल एकेडमी विद्यालय के सभागार में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का शैक्षिक मूल्यांकन के साथ-साथ उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। मौके पर जीटीपीएस के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में आगे रहें जिसे लेकर विद्यालय परिवार पूरी तरह तत्पर है। इधर उक्त कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने अपने अनुभवों को साझा किया यूकेजी के बच्चों को कक्षा 1 के लिए प्रमोट भी किया गया। यूकेजी की छात्रा कीर्ति गुप्ता तथा आदिप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश किया। दूसरे स्थान पर रितिक राज तथा तीसरे स्थान पर सफा हयात, अभिराज ने स्थान ग्रहण किया।

## सभी मदों का राशन वितरण व 31 मार्च तक शत प्रतिशत ई-केवासी करने का निर्देश



कार्यशाला का आयोजन करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को आपूर्ति विभाग का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान उप प्रमुख निशा शाहदेव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशीष रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित हुए। वहीं कार्यशाला में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की खाद्यान एंव वितरण से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को एमओ आशीष रंजन ने 31 मार्च तक राशन कार्डधारकों को शत ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी मदों की राशन शत प्रतिशत वितरण करने को कहा गया। मौके पर देवनंदन प्रसाद, नरसिंह प्रसाद सिंह, गौतम सिंह, उमेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य कई जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

## चंदवा: रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा, जमातुलविदा 28 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** माह ए रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज शुक्रवार को प्रखंड के सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ शांतिपूर्ण अदा की गई। इस मौके पर देश व प्रदेश की तरक्की, खुशहाली की दुआ की गई। इसके साथ ही रमजान का दूसरा अशरा समाप्त और तीसरा अशरा शुरू हो जाएगा। इबादत के हिसाब से तीसरा अशरा अधिक महत्वपूर्ण है। इस अशरे में मुस्लिम धर्मावलम्बी रात-भर इबादत करते हैं। इस अशरे में लैलातुल कद्र और एतकाफ की इबादतें होंगी। अशरे की 21, 23, 25, 27 और 29वी रमजान की रात लैलतुल कद्र की रात होती है जिसमें इबादत की जाती है। उधर चंदवा मुख्य बाजार स्थित मदीना मस्जिद में मुफ्ती गुलजार मजहर ने जुमा की नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर में रमजान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रमजान में दुनिया भर के मुसलमान पूरे महीने रोजा रखते हैं। रोजा सिर्फ इबादत और अल्लाह को खुश करने का तरीका भर नहीं है, बल्कि यह इंसान को सही मायने में इंसानियत के ढांचे में ढाल देता है। रोजा एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझने तथा मदद करने के लिए प्रेरित करता है। इस महीने में अपने जमापूंजी की जकात जरूरतमंदों को देने से वह भूखा नहीं रहेगा और वह भी अपने बच्चों के साथ खुशी खुशी ईद मनायेगा। बतादें कि रमजान का आखिरी जुमा जमातुलविदा 28 मार्च को है।

## बीडीओ ने राशन डीलरों के साथ की बैठक



बैठक करते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव की अध्यक्षता में सभी राशन डीलरों की एक बैठक रखी गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने बताया कि ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमे 21 मार्च से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सभी राशन कार्ड धारी को कराना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा जो लोग छूट गए हैं उनका ई केवाईसी जरूर से जरूर करवा लें। अन्यथा उनका नाम कट जाएगा। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी राशन डीलर घर-घर जाकर केवाईसी करने की अपील करे। इसके अलावा वैसे लाभुक जो 3 साल से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। वैसे लोगों का नाम काटा जाएगा। वहीं राशन कार्ड धारक किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। तो उसे परिवार से सत्यापन कर उनका नाम हटाया जाएगा। मौके पर एम ओ रघु प्रजापति,डीलर ईश्वरी पासवान, वीरेंद्र कुमार, मनोज पाठक, सोमनाथ उरांव, अशोक कुमार समेत कई डीलर उपस्थित थे।

## जमकर हुई बारिश, कई फसलों को नुकसान

बालूमाथ। बालूमाथ में बीते गुरुवार देर शाम से हो रही जमकर बारिश का सिलसिला शुक्रवार को दिन भर जारी रहा बारिश होने से तापमान 5 से 6 डिग्री तक गिर गया है। वही मौसम खुशनुमा हो गया है। लेकिन लोगों का घरों से निकलना दुर्भर हो गया। रास्तों में कई जगह पर कीचड़ भर गया है।

### वानिकी दिवस को लेकर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में निकाला गया पैदल मार्च

# पर्यावरण संरक्षण और जंगलों को बचाने की अपील




मार्च में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में शुक्रवार को वानिकी दिवस को लेकर वन क्षेत्र कार्यालय से वन प्रमंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान श्री मेहता ने जिलेवासियों को अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण और जंगलों को बचाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करें और आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण-मुक्त वातावरण देने की जिम्मेदारी निभाएं। मेहता ने आगे कहा की जंगल केवल हरियाली नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। यह न केवल प्राणवायु का स्रोत हैं, बल्कि विभिन्न खाद्य, औषधीय और अन्य उपयोगी संसाधनों का भंडार भी हैं। पेड़ों और जंगलों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर वर्ष 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक जीवनशैली के कारण जंगल सिमटते जा रहे हैं और पर्यावरण असंतुलन बढ़ता जा रहा है। जंगलों के घटने से जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की समस्या विकराल रूप ले रही है। पर्यावरणीय असंतुलन का असर मनुष्यों, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र पर साफ दिख रहा है। मौके पर प्रभारी वनपाल पिंटू कुमार, आशीष कुमार झा, पवनदीप, सनी, अरविंद, जितेंद्र, अमन, झूम्रति, संजीव, मनीष, पप्पू सैकड़ो वनकर्मी मौजूद थे।

## ईसीआरकेयू ने बरवाडीह में किया प्रतिरोध दिवस का आयोजन



प्रतिरोध दिवस में शामिल यूनियन के पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को शाखा सचिव सुनील सिंह के नेतृत्व में बरवाडीह शाखा परिसर में प्रतिरोध दिवस का आयोजन किया गया। इस संबंध में सुनील सिंह ने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे के रनिंग कर्मचारियों पर रेल प्रशासन द्वारा लगता विभिन्न कार्यों को लेकर अतिरिक्त दबाव दिया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे है। वहीं रनिंग कर्मचारियों में रेल प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, रेलवे में निजीकरण रोकने, सभी रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, कर्मचारियों के लिए तनावमुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने और आठ घंटे से अधिक ड्यूटी न लेने जैसी प्रमुख समस्याओं की रेल प्रशासन अनदेखी कर रही है। विशेष रूप से, लोको रनिंग स्टाफ से 10 से 14 घंटे ड्यूटी ली जा रही है, जिसे तुरंत बंद करने और ओवरटाइम भत्ता जारी करने की मांग की गई। सुनील सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर रेल प्रशासन रनिंग कर्मचारियों को अतिरिक्त बोझ देकर प्रताड़ित करना बंद नहीं करती है तो ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन कमर्चारियों के हित में उग्र आंदोलन करने को विवश होगा। मौके पर चंदन कुमार, सरोज सिंह, संजय कुमार, निखिल चंद्रा, सत्येंद्र मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में रनिंग कर्मचारी और यूनियन के पदाधिकारी शामिल थे।

### बाइक चोरी होने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन

**कुजू।** बाइक चोरी होने को लेकर होन्हेमोढ़ा निवासी मनोज महतो ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुरुवार को सब्जी खरीदने को लेकर आरा कांटा बाजार गया हुआ था। इस दौरान अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस संख्या जेएच01ईए-7277 को खड़ा कर सब्जी लेने के लिए चला गया। वापस लौटा तो देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर बाइक बरामदगी करने की गुहार लगाई है।

स्पीड न्यूज

## मारपीट का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**बेरमो।** कथारा ओपी पुलिस ने आज एक मारपीट के आरोपी बांध बस्ती निवासी 48 वर्षीय मदन यादव को गिरफ्तार कर तेनुघाट न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त आरोपी पर गोमिया थाना क्षेत्र के कथारा ओपी मे केश नंबर 30/25 की धारा 126(2) 115(2)/ 109/ 333/ 76/ 352/ 351(2)/ 3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त था।

## बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी मकोली निवासी सह सीसीएल कर्मी विकास दास के क्वार्टर नंबर इ -41 में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा बंद आवास का ताला तोड़कर लाखो की चोरी कर ली। लगातार चोरी की घटना से कॉलोनी वासी दहशत मे है। पड़ोसी ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ ससुराल गये हुए है। कहा कि सुबह मे देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जा कर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्सा व आलमारी टूटी हुई थी। विकास दास के लौटने के बाद पता चलेगा कि चोरों ने क्या-क्या चुराया है।

## अकीदतमंदों ने की हजरत दाता कुरबान अली के मजार पर चादरपोशी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के सटे सुरजुडीह गांव स्थित हजरत दाता, दाता कुरबान, अली शाह, बहारशफी चिश्ती, निजामी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर आयोजित उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को अकीदतमंदों व हाजतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड बंगाल बिहार उड़ीसा एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अनेक आम ओ खास ने विभिन्न धर्मों व जाति के लोगों ने शहंशाह-ए-झारखंड के मजार चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी। दो दिवसीय उर्स के पहले दिन जलसा का आयोजन हुआ।

## स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित 08 बी-12 ई- 2 सी-3 डी-9 ई एवं 9 बी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान एवं शिक्षा विभाग की जीएम सुश्री मीनम मिश्रा तथा उप प्रबंधक सुश्री प्रभा मोहनन नायर के नेतृत्व में सभी स्कूलों के प्राचार्य तथा शिक्षकगण स्कूल के बच्चों के साथ बोकारो सिटी में स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश देने के लिए प्रभात फेरी में शामिल थे।

## गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 77 अधिकारियों कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 162 ग्रामीणों की हुई जांच

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग द्वारा परिक्षेत्रीय गांव बांधगोड़ा में आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बांधगोड़ा के कुल 162 मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया गया। कैंप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के सामान्य चिकित्सक डॉ असित डॉ नितेन्द्र डॉ एपी गुप्ता तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता डॉ विजया एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ पूजा डॉ अमृता तथा दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा डॉ नीलम डॉ उज्जवल के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील ने मरीजों का परीक्षण तथा इलाज किया। सभी मरीजों के बीच आवश्यकतानुसार दवा का वितरण भी किया गया। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बीएसएल के सीएसआर विभाग से जीएम बी बनर्जी के साथ एससी तिवारी संजीव गौरव संतोष उपस्थित थे।

# सामाजिक संवर्धन हेतु स्वयं-सेवा सप्ताह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील ने अपने संगठन वी फॉर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कर्मचारी स्वयं सेवा सप्ताह के क्रम में 50 से अधिक ईएसएल कर्मचारियों ने कपड़ा वितरण अभियान वृक्षारोपण प्रयास भित्ति चित्र डिजिटल साक्षरता सत्र तथा कला और शिल्प कार्यशालाओं सहित कई प्रभावशाली सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। वाडी फार्म में उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए जीवंत चित्रों के साथ एक झोपड़ी को चित्रित किया जिससे उनके आस-पास के वातावरण में रंग और रचनात्मकता जुड़ गई। डिजिटल और वित्तीय साक्षरता सत्रों के दौरान स्किल स्कूल के युवाओं और प्रोजेक्ट जीविका की महिलाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस किया गया। प्रेरणा ड्राइंग सेंटर में छात्रों ने कला और शिल्प परियोजनाओं पर कर्मचारियों के साथ सहयोग किया जिससे रचनात्मकता और बंधन को बढ़ावा मिला। कपड़ा वितरण अभियान में वंचित समुदायों को कपड़ों की आवश्यक वस्तुएं व जरूरी सहायता प्रदान की गईं। इस अवसर पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि ईएसएल में हम सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वी फॉर सोसाइटी के माध्यम से हम न केवल अपने समुदायों में लोगों के जीवन को समृद्ध करते हैं बल्कि अपने कर्मचारियों के बीच उद्देश्य और सहानुभूति की भावना भी बढ़ाते हैं।

### अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो के आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी का

# तीसरे दिन भी हड़ताल जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी राइडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी लंबित मानदेय के अलावा ईपीएफ व इएसआई का भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसी के तहत जननायक कपूर्री ठाकुर अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो मे शुक्रवार को तीसरे दिन आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल जारी रहा। शुक्रवार को फुसरो नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, बेरमो चंबर्स ऑफ कॉमर्स के सह सचिव सूरज मित्तल तथा सुदर्शन समाज के रविन्द्र राम पहुचे। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कंपनी मे कार्यरत कर्मचारी के जिला कमेटी के सदस्य अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो आये और विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह से अपनी समस्या को रखा। कहा कि सरकार काम के बदले दाम नहीं दे रही है। वहीं बहुत ही न्यूनतम मानदेय पर जब हम लोग काम कर रहे हैं तो विगत कई माह से हमारे मानदेय को रोक कर रख लिया गया है। जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। श्री सिंह ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा इस समस्या पर पहल करने कि बात कही। उन्होंने हड़तालित कर्मियों के मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि कंपनी के द्वारा इन कर्मियों का शोषण किया गया है। बेरमो विधायक के समक्ष समस्या को रखा गया है। विधायक श्री सिंह के पहल के माध्यम से कर्मियों की सारा बकाया वेतन और सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। कहा कि राइडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इन लोगों के साथ अत्याचार कर रहा है। 6 से 8 महीने से अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया है। ये लोग विवश होकर धरना पर बैठे हैं। यह लोग मांग किया है कि विधायक के साथ बैठक करवा दे, जिससे विधायक के समक्ष हम लोग अपनी समस्या रख सके। विधायक के द्वारा मांग पर आश्वासन मिलता है, तो हम लोग हड़ताल खत्म कर देंगे। कहा कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इस हड़ताल के दौरान किसी भी तरह की प्रताड़ना, धमकी इस कर्मियों के साथ सहा नहीं जाएगा। कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल को बेरमो विधायक के साथ वार्ता कराने का भी आश्वासन दिया है। कर्मियों ने पूर्व नप अध्यक्ष का आभार जताया है। हड़ताल मे एसडीएच तेनुघाट, एसडीएच बेरमो, सीएचसी गोमिया, सीएचसी पेटरवार, सीएचसी कसमार, सीएचसी नावाडीह, सीएचसी बेरमो, सीएचसी चंदनकियारी, सीएचसी जरिडीह के कर्मचारी है।

खबर एक नजर में

# सरिया लदा ट्रैक्टर, अनियंत्रित होकर पलटा, दो मजदूर की मौत, मातम



रोते-बिलखते परिजन एवं शव को देखने जुटा लोगों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चंपागढ़ में शुक्रवार को सरिया(छड़) लेकर जा रहे ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। मृतक मजदूरों की पहचान जीतलाल टुडू (16) पिता पटवारी टुडू ग्राम गादीझोपा थाना सरैयाहाट और महेश हांसदा (22) पिता देवराम हांसदा ग्राम पचरुखी, थाना जयपुर जिला बांका बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर गादीझोपा निवासी धीरू चौधरी (हीरा चौधरी) के दुकान से सरिया(छड़) लेकर चंपागढ़ के रास्ते सरैयाहाट जा रहा था। इसी दौरान अचानक चंपागढ़ के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर के अचानक पलटने की वजह से दोनों मजदूर दब गए। हो हल्ला होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर दोनों को बाहर निकाला लेकिन तबतक दबने की वजह से दोनों ने दम तोड़ दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### प्रतिबंधित कफ सिरप और अल्प्राजोलम टेबलेट बेचने वाले, दो मेडिकल संचालक गए जेल

# नशा के खिलाफ प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई



जांच करते अधिकारी एवं हिरासत में डाक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नशा के खिलाफ दुमका जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरफ और टैबलेट बेचने वाले कई मेडिकल हॉल में छापेमारी करते हुए हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा जप्त करते हुए दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गिरफ्तार मेडिकल संचालक सना मेडिकल के मो रिजाउल अली एवं संध्या मेडिकल के सुप्रियानाथ मजूमदार को जेल भेजी है। पुलिस एनडीपीएस एक्ट 8 सी एवं 21 सी के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गौरतलब हो कि बीते गुरूवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के दुधानी चौक के समीप तीन मेडिकल हॉल में औचक छापेमारी की। छापेमारी ज्योति मेडिकल हॉल, संध्या मेडिकल हॉल और सना मेडिकल हॉल में हुई। तीनों मेडिकल हॉल से काफी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और टैबलेट बरामद किया गया। टीम द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप और टैबलेट जप्त करने के बाद तीनों मेडिकल हॉल को सील कर दिया। इसके बाद

### 3 मेडिकल हॉल से काफी मात्रा में प्रतिबंधित दवा बरामद

निशा मेडिकल में प्रतिबंधित अवैध दवा तो नहीं मिला। लेकिन मेडिकल हॉल परिसर में अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। एसडीओ कौशल कुमार ने सिविल सर्जन डॉ बच्चा प्रसाद को मौके पर बुलाकर मामले की जांच करने को कहा। मौके पर पहुंचे सिविल ने कहा कि बगैर निबंधन के क्लीनिक का संचालन अवैध है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इसकी जानकारी मिली थी लेकिन जब उस वक्त क्लीनिक के संचालक डॉक्टर एम हक से पूछा गया तो उन्होंने कहा की आरएमपी का सर्टिफिकेट है और उसके अनुरूप मलहम पट्टी लगाने का ही काम करते हैं। लेकिन आज यहां पहुंचने पर नजारा कुछ और ही देखने को मिला। यहां नहीं केवल क्लिनिक बल्कि परिसर में जांच घर का भी संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में क्लीनिक संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। क्लीनिक संचालक डॉक्टर एम हक को हिरासत में लिया गया। हलांकि थाना से बॉड लिखवा डॉक्टर को छोड़ दिया गया है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से नशा के अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### डीआई द्वारा सीआरएम, एचआरसीएफ एवं बीजीएच में

# सुरक्षा पहलुओं का निरिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने संयंत्र के पूरे सीआरएम काम्प्लेक्स तथा एचआरसीएफ विभाग में ईडी संकार्य सीआर महापात्रा कार्यकारी सीजीएम सुरक्षा आनंद रौतेला सीजीएम तकनीकी लक्ष्मी दास सीआरएम-थ्री के सीजीएम अरुण कुमार सीआरएम-वन व टू के विभागाध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा एवं जीएम तथा एचआरसीएफ विभाग के विभागाध्यक्ष सहित सम्बंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिशासियों तथा कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की और पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सीएमओ इंचार्ज डॉ बीबी करुणामय तथा सीजीएम लक्ष्मी दास के साथ बीजीएच के औचक निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के विभिन्न वार्ड में इलाजरत कुछ मरीजों से मुलाकात की और इलाज के सम्बन्ध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। निदेशक प्रभारी ने अस्पताल में हाउस कीपिंग साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं में लगातार बेहतरी से संबंधित दिशा-निर्देश भी चिकित्सकों को दिए।

# पेज एक का शेष

## बारिश, ओला तूफान...

**सर्वाधिक बारिश हजारीबाग में :** रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 14.5 एमएम बाारिश हजारीबाग में हुई। वहीं सर्वाधिक तापमान सिमडेगा में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र ने पहले ही इसे ले कर अलर्ट जारी किया था। शनिवार कों भी राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भाग में मेघगर्जन और तेज हवा के झोंके (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलेंगे। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**एक्शन में मंत्री, क्षति की रिपोर्ट मांगी :** किसानों को हुई क्षति का आकलन कर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने वज्रपात और ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान का बहुत जल्द मुआवजा भुगतान का आश्वासन दिया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश और ओलावृष्टि में खेत में लगी फसल को भारी नुकसान की शिकायत लगातार मिल रही है। रिपोर्ट के आधार पर किसानों को उनके फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के फसल नुकसान का सरकार बहुत जल्द उचित मुआवजा भुगतान करेगी

**लोहरदगा में ठनका से एक की मौत :** लोहरदगा में वज्रपात की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से झुलस गये हैं। जिला के कुडू थाना क्षेत्र के जामड़ी तालाब के समीप वज्रपात की चपेट में आने से तुलू उरांव नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। तीन अन्य झुलसे ग्रामीणों का इलाज चल रहा है। जामड़ी गांव निवासी तुलु उरांव कुडू साप्ताहिक बाजार में होटल बंद कर साइकिल से अपने घर जामड़ी जा रहेथे। इसी बीच वज्रपात हो की चपेट में आ गये।

## जीवन शैली बदलें...

इसके अलावा खानपान में हेल्दी डाइट्स लेना और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना भी जरूरी है। लापरवाही बरतने से इन बीमारियों के इलाज में भारी खर्च हो सकता है और पूर्ण स्वस्थ होने की कोई गारंटी भी नहीं है।

**पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इसका सही आंकलन आवश्यक है। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि बीमारियों का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बीमारी की पहचान और इलाज की बेहतर व्यवस्था मिले सरकार इसके लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में विशेष प्रकार की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती हैं। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम हैं। साहिबगंज और संथाल के क्षेत्रों में कालाजार का प्रभाव अधिक है। ऐसे में क्षेत्र विशेष में व्याप्त बीमारियों का चिन्हीकरण करके उनके इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

**यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की सराहना :** सीएम ने कहा कि झारखंड के दूर-दराज इलाकों के गरीब और ग्रामीण लोगों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका रही है। राज्य सरकार अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कई रोगों के उन्मूलन के लिए निरंतर काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, आस्था अलंग, डॉ कनीनिया मित्रो आदि उपस्थित थे।

## ओडीएफ का टारगेट ...

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण की धीमी गति, फंडिंग की कमी और जनजागरूकता की की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। कई जिलों में शौचालय तो बनाये गये हैं, लेकिन वे उपयोग में नहीं आ रहे हैं या अधूरे पड़े हैं। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सोच में बदलाव लाना भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्टेट को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि झारखंड के सभी जिलों में ओडीएफ निर्माण की धीमी गति चिंता का विषय है।

वहीं विपक्ष ने भी स्वच्छता अभियान की धीमी प्रगति को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यदि जल्द ही इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गये, तो ओडीएफ लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल हो जायेगा। सरकार को चाहिए कि वह जागरूकता अभियानों को तेज करे, फंडिंग में पारदर्शिता लाए और स्थानीय निकायों को सशक्त बनाए ताकि झारखंड को जल्द से जल्द खुले में शौच मुक्त बनाया जा सके।

# डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मांगा सुझाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका निवार्ची पदाधिकारी सह एडीसी मुमताज अंसारी डीडीईओ प्रेमचंद सिन्हा डीएसओ शालिनी खलखो डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। डीईओ सह डीसी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सशक्त बनाने से संबंधित 33 स्टेकहोल्डर को चिन्हित किये हैं जिन्हें और सक्षम बनाना चाहते हैं। साथ ही सभी स्टेकहोल्डर के सुझाव एवं शिकायत प्राप्त करके संवैधानिक फ्रेमवर्क के अन्तर्गत कार्य करते हुए उसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी प्रकार के हैंडबुक व मैनुएल्स आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने त्रुटि को दूर करने नाम को स्थानांतरित करने आदि एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर जारी है। इसके अन्तर्गत 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने- हटाने एवं शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार अपने स्तर से भी करने की बात कहीं।

# डीपीएस बोकारो के 7वीं के छात्र श्रेष्टा ने बनाई अत्याधुनिक जल मानचित्रण व निगरानी प्रणाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पानी की बबार्दी को रोकने और लोगों को पानी का महत्व समझाने के ध्येय से पूरी दुनिया 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाती है। लेकिन आज भी पानी का अंधाधुंध दोहन, इसकी बबार्दी चिंता का विषय बनी है। इसके पीछे कहीं न कहीं जल संसाधनों का समुचित प्रबंधन न हो पाना बड़ा कारण है। झारखंड जैसे राज्यों में जलापूर्ति नेटवर्क के प्रबंधन में कई चुनौतियां हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए डीपीएस बोकारो की 7 वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक श्रेष्टा चतुर्वेदी ने एक ऐसी तकनीक ईजाद की है जिसे अगर सही तरीके से व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया जाए तो पानी की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। सैटेलाइट टेक्नोलॉजी पर आधारित जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम और रीयल-टाइम डेटा एकीकरण जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए न केवल जल-स्त्रोतों का समुचित प्रबंधन हो सकेगा बल्कि पानी के प्रदूषण और जल-संकट जैसी समस्याओं के समाधान में भी सहायता होगी। इससे समुचित जल वितरण प्रणाली पानी की कम बबार्दी जल गुणवत्ता की बेहतर निगरानी तथा अधिक सशक्त जल आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सकता है। इस प्रणाली का आविष्कार करने के लिए श्रेष्टा का चयन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के लिए किया गया है। उसे सरकार की ओर से 10 हजार रुपए की राशि भी प्रोजेक्ट को प्राथमिक स्तर पर तैयार करने के लिए सहायतार्थ प्रदान की गई है।

**ऐसे काम करती है प्रणाली :** यह प्रणाली जियो स्पेशल डेटा रीयल-टाइम निगरानी और मोबाइल एक्सेसिबिलिटी को एकीकृत करके जल प्रबंधन की दक्षता बढ़ाती है। इसके मुख्य घटकों के अंतर्गत वेब प्लेटफॉर्म पर ब्राउजर आधारित इंटरफेस डेटा विश्लेषण, मानचित्रण और प्रबंधन की सुविधा देता है। आईओटी सेंसर लगातार जल प्रवाह की गति, दबाव में बदलाव, रिसाव और जल की गुणवत्ता की निगरानी करते हैं तथा जल निकायों में तापमान, पीएच, गंदलेपन और प्रवाह दर जैसे पैरामीटरों की जानकारी देता है जबकि जीआईएस जल संसाधनों का विस्तृत मानचित्रण और विश्लेषण करता है।

### विश्व जल दिवस पर विशेष



**पर्यावरण-हित में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट : प्राचार्य डॉ. गंगवार**

अपने विद्यालय के मेधावी छात्र श्रेष्टा की ओर से तैयार की गई अत्याधुनिक जल मानचित्रण व निगरानी प्रणाली को डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि पानी की बबार्दी रोकने, दुरुस्त जलापूर्ति और जल-निकासी व्यवस्था तथा जल संबंधी आपदाओं की पूर्व सूचना सुनिश्चित करने जैसी खासियतें इस प्रोजेक्ट को अत्यधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण बनाती हैं। इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चुने जाने पर उसे बधाई देते हुए प्राचार्य ने आगे के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# जिसने राम पर लिखा, वह महान हुआ : योगी

## यूपी के सीएम बोले, राम मंदिर के लिए छोड़ भी सकते हैं सत्ता

एजेंसी

**अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके लोग एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। श्री अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत अयोध्या मण्डल के उद्यमियों को ऋण वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी ने कहा कि जिसने राम पर

**▸▸ देश एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकता**

लिखा, वह महान हुआ। योगी ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मर्यादा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अद्भुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अद्भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखोगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। योगी ने साफ तौर पर कहा कि श्री राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ेगी तो कोई समस्या नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। 3 पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति पर दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण बना जो साहित्य का आधारभूमि है तथा आप वैदिक संस्कृति से व्यावहारिक संस्कृति में आ गये। उन्होंने कहा व्यावहारिक संस्कृति से कैसे अपनी लेखनी को धन्य करना है, यह सीखना है तो महर्षि वाल्मीकि के शरण में जाएं, जिन्होंने राम को आधार बनाकर महाकाव्य की रचना कर डाली, उससे पहले उस प्रकार का महाकाव्य किसी ने नहीं रचा। योगी का कहना था कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम उसकी आत्मा बने, अयोध्या उसका आधार बनी तो साहित्य की एक नयी विधा का सृजन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एक बेहतरीन स्कीम है। उन्होंने कहा कि आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है, संस्कृति का पर्व भी रोजगार का पर्व बन सकता है, संस्कृति भी समृद्धि का आधार बन सकती है। उन्होंने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां उपद्रव होते थे, आज उस प्रदेश में उपद्रव नहीं, उत्सव मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्षों में वे सभी बैरियर हटाए गए हैं, जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक थे।



अयोध्या में रामनवमी की तैयारी की समीक्षा करते सीएम योगी।

# अगले वर्ष नक्सलवाद जड़ से होगा समाप्त

## 2014 से पहले की कई समस्याएं विरासत में मिली : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर दिया जाएगा। मोदी सरकार ने शांति और सुरक्षा की नींव पर जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया है। राज्यसभा में अपने मंत्रालय के कामकाज पर हुई बहस में अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, नक्सली चुनौती, नशाखोरी और उत्तर-पूर्व की समस्याओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं इस सदन में पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि 31 मार्च तक इस देश से नक्सलवाद खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने नक्सलियों से निपटने वाले सुरक्षा बलों को सटीक खुफिया जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर बात की और कहा कि उन्हें उन

**▸▸ मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया**

लोगों पर दया आती है जो नक्सलवाद को केवल एक राजनीतिक समस्या मानते हैं। उन्होंने कहा कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई, तो हमें 2014 से पहले की कई समस्याएं विरासत में मिलीं। इस देश की सुरक्षा और विकास हमेशा तीन मुख्य मुद्दों के कारण चुनौती में रहे। इन तीन मुद्दों ने देश की शांति में बाधा डाली, देश की सुरक्षा पर सवाल उठाए और लगभग चार दशकों तक देश की विकास गति को बाधित किया। कई बार तो इनकी वजह से देश की पूरी प्रणाली भी मजाक का विषय बन गई। उन्होंने कहा कि ये तीन मुद्दे थे– जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद जिसने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक का सपना देखा, और उत्तर-पूर्वी उग्रवाद। अगर आप इन तीनों मुद्दों को मिलाकर देखें, तो चार दशकों में इस देश के लगभग 92,000 नागरिकों की जान चली गई। इन तीनों समस्याओं



के समाधान के लिए पहले कभी कोई सुव्यवस्थित प्रयास नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद उन प्रयासों को शुरू किया। शाह ने कहा कि उनके मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान 21 सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि एक तरह से, गृह मंत्रालय के कई कार्यों के विभिन्न पहलुओं को कवर करने का प्रयास किया गया। सबसे पहले, मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं को मजबूत करने के लिए सबसे बड़ा बलिदान दिया। अमित शाह ने कहा कि कई अपराधों के बहु-राज्यीय आयाम होते हैं, जैसे नशीली दवाओं की तस्करी और साइबर अपराध। उन्होंने कहा कि एक तरह से, गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है।

### घोटालों से ध्यान भटकाने के लिए द्रमुक कर रही है भाषा की राजनीति

गृह मंत्री ने तमिलनाडु पर हिन्दी भाषा थोपने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार देश की हर भाषा के प्रचार प्रसार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भाषा के नाम पर जहर घोलने तथा भाषा की आड़ में घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए तमिल भाषा में संवाद करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं दिसम्बर से तमिलनाडु सरकार के साथ तमिल भाषा में ही संवाद करेंगे।



राष्ट्रगान के अपमान को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करतीं पूर्व सीएम राबड़ी देवी।

# राष्ट्रगान के अपमान पर बिहार विधानमंडल में विपक्ष का हंगामा

## सदन में माफी मांगे नीतीश : राबड़ी देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना ।** बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रगान के कथित अपमान को लेकर बवाल मचा है। सड़क से लेकर सदन तक विपक्षी नेताओं ने इसे मुद्दा बनाते हुए सीएम से माफी मांगने को कहा। इसे लेकर बिहार विधान सभा के दोनों सदनों में जमकर विपक्ष द्वारा प्रदर्शन किया गया। विपक्ष के प्रदर्शन को देखते हुए दोनों सदनों को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि उन्होंने कल खेल मैदान में राष्ट्रगान के समय जो हरकत की है, उससे देश का अपमान हुआ है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। विधान परिषद में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी इसे लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को मुख्यमंत्री का राष्ट्रगान के समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री जिस तरह से हाथों को हिला रहे हैं, यह राष्ट्रगान का अपमान है। राबड़ी देवी ने कहा कि सरकार को सदन में और देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान पूरे देश का अपमान है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि नीतीश कुमार ने कैसे राष्ट्रगान का अपमान किया है। राबड़ी देवी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर विपक्ष को सत्ता पक्ष के लोग बोलने नहीं देते हैं।

## टेस्ला कार में तोड़फोड़ करने वालों लोगों को मिलेगी सख्त सजा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को बीस साल तक की जेल हो सकती है। उन्होंने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह एलान किया। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को बीस साल तक की जेल हो सकती है और इसमें फंड देने वाले भी शामिल हैं। यह चेतावनी उन लोगों के लिए भी है जो इस तरह की तोड़फोड़ को बढ़ावा देते हैं। एलन मस्क का कहना है कि इस तरह की हरकतें आतंकवाद जैसी हैं और इन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।







### नीतीश कुमार आज बिहार दिवस महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**पटना। बिहार दिवस को लेकर राजधानी का ऐतिहासिक गांधी मैदान पूरी तरह सजकर तैयार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को 22 से 26 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसकी थीम है- उन्नत बिहार-विकसित बिहार। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, विश्व शांति स्तूप, तख्त श्रीहरिमंदिर पटना साहिब जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की थ्री-डी प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी।**

## बिहार के गांव की सड़कें जून तक गड्ढामुक्त होगा : चौधरी

**पटना।** बिहार विधानसभामें शुक्रवार को राष्ट्रगान को लेकर उत्पन्न गतिरोध, विपक्षी सदस्यों के आसन के सामने शोरशराबे के बीच ग्रामीण कार्य विभाग समेत 11 विभागों का बजट पारित हो गया। सदन को यह भी बताया गया कि 2025-26 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 6 हजार करोड़ की लागत से 2500 बसावटों में तक कुल 5400 किलोमीटर रोड बनाने की तैयारी है। इससे पहले, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने सदन को बताया कि बिहार में 2005 के पूर्व ग्रामीण संपर्कता की स्थिति अत्यंत भयावह थी। तत्कालीन सरकार ने कोई काम नहीं किया था। इस कारण ही बिहार आर्थिक पिछड़ेपन का शिकार हुआ।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जहां आठ हजार किलोमीटर (किमी) ग्रामीण सड़कें थी, वर्तमान में एक लाख 17 हजार 913 किमी हो गई है।

# शेयर बाजार ने लगाया तेजी का पंच

## लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 557 और निफ्टी 165 अंक चढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,905.51 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.75 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक रही। इससे मिडकैप 1.14 प्रतिशत मजबूत होकर 41,831.57 अंक और स्मॉलकैप 2.05 प्रतिशत उछलकर 47,296.81 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल



4162 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2823 में तेजी जबकि 1213 में गिरावट रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि 12 लाल निशान पर रहीं।

बीएसई में धातु और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.79 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, सीडी 0.66, ऊर्जा 1.86, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 1.26, हेल्थकेयर 1.56, इंडस्ट्रियल्स 1.30, आईटी 0.16, दूरसंचार 1.91, यूटिलिटीज 2.11, ऑटो 0.55, बैंकिंग 1.16, कैपिटल गुड्स 1.00, तेल एवं गैस 2.25, पावर 1.07, रियल्टी 0.95, टेक 0.41, सर्विसेज 1.26 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.05 प्रतिशत उछल गए।

बजाज फिनसर्व, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंफोसिस की 1.34 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स अन्य कंपनियों में तेजी रही।

### ये हैं टॉप गेनर्स

इस दौरान मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एनटीपीसी 2.78, बजाज फाइनेंस 2.75, कोटक बैंक 2.41, एक्सिस बैंक 2.13, एलटी 2.03, नेस्ले इंडिया 2.03, सन फार्मा 1.93, टाटा मोटर्स 1.84, आईसीआईसीआई बैंक 1.52, पावरग्रिड 1.41, जोमैटो 1.36, भारती एयरटेल 1.25, अडानी पोर्ट्स 0.98 प्रतिशत शामिल रही।

इनके अलावा रिलायंस 0.62, एशियन पेंट 0.58, आईटीसी 0.52, एसबीआई 0.51, टीसीएस 0.47, एचसीएल टेक 0.44, अल्ट्रासिम्को 0.42, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.34, इंडसइंड बैंक 0.29, एचडीएफसी बैंक 0.14, टेक महिंद्रा 0.06 और मारुति के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

### पटना के हर पार्क में बनेगा गौरेया कुटीर

**पटना।** शहर के सभी पार्क में गौरेया संरक्षित क्षेत्र गौरैया कुटीर का निर्माण किया जाएगा। गौरैया कुटीर का नाम गंगा कुटीर प्रस्तावित किया गया है। इसकी शुरूआत पटना के एस के पुरी पार्क से होगी। इस कुटीर का निर्माण वन एवं पर्यावरण विभाग की तरफ से कराया जाएगा। गौरैया को संरक्षित करने के लिए यह व्यापक पहल विभाग के स्तर से शुरू की गई है। विभाग के पटना प्रमंडलीय वन संरक्षक सत्यजीत कुमार ने इस योजना की घोषणा करते हुए पूरी जानकारी दी है। पटना प्रमंडलीय वन संरक्षक सत्यजीत कुमार ने कहा कि गौरैया संरक्षण पर वन विभाग जल्द ही एक्शन प्लान जारी कर रहा है, जिसे गौरैयाविद् संजय कुमार ने तैयार किया है। इस छोटी पक्षी के संरक्षण को लेकर और भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सत्यजीत कुमार ने बताया कि हमारी गौरैया और पर्यावरण वॉरियर्स (संरक्षक) की टीम लगातार अपने प्रयासों से गौरैया की वापसी करने में लगी हुई है। शहर के हर पार्क में मिट्टी के छोटे- छोटे घर बनाए जाएंगे।







# स्पीड न्यूज

### 'टॉक्सिक' के लिए कियारा आडवाणी को मिला 15 करोड़



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने खुद को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा मांग वाली अभिनेत्रियों में शामिल कर लिया है। कियारा अपनी आने वाली फिल्म टॉक्सिक के साथ, भारतीय सिनेमा की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 15 करोड़ की फीस मिली है। यह उनकी करियर की एक बड़ी उपलब्धि है, जो न सिर्फ उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि उन्हें देश के टॉप-एक्टर्स की एलीट लीग में भी शामिल कर देती है। अब वह 15 करोड़ की फीस के साथ सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री बन गई हैं, जिससे वह प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण जैसी सुपरस्टार्स की बराबरी कर रही हैं।

### पाकिस्तान में 10 आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार की रात सेना की कार्रवाई में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गये। आईएसपीआर के अनुसार क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना ने अभियान शुरू किया था। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने ठिकाने को घेर लिया और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में 10 आतंकवादी मारे गये।

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने व्यापक अभियान चला कर बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, लमसांग थाना क्षेत्रके अपुनलोक कैनाल (कांगचुप और सिंगदा कडंगबंद के बीच) में तलाशी के दौरान एक एसएलआर रायफल, एक पिस्तौल, 10 कारतूस, दो एचई ग्रेनेड , दो मिलिट्री हेलमेट और दो बुलेटप्रूफ जैकेट बरामद किए।

### प्रवेश वर्मा ने इंजीनियर को किया निलंबित

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में दौरे के दौरान कामों में खामियां दिखने पर कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) को निलंबित करने का आदेश दिया। श्री वर्मा ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में नालों और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई खामियां दिखीं, जिन पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताई और उन्होंने यहां के कार्यकारी अभियंता को निलंबित करने का आदेश दिया।

### पटना में कुख्यात अपराधी सोनु कुमार गिरफ्तार

**पटना।** कुख्यात अपराधी सोनु कुमार को पुलिस ने मनेर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। एसपी (पश्चिम), पटना शरत आर. एस ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार की देर रात सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी सोनु कुमार मनेर के सोनमरवा में अपने कुछ साथियों के साथ आया हुआ है। इस सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और उक्त ठिकाने पर छापेमारी की गयी। पुलिस को देखते हीं अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। गोली लगने से सोनु कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।